तृतीयं चंद्रघंटा



लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्ष: 15 | अंक: 178 | मूल्य: ₹ 3.00/- | पेज : 12 | गुरुवार | 11 अप्रैल, 2024

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper


देवी दुर्गा अपने तीसरे स्वरूप में चंद्रघंटा के नाम से जानी जाती हैं। उनका यह रूप उस मां का प्रतीक है जो अपने परिवार को हर तरह की बुराइयों से बचाती है। इतना ही नहीं यह रूप उस मां का भी प्रतीक है जो अपने बच्चों को साहसी बनाती है।



### मेरठ की रैली में गरजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बोले

# निर्दोषों को छेड़ा तो मिट्टी भी नसीब नहीं होगी

## जिनकी गर्मी हम शांत कर चुके हैं, वो गये काम से, उन्हें दोबारा गर्म मत होने देना



#### दिल्ली के लोग रहना चाहते हैं मेरठ

योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजीव बालियान के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते हुए कहा कि मेरठ आज 12 लेन के एक्सप्रेसवे के साथ सीधे दिल्ली से जुड़ गया है। अब मेरठ के लोग दिल्ली में नहीं दिल्ली के लोग मेरठ, सरधना और मुजफ्फरनगर में रहना चाहते हैं। पहले जिस दूरी को तय करने में 5 घंटे लगते थे अब उसे 1 घंटे में पूरा किया जाता है। यही नहीं 32 हजार करोड़ रुपए से रैपिड रेल सेवा से मेरठ को जोड़ा जा चुका है। आज उत्तर प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेजर ध्यानचंद के नाम पर इसी विधानसभा में बन रही है।

#### पश्चिमी यूपी में परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा

सीएम योगी ने कहा कि पश्चिमी यूपी में परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने विपक्षियों पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां जो लोग गुमराह करने आ रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने संगीत सोम और संजीव बालियान को जेल में डाल के यहां की जनता को कर्फ्यू में झोंकने का काम किया था। दंगा पॉलिसी चलाने वालों ने यहां के युवाओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करके उनके जीवन को निगलने की कोशिश की थी, हमें उन्हें माफ नहीं करना है।

#### सरधना वीरों की भूमि

सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने कर्फ्यू लगा के इस क्षेत्र में बहन बेटियों की इज्जत को नीलाम करने का काम किया था, उन्हें फिर से पनपने का अवसर नहीं देना है। वे पहले दुम दबाकर आएंगे, बाद में गिरेबान पकड़कर अव्यवस्था और अराजकता को अंजाम देंगे। सरधना वीरों की भूमि है, वीरता कभी कायरता नहीं दिखाती। जाति के सौदागर पहले आपका उपयोग करेंगे बाद में सौदेबाजी करके गायब हो जाएंगे। इस देश के राष्ट्रधर्म पर जब भी खतरा आया है, इन्हीं लोगों के कारण आया है।

#### ...तो मिट्टी भी नहीं मिल पाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई माई का लाल आपका बाल भी बांका नहीं कर सकता, क्योंकि सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था कर दी गई है। आज बड़े बड़े माफिया और आतंकवादियों की कैसी दुर्गति हो रही है, सबको पता है। पहले जिनके नाम से ही कर्फ्यू लग जाया करता था, आज उनकी स्थिति हर कोई जानता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार के दौरान एक दुर्दांत माफिया ऐसा था, जो चलता था तो मुख्यमंत्री हों या मुख्य न्यायाधीश, इन सबके काफिले रुक जाते थे और केवल उसका काफिला निकलता था। मगर जब हमने रगड़कर उसे कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया तो उसकी पैंट गीली हो गई थी। तब हमने उसे कहा था कि कानून को रौंदने वाले कानून कितना बड़ा है, ये अहसास हो रहा है कि नहीं। निर्दोष लोगों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिल पाएगी।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया, प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, बीजेपी जिलाध्यक्ष (मेरठ) शिवकुमार राणा, (मुजफ्फरनगर) सुधीर सैनी, पूर्व विधायक संगीत सोम, विक्रम सैनी, जिला प्रभारी मयंक गोयल सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

- भारत के लिए विकसित मुजफ्फरनगर और विकसित मेरठ भी चाहिए: सीएम योगी
- जिस माफिया के नाम से लगता था कर्फ्यू, हमारे शासन में उसकी हो गई थी पैंट गीली
- अच्छा नेतृत्व देश को बुलंदियों पर ले जाता है, गलत नेतृत्व दरिद्रता लाता है: मुख्यमंत्री

#### इशारों-इशारों में ठाकुरों को मनाते दिखे योगी

- सीएम योगी ने अपने संबोधन में इशारों में ही क्षत्रियों को उनका राजधर्म समझाते हुए आपसी कलह दूर करने की बात कह दी। सीएम योगी ने कहा कि सरधना तो वीरों की भूमि है। वीरता कभी कायरता नहीं दिखाती वो साहस से सामना करती है।
- इसलिए मैं यहां आया हूं। मैं राजस्थान, महाराष्ट्र गया अभी जम्मू कश्मीर से आया हूं। मुझे और जगह भी जाना था लेकिन मैं इसलिए यहां आपसे मिलने की जो लोग गुमराह कर रहे हैं वो दोबारा नहीं आएंगे।
- ये चार दिन के सौदागर हैं हमें किसी भी ऐसे व्यक्ति के बहकावे में नहीं आना है। योगी ने कहा कि इन्हीं लोगों के कारण देश पर हमेशा खतरा आया है। इन लोगों ने देश की एकता को जातीयता की बात कहकर छिन्न भिन्न किया है। सीएम ने कहा कि कोई मां का लाल सुरक्षा की दृष्टि से देश का बाल बांका नहीं कर सकता है।

जन एक्सप्रेस | मेरठ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि निर्दोषों को मारा तो मिट्टी भी नसीब नहीं होगी। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से अपील की कि पश्चिमी यूपी में जिन लोगों की गर्मी शांत कर दी गई है, उन्हें दोबारा गर्म नहीं होने देना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छा नेतृत्व देश को जहां बुलंदियों पर ले जाता है वहीं गलत हाथों में सत्ता देने से दरिद्रता आती है। योगी ने पाकिस्तान का उदाहरण देते हुए कहा कि एक तरफ भारत पिछले चार साल से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सौगात दे रहा है तो वहीं पाकिस्तान कटोरा लेकर दुनियाभर में भीख मांग रहा है। पाकिस्तान की ये हालत उसके नेताओं के कारण हुई है।

> “ विकसित भारत के लिए विकसित मुजफ्फरनगर और विकसित मेरठ भी चाहिए। ये तभी विकसित होंगे जब पीएम मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर देंगे।
> –योगी आदित्यनाथ, सीएम

# कसीदे काम न आए...राजनैतिक पंडितों ने बिगाड़ा राजा का खेल!

- भाजपा के कसीदे पढ़ने के बावजूद नहीं मिली राजा भैया की पार्टी को जगह
- सत्तारूढ़ पार्टी से राजा भैया को बड़ा झटका, जिले में फिर चढ़ा सियासी पारा
- भाजपा सांसद विनोद सोनकर कौशांबी से तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी





**बड़ा सवाल!**

क्या अपनी पार्टी की साख बचाने के लिए राजा भैया करेंगे बीजेपी प्रत्याशी का प्रचार?

जन एक्सप्रेस | विश्वामित्र पांडेय

**प्रतापगढ़/लखनऊ।** अपनी मूल अवधारणा के विपरीत होने के बाद कोई पहले जैसा रह जाए यह कैसे हो सकता है। कुछ ऐसा ही हाल हुआ प्रतापगढ़ के कुंडा विधानसभा से विधायक राजा भैया का। कभी आरक्षण के धुर विरोधी और हिंदुत्व के प्रबल पोषक रहे प्रतापगढ़ की कुंडा विधानसभा के विधायक व जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह का कभी सपा की ओर झुकाव रहा तो कभी योगी और मोदी के कसीदे पढ़ते रहे लेकिन मानो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने बुधवार को कौशांबी लोकसभा सीट से विनोद सोनकर को पुनः प्रत्याशी घोषित कर रघुराज प्रताप सिंह की मंशा पर पानी फेर दिया हो। सूत्रों की मानें तो जहां एक तरफ विनोद सोनकर को बीजेपी द्वारा कौशांबी से पुनः प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है वहीं दूसरी ओर प्रतापगढ़ लोकसभा सीट हाथ से निकलने के बाद कौशांबी लोकसभा सीट पर भाजपा से गठबंधन की आस लगाए जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया को फिर से निराशा हाथ लगी।

#### भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने विनोद सोनकर पर दोबारा जताया भरोसा

कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में शामिल प्रतापगढ़ की कुंडा और बाबागंज विधानसभा क्षेत्र पर राजा भैया की पार्टी के विधायक हैं जबकि प्रतापगढ़ लोकसभा सीट या कौशांबी लोकसभा सीट पर राजा भैया के दल के प्रत्याशी को बीजेपी गठबंधन से प्रत्याशी बनाने की अटकलें चल रही थी। राज्य सभा सदस्य के चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम राजा भैया से मिलने पहुंचे, ठीक उसी के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी राजा भैया के आवास पर राज्यसभा चुनाव के लिए सहयोग मांगने पहुंचे। राजा भैया की पार्टी के दोनो वोट सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी को मिले। राज्यसभा में समर्थन के बाद जनसत्ता दल लोकतांत्रिक से भाजपा के चुनावी तालमेल की अटकलों तेज हो गई थी लेकिन बुधवार को भाजपा नेतृत्व ने कौशांबी सीट पर प्रत्याशी घोषित करके हर अफवाहों और अटकलों पर विराम लगा दिया है। जानकारों की माने तो राजा भैया व वर्तमान सांसद विनोद सोनकर का स्थानीय राजनीति में छत्तीस का आंकड़ा बताया जाता है।

#### फिलहाल राजा भैया की पार्टी के सामने खड़ा है सियासी धर्म संकट

जनपद प्रतापगढ़ में अपना खासा रसूख रखने वाले कुछ जनप्रतिनिधियों के राजनैतिक भविष्य पर भी तलवार लटकने के कयास लगाए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो बीजेपी द्वारा वर्तमान सांसद विनोद सोनकर को पुनः लोकसभा प्रत्याशी बनाया जाना कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह को बीजेपी द्वारा गहरी चोट मानी जा रही है। कुछ राजनैतिक लोगों द्वारा ऐसा कयास भी लगाया जा रहा है कि जिले में अरबपति बन चुके पक्ष विपक्ष के कई नेताओं पर जल्द ही ईडी और सीबीआई द्वारा शिकंजा कसा जा सकता है। फिलहाल प्रतापगढ़ में राजनैतिक सरगर्मी बढ़ गई है अब एक प्रश्न चर्चा का विषय बना है कि क्या लोकसभा चुनाव में प्रतापगढ़ और कौशांबी से जनसत्ता दल अपना प्रत्याशी उतारेगी या फिर राजा भैया चुनाव में अपने प्रबल राजनैतिक विरोधी के साथ होंगे।

## ईद से चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगी मायावती, आज नागपुर में पहली रैली, मुस्लिम वोट बैंक निशाने पर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुस्लिम वोट बैंक को अपने पाले में करने की कवायद में जुटीं बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ईद से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गढ़ माने जाने वाले नागपुर को चुना है। मायावती बृहस्पतिवार को नागपुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रैली करने जा रही हैं। वहीं आगामी 15 अप्रैल को उनकी पीलीभीत में रैली प्रस्तावित है। बता दें कि बसपा सुप्रीमो ने अभी तक यूपी में चुनाव प्रचार अभियान की कमान अपने भतीजे एवं पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद को सौंप रखी थी, जो अब तक तीन रैलियां कर चुके हैं। चुनाव के पहले चरण के मतदान में महज नौ दिन बाकी होने के बावजूद मायावती के खुद प्रचार शुरू नही करने को लेकर तमाम अटकलें भी लग रही थीं। बसपा सुप्रीमो ने ईद से अपने प्रचार अभियान का आगाज करने का फैसला लेकर इन अटकलों पर विराम लगा दिया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बसपा सुप्रीमो की 13 अप्रैल को रुड़की और 15 मार्च को पीलीभीत में रैली प्रस्तावित है।

**बधाई-अवकाश सूचना**



ईद-उल-फितर के मौके पर सभी हॉकर साथियों, पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं, इस अवसर पर दिनांक 11 अप्रैल को जन एक्सप्रेस के कार्यालय एवं प्रेस में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 13 अप्रैल को प्रकाशित होगा।
– संपादक

## ईद आज: यूपी में 37,018 जगहों पर होगी नमाज

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के 37,018 ईदगाहों व मस्जिदों में बृहस्पतिवार को ईद की नमाज अदा की जाएगी। प्रदेश पुलिस ने ईद के दृष्टिगत सभी जिलों में 2912 संवेदनशील स्थान एवं हॉट स्पाट्स को चिह्नित कर जोन एवं सेक्टर स्कीम के तहत पुलिस बल की तैनाती की गयी है। शांतिपूर्ण तरीके से ईद का पर्व संपन्न कराने के लिए 481 कंपनी पुलिस बल मुहैया कराया गया है, जिसमें 241 कंपनी पीएसी, 3 कंपनी एसडीआरएफ, 8 कंपनी एसएसएफ तथा 229 कंपनी सीएपीएफ शामिल है। नमाज स्थलों के आसपास तथा संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे तथा हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी पैनी निगाह रखी जा रही है। इसके अलावा यूपी 112 के 4800 पीआरवी वाहनों को भी सक्रिय किया गया है। सभी जिलों में पीस कमेटियों, धर्मगुरुओं, धर्म स्थलों के प्रबंधकों, संभ्रांत व्यक्तियों, पुलिस मित्र तथा सिविल डिफेंस के साथ संवाद स्थापित करते हुए 2403 गोष्ठियां की गयी हैं। जिसमें कोई गैर परंपरागत आयोजन नहीं करने तथा सार्वजनिक मार्ग बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन नहीं करने को कहा गया है।

#### 2912 संवेदनशील स्थल चिह्नित, 481 कंपनी सुरक्षा बल तैनात

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि सभी जिलों में दंगा नियंत्रण योजना का पूर्वाभ्यास कराया गया है। क्यूआरटी टीमों को दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, टियर गैस गन, एंटी रायट गन, वाटर कैनन व वज्र वाहनों के साथ चिह्नित ब्लैक स्पाट्स और स्ट्रैटजिक प्वाइंट्स पर तैनात करते हुए राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में निरंतर फ्लैग मार्च और रूट मार्च कराया जा रहा है। सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की टीमें बाडीवार्न कैमरे एवं वायनाकूलर के साथ तैनात की गयी हैं।

**रिपोर्ट** अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की मूर्ति का 'सूर्याभिषेक' राम नवमी (17 अप्रैल) को किया जाएगा

# पूरी है तैयारी, अब रामलला के 'सूर्य तिलक' की बारी

- इस उद्देश्य के लिए स्थापित ऑप्टोमैकेनिकल प्रणाली के परीक्षण सफल रहे हैं
- सूर्य की किरणें लगातार चार मिनट तक राम लला के चेहरे को रोशन करेंगी
- सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट रूड़की और एक अन्य संस्थान के वैज्ञानिकों की टीमें इस काम में लगी हुई हैं



जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर में राम लला की मूर्ति का 'सूर्याभिषेक' राम नवमी (17 अप्रैल) को किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए स्थापित ऑप्टोमैकेनिकल प्रणाली के परीक्षण सफल रहे हैं। मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी के अनुसार 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें राम लला की मूर्ति के माथे के केंद्र पर पड़े यह सुनिश्चित करने के लिए दैनिक परीक्षण अभी भी आयोजित किए जाएंगे। ÷सूर्य की किरणें लगातार चार मिनट तक राम लला के चेहरे को रोशन करेंगी। ट्रस्ट के एक अधिकारी ने कहा, सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीबीआरआई), रूड़की और एक अन्य संस्थान के वैज्ञानिकों की टीमें इस काम में लगी हुई हैं।

#### गर्भगृह में सीधे सूर्य के प्रकाश के प्रवेश का कोई रास्ता नहीं

चूंकि मंदिर के 'गर्भ गृह' या गर्भगृह जहां मूर्ति रखी गई है, वहां सीधे सूर्य के प्रकाश के प्रवेश का कोई रास्ता नहीं है, दर्पण और लेंस के माध्यम से मूर्ति के माथे पर सूर्य की किरणें डालने के लिए ऑप्टोमैकेनिकल उपकरण स्थापित किया गया था।

#### हर साल राम नवमी के दिन मूर्ति का 'सूर्य तिलक' किया जाएगा

ऑप्टोमैकेनिकल प्रणाली के साथ, दिशा में परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए दर्पण और लेंस में मामूली बदलाव के साथ हर साल राम नवमी के दिन मूर्ति का 'सूर्य तिलक' किया जाएगा।

#### दूरदर्शन पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करने की व्यवस्था की जा रही

जहां वैज्ञानिक लगभग 4 मिनट तक चलने वाले 'सूर्य तिलक' की तैयारी में व्यस्त हैं, वहीं ट्रस्ट के अधिकारियों ने कहा कि माथे पर लगभग 2-2.5 मिनट तक तेज रोशनी रहेगी और बाकी समय के लिए फीकी रोशनी रहेगी। साथ ही, दूरदर्शन पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करने की व्यवस्था की जा रही है, जबकि पूरे अयोध्या में लगभग 100 स्थानों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी।




# बी.एससी. नर्सिंग की छात्राओं ने मुस्कान इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर पर लगाया ठगी का आरोप

**छात्राओं ने डीएम को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार**

जन एक्सप्रेस । उरई

जालौन रोड स्थित मुस्कान इंस्टीट्यूट आफ स्टडी के डायरेक्टर, चीफ प्रोडक्टर तथा संस्थापक के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए। छात्रों का कहना है कि इंस्टीट्यूट द्वारा उनसे फर्जीवाड़ा किया गया। साथ ही एडमिशन के नाम पर हजारों रुपए लेने के बावजूद भी उनकी परीक्षा नहीं कराई और उनके साथ धोखाधड़ी की। जिसकी शिकायत लेकर छात्राएं उरई के कलेक्ट्रेट पहुंची और जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

उरई के मोहल्ला नया राजेंद्र नगर की रहने वाली राखी पुत्री स्वर्गीय राहुल देव तथा कोंच कोतवाली के ग्राम भेंड़ की रहने वाली निशि पुत्री सत्य प्रकाश ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 2022 में दोनों ने उरई के जालौन रोड



स्थित मुस्कान इंस्टीट्यूट ऑफ स्टडी में बीएससी नर्सिंग में प्रवेश लिया था। इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ अंकुर शुक्ला ने आश्वासन दिया था कि बीएससी नर्सिंग में प्रवेश लेने से उनको बहुत लाभ मिलेगा और उन्होंनेकुल फीस प्रति सेमेस्टर 65000 साथ ही प्रैक्टिकल व परीक्षा फीस अलग से देने के लिए कहा था। लेकिन जब उनसे कहा कि वह है इतनी फीस नहीं दे सकती है, तो उन्होंने फीस किस्तों में देने के लिए कहा था जिसके बाद2022-23 में बीएससी नर्सिंग कोर्स में प्रवेश लिया और 17.08.2022 को फीस रू.5000 की किस्त जमा की साथ ही प्रतिदिन अध्ययन हेतुइंस्टिट्यूट जाने लगी 1 सितंबर 2022 को फिर रू.10000 16 नवंबर 2022 को 501 फरवरी 2023 को 502 20 मार्च 2023 को 5000 तथा 3 जून को रू.3000 14अगस्त 2023 को रू.7000 और 15 सितंबर को रू.5000 जमा किया इसके बाद इंस्टिट्यूट संचालक से प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा करने की बात कही। लेकिन इंस्टिट्यूट संचालक द्वारा परीक्षा हेतु रू.10000 और मांगे गएजिस पर 17 सितंबर 2023 को 9475 रुपए इंस्टीट्यूट में जमा किया। फिर भी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नहीं कराई गई इस मामले में छात्र राखी ने बताया कि प्रार्थना ने जब प्रथम सेमेस्टर की पूरी फीस जमा करने के बाद परीक्षा कराने के लिए डॉक्टर अंकुर शुक्ला से कहा तो उन्होंने अन्य लड़कियों को उत्तराखंड एक होटल में ले गए।

जहां बिना कोई प्रवेश पत्र के फर्जी परीक्षा 18 सितंबर 2023 से 24 सितंबर 2023 के बीच डिवाइन कॉलेज आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस में कर दी और कहां की घर पर अपने गार्जियन को यह बात नहीं बताना नहीं तो तुम्हारे साथ बुरा होगा। उक्त लोगों ने प्रार्थना व परिवार पर दबाव बनाया और धमकी विधि अगर रुपया मांगा और पुलिस से शिकायत की। तो इसका अंजाम भुगतना होगा और उक्त लोगों ने फर्जी परीक्षा डिकर रुपए ठग लिए, जिसकी कई छात्राएं शिकार हुई हैं। जिलाधिकारी से राखी और शिवानी ने निशि ने इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉक्टर अंकुर शुक्ला व संस्थापक देवेंद्र शुक्ला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## पिता की डांट से पुत्र ने कुएं में लगाई छलांग, डूबकर मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार क्षेत्र के ग्राम छोटी मड़ैयां में मंगलवार की देर शाम पिता की डांट से पुत्र ने कुएं में छलांग लगा दी। जिसकी डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी मड़ैयां निवासी नीरज पाल 20 वर्ष का मंगलवार की शाम मकान निर्माण के दौरान हाथ बटाने को लेकर अपने पिता से विवाद हो गया था। तभी पिता ने पुत्र नीरज को डांट लगा दी। जिससे क्षुब्ध होकर पुत्र ने जान गंवाने का प्रयास किया और गांव के बाहर बने कुएं में छलांग लगा दी। घटना देखकर गांव में अफरातफरी मच गई। मौजूद ग्रामीणों ने कुएं में कूदे युवक को किसी तरह बाहर निकालने का प्रयास करते हुए पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और युवक को कुएं से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक युवक की उसमें डूबने से मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एमपी से लाई जा रही भारी मात्रा में नकली शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**एसओजी, सर्विलांस व पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता, एएसपी ने किया खुलासा**

जन एक्सप्रेस । उरई

एसओजी, सर्विलांस और पुलिस की संयुक्त टीम ने एमपी से लाई जा रही भारी मात्रा में नकली शराब को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं मौके से तीन शराब तस्करों को भी दबोच लिया है।

खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर एसओजी, सर्विलांस और पुलिस मध्य प्रदेश के लहार, भिंड बॉर्डर पर बेरीकेट लगाकर चेकिंग अभियान चला रही थी। जिससे कोई भी आपत्तिजनक सामान जनपद में प्रवेश न हो सके और लोकसभा चुनाव प्रभावित न हो सके। जब पुलिस टीम चेकिंग अभियान कर रही थी। तभी एक बिना नंबर प्लेट की डैटसन गो गाड़ी बैरिकेड को पार करते हुए जाने लगी। जिसे पुलिस टीम ने रोका और उसकी चेकिंग की तो उस गाड़ी में तीन लोग बैठे हुए थे। जब पुलिस टीम ने गाड़ी को चैक किया तो उसमें नकली शराब बनाने की सामग्री



बरामद हुई। जिसमें 80 लीटर स्प्रिट, 10 लीटर नकली शराब, 700 ग्राम नौशादर, 14 डिब्बी कलर, बरामद हुआ। जो नकली शराब बनाने में प्रयोग किया जाना था। इस दौरान पुलिस ने पवन कुमार पुत्र गजेंद्र सिंह तोमर निवासी रूपापुर थाना गोहन, शशिकांत दुबे उर्फ दीपू पुत्र स्व. सुरेश चंद द्विवेदी निवासी रणधीरपुर थाना कुठौंद व देवेंद्र सिंह राजावत पुत्र अभिलाष सिंह ग्राम व थाना गोहन को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की तो बताया गया कि सभी लोग नकली शराब बनाने का काम करते हैं और यह सामान वीर सिंह पुत्र रामकेश अहिरवार से लिया था। जो मध्य प्रदेश के एकांत जगह में रह रहा है और लोकसभा चुनाव के दौरान शराब बनाकर इसकी बिक्री की जानी थी। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

मंगलवार देर रात हुए हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से सोरांव से अपने घर बाकरगंज थाना थरवई जा रहे थे। गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल दोनों युवकों की मौके पर ही मौक हो गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

थरवई थाना क्षेत्र के बाकरगंज गांव के सामने हंडिया-कोखराज हाईवे पर मंगलवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा इतना जबर्दस्त था कि दोनों वाहन की टक्कर लगने के बाद दूर जा गिरे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद घटना की खबर परिजनों को दी।

थरवई थाना क्षेत्र के मलाकमय भैसाही गांव निवासी अमित कुमार विश्वकर्मा (35) गांव के ही दीपक कन्नौजिया पुत्र मुन्नीलाल के साथ सोरांव से बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। बाकरगंज गांव के सामने हाईवे पर रेलवे ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी की दोनों छिटककर दूर जा गिरे।

राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची तो दोनों की सांसें थम चुकी थीं। पुलिस की सूचना पर रोते-बिलखते परिजन पहुंच गए।

# संयुक्त टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे से हटवाया अतिक्रमण, अवैध कब्जों से मुक्त हुई सरकारी जमीन

जन एक्सप्रेस । कालपी

जिला प्रशासन के निर्देशन पर एसडीएम के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने सरकारी जमीनों से अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाकर भूमि को अवैध कब्जेधारकों से मुक्त कराया।

बुधवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, उपवन संरक्षक प्रति यादव, कोतवाल कामता प्रसाद, एसएसआई राजेश सिंह, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एजीएम इंजी. गणेशन आदि के साथ कालपी नगर से लेकर जोल्हूपुर मोड़ तक हाइवे के किनारे दोनो तरफ फैले अतिक्रमण स्थाई एवं अस्थाई अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही की गई। कई



स्थानों से जेसीबी मशीन से अवैध कब्जों को ध्वस्त कराया गया। संयुक्त टीम की रडार में गल्ला मंडी के इर्दगिर्द के होटल, ढाबों, गल्ले की फुटकर दुकानें भी आई है। अतिक्रमण विरोधी अभियान की खबर को सुनकर कब्जेधारकों में हड़कम्प मच गया तथा अपना-अपना सामान व अतिक्रमण हटाने में जुट गए। उपजिलाधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण अभियान चलाया गया है। अगर कोई अतिक्रमण करता पाया जाता है। तो शिकायत मिलने पर उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एनएचएआई के एजीएम ने बताया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान बराबर चलता रहेगा।

# भंडाफोड़: कौशाम्बी में असलहों का जखीरा बरामद

जन एक्सप्रेस । कौशाम्बी

एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि महेवाघाट इलाके भवनसुरी यमुना नदी कछार में एक धर्मकांटा कई सालों से बंद चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि इसमें अवैध असलहा फैक्टरी संचालित हो रहा है।

महेवाघाट थाना क्षेत्र में बंद धर्मकांटा के परिसर में चल रहे अवैध असलहा फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ है। मुखबिर की सूचना पर एसऔजी और महेवाघाट पुलिस ने छापेमारी कर असलहों का जखीरा बरामद किया है। फैक्टरी संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार संचालक हिस्ट्रीशीटर है और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की है।

एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि महेवाघाट इलाके भवनसुरी यमुना नदी कछार में एक धर्मकांटा कई सालों से बंद चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि इसमें अवैध असलहा फैक्टरी संचालित हो रहा है। पुलिस और एसओजी की टीम ने छापेमारी की तो यहां से 11 निर्मित असलहे, दो अर्धनिर्मित असलहे समेत कारतूस और शस्त्र बनाने के उपकरण मिले। मौके पर 25 हजार के इनामी अंतरजनपदीय गोतस्कर समीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## आत्महत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तरकहवा पुरवा मजरा भौंरी गांव की रेप पीड़िता ने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली है। सुसाइड नोट में पीड़िता ने ग्राम प्रधान के बेटे को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने इस मामले में नामजद मां बेटे को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 9 अप्रैल 2024 को रैपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम तरकहवा पुरवा मजरा भौंरी में एक युवती द्वारा आत्महत्या कर ली गयी थी। जिसमें मृतका के पिता की तहरीर पर थाना रैपुरा में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेकर क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगायी गयी। थाना रैपुरा में नियुक्त उप निरीक्षक दिनेश पाण्डेय ने पुलिस टीम के साथ मुकदमें के नामजद आरोपी तरकहवा पुरवा मजरा भौंरी निवासी अखिल व सत्यभामा को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ से न्यायालय द्वारा आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# डीएम ने किया देवांगना घाटी तक सड़क चौड़ीकरण का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को पटेल तिराहा कर्वी से देवांगना घाटी तक सड़क चैड़ीकरण मार्ग निर्माण का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ से कहा कि सड़क के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से कराया जाए। इस पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि इस सड़क मार्ग में तीन पुलियों के निर्माण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। विद्युत तार एवं पोल न हटाने के कारण सड़क मार्ग के कार्य में तेजी नहीं आ रही है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक कुमार को निर्देश दिए कि तत्काल विद्युत पोल एवं विद्युत लाइन को शिफ्ट कराया जाए ताकि सड़क निर्माण कार्य को तेजी से कराया जा सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि सड़क चौड़ीकरण में जिन किसानों की भूमि पड़ रही है, उन किसानों से संपर्क कर निस्तारण कराया जाए।

## सरकार के नये नियम के विरोध में गल्ला मंडी रही बन्द

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** केन्द्र सरकार के नये फरमान को दोषपूर्ण बताते हुये गल्ला व्यापारियों ने कालपी की गल्ला मण्डी बन्द रखा गया तथा कृषि उत्पादन मण्डी समिति के अधिकारियों को ज्ञापन सौप कर बिरोध दर्ज कराया। वुधवार को गल्ला व्यापार मण्डल मण्डी समिति कालपी के परिसर में संगठन के अध्यक्ष गौतम सिंह की अध्यक्षता में गल्ला व्यापारियों ने एक बैठक में अवगत कराया कि शासन द्वारा कृषि उत्पाद (गेंहू चना मसूर लाही) केवल सरकारी केन्द्रों पर तौला जाए। इस पक्षपाती निर्णय के बिरोध में जनपद जालौन की मंडिया बिरोध स्वरूप बन्दी पर रही है। कालपी गल्ला मण्डी में एक दिवसीय बुधवार को बन्द रही। मंडी की दुकानों के बंद होने से व्यापारियों के अलावा किसान तथा पल्लेदार भी परेशान रहे। गौतम सिंह यादव (शिशु) शिवराम सिंह यादव राकेश सिंह कुमार पुरवार उमेश कुमार पाल बिनीत बाजपेई अमित प्रमोद दुबे सुरेश सिंह मलखान पवन पुरवार राम कुमार यादव रमेश कुमार गुप्ता रूप सिंह मुखिया महमूद खां, आसिफ सहित तमाम गल्ला व्यापारियों की मौजूदगी रही।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट

जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता बढ़ाने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने, विशेष कर महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तहसील सभागार मानिकपुर में तहसीलदार मानिकपुर की अध्यक्षता में आंगनबाडी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं को निर्देशित किया गया कि वह अपने क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की प्रतिनिधि बनकर जाएं एवं प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही दस्तक अभियान में जब वह आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री साथ में घर-घर भ्रमण पर जाएंगी, तब वह अपने विभागीय कार्य के साथ ही सभी महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने लिए प्रेरित करने का कार्य करें। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व पुरुषों को मतदाता शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया एवं मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। इस मौके पर तहसीलदार मानिकपुर अखिलेश कुमार गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी डी विश्वकर्मा, सीडीपीओ अनुज प्रताप सिंह, सीडीपीओ बी एल गुप्ता, प्रभारी चिकित्साधिकारी मनीष यादव, नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

## हाईटेंशन लाइन की चिंगारी ने दो बीघा फसल तबाह

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा कस्बे में हाई टेंशन लाइन में हुए फाल्ट के चलते निकली चिंगारी ने कहर ढा दिया। जिसमें गरीब किसान के दो बीघा खेत में खड़ी पकी फसल जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई। कस्बा आटा निवासी हरिपाल अहिरवार पुत्र हरचरण अहिरवार आटा मौजा में चार बीघा खेत मे गेहूं की फसल बोई थी। सालों की मेहनत के बाद जब फसल पक चुकी और उसे काटने का समय आ गया था। लेकिन मंगलवार की देर रात खेत से निकली एचटी लाइन में फॉल्ट हो गया, और उसकी चिंगारी फसल में छूते ही आग लग गई। पकी खड़ी फसल में लगी आग देखकर किसानों में हड़कंप मच गया और उन्होंने सूचना किसान हरिपाल को दी। फसल जलने की खबर मिलते ही फसल देख वह बेहोस हो गया। वहीं सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक तक दो बीघा फसल जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित किसान का कहना है कि उसने गरीबों के हाल में कर्ज लेकर फसल हुई थी। फिलहाल दमकल कर्मियों की सक्रियता के चलते आसपास के खेत सुरक्षित बच गए।

# भगवान की प्राप्त की मार्ग है सत्संग: महाराज

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

परमहंस संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में अरविंद भाई मफत लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय राम कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

महाराज ने प्रभु की कथा का महत्त्व बताते हुए कहा कि जीव तब तक सुखी नही हो पाता जब तक अपने अंशीय ईश्वर को प्राप्त कर नही लेता। मानव जीवन केवल इन्हीं अंशिय की प्राप्ति के लिए मिला है। नदियों की दौड़ तब तक है, जब तक समुद्र को पा नही लेती। समुद्र को पाते ही वह विश्राम को पा लेती है। ऐसे ही जीव



की दौड़ तब तक है जब तक अपने प्राण जीवन धन अपने प्राण प्रीतम प्रभु को पा नही लेता। इसी प्रभु की प्राप्ति के लिए मूलभूत स्वरूप में सत्संग है। जीवन मुक्त महापुरुष भागवत प्राप्ति की पश्चात भी सत्संग से उपराम नहीं होते। उन्होंने कहा कि हनुमान, गरुण आदि नित्य मुक्त महापुरुष स्वयं भगवान शिव आदि भी भगवान की अनुपम कथा से अपने को उप्राव नहीं चाहते।

# मतदाता जागरूकता मैराथन के जरिए मतदाताओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 मतदान 20 मई को युवा मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यालय के धनुष चैराहा से बुधवार को मतदाता जागरूकता मैराथन को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ मुख्यालय के धनुष चैराहा से प्रारम्भ होकर जिला स्टेडियम में समाप्त हुई। जहाँ पर सभी को मतदाता शपथ दिलाते हुए संकल्प लिया गया कि 20 मई को जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी मतदान करने के लिए अपने बूथों में अवश्य जाएंगे। साथ ही अपने घर, परिवार, रिश्तेदार व पड़ोस में रहने वाले हर मतदाता को मत के महत्ता को बताते हुए मतदान के लिये प्रेरित करेंगें। खासकर उन युवाओं को जो प्रथम बार मतदाता बने है, वह




अपने इस अमूल्य मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही यह भी बताना है कि यदि कोई युवा जिसकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो गई है और वह अपना नाम मतदाता सूची में नही पंजीकृत करा पाएं हो वह अभी भी अपना नाम वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या फिर बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से फॉर्म -6 भरकर पंजीकृत करा सकते हैं, अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर मैराथन के सभी विजेताओं बालकों में सुनील कुमार, संदीप कुमार, शिवांश शुक्ला, हरी किशन सिंह, अनुरुद्ध तथा बालिकाओं में गंगा देवी, नंदनी जाटव, लवली सिंह, सोनाली देवी, सपना देवी, पलक आदि को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लवप्रकाश यादव, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, स्वीप आइकन मइयादीन पटेल, शिक्षक सुरेश प्रसाद, अवधेश सिंह, रमेश सिंह, चेतन यादव, विनोद कुमार, नेमचंद सिंह, श्रीकेशन, शैलेन्द्र कुमार, रमेश सिंह चंदेल, भरत सिंह, कीर्तिरानी, सीमा देवी आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने ली रानीपुर टाइगर रिजर्व की व्यवस्थाओं सम्बन्धी बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

डीएम अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में रानीपुर टाइगर रिजर्व की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व वर्ष 2022 में बनाया गया है। इसके पहले रानीपुर वन्य जीव विहार के नाम से था। उन्होंने कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में आज यह बैठक विभिन्न बिंदुओं पर की जा रही है। जिलाधिकारी ने पर्यटन, खनिज, विद्युत, कृषि, लोक निर्माण विभाग, उद्योग, नगर विकास आदि विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। उन्होंने उप जिलाधिकारी मानिकपुर तथा प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि जहां पर होटल व रिसॉर्ट बनाए जाने हैं, उसके सम्बन्ध में एवं जो उद्योग स्थापित किए जाने हैं उनका मौके पर निरीक्षण कर अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व के अंतर्गत जो गांव चिन्हित किए गए हैं, उसमें यह देखें कि कितनी आबादी प्रभावित हो रही है। साथ ही कृषि का क्षेत्र भी कितना आ रहा है, इसको भी रिपोर्ट में शामिल किया जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग से सम्बन्धित जो कार्य कराया जाना है, उसके सम्बन्ध में एक प्राक्कलन तैयार कर कार्यों को कराया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, विद्युत दीपक कुमार, उपायुक्त उद्योग केन्द्र एस के केसरवानी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, मानिकपुर भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । गुरुवार । 11 अप्रैल 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाये रहने के आसार हैं किंतु वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 37.8 (+1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 16.8 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 40 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 15 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कर्ज में डूब चुके अधेड़ ने खुद को मारी गोली, मौत







✻ मृतक का फाइल फोटो मौके पर जांच करती पुलिस और फोरेंसिक टीम



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के रावतपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार/बुधवार की देर रात एक अधेड़ ने अपने कमरे में खुद को पिस्टल से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। मृतक नशे का लती था कई कंपनियों के लोन अपने और पत्नी के नाम से ले रखे थे। साथ ही चलने फिरने में भी असमर्थ था जिस कारण जिंदगी से हताश होकर उसने मौत को चुना और आत्महत्या कर ली। ब्यूटीशियन का काम करने वाली पत्नी सुबह घर पहुंची तो जानकारी हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रावतपुर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच पड़ताल में पुलिस को मौके से एक 32 बोर की पिस्टल,17 कारतूस, शराब की बोतल बरामद हुई है। अंकित की मौत से पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

रावतपुर थाना क्षेत्र केशव पुरम निवासी पत्नी सौम्या उर्फ महक गुप्ता ने बताया कि वह अपने मृतक पति अंकित अग्रवाल(35), बेटा सार्थक और बेटी किंजल के साथ किराए पर रहती है। उसकी ब्यूटी पार्लर की सिलेंडर चौराहे के पास दुकान है। वह मंगलवार को ब्यूटीशियन का काम करने उरई गई हुई थी। घर पर पति व दोनों बच्चे थे। सुबह 11 वर्षीय बेटे सार्थक ने बताया कि पापा का कमरा नहीं खुल रहा है ना ही कोई आवाज आ रही है। यह सुनकर वह आनन फानन में सुबह लगभग दस बजे घर आई और पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा तो पति अंदर मृत अवस्था में पड़े मिले। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पति ने कई कंपनियों से लोन ले रखे थे, उसके नाम से भी 13 लाख का लोन ले रखा था। जिसका भुगतान समय से नहीं हो पा रहा था। पति अंकित अग्रवाल के कूल्हे खराब हो चुके थे जिस कारण वह चलने फिरने में असमर्थ थे, पति रियल एस्टेट और शेयर मार्केट का काम करते थे जिसमें लगातार घाटा हो रहा था। जिस कारण लोन चुकाने में समस्या आ रही थी। किसी तरह वह कुछ लोन चुका रही थी इस महीने पति को लोन भरना था। जिस कारण वह डिप्रेशन में चल रहे थे।

### अंकित ने किया था प्रेम विवाह

मृतक अंकित अग्रवाल की सास रीता गुप्ता ने बताया कि कई वर्ष पूर्व बेटी सौम्या की शादी बड़ौदा निवासी प्रमोद कुमार से की थी जिसके साथ उनकी बेटी 6 वर्ष रही जिससे एक बेटा सार्थक हुआ। पति से अनबन होने पर सौम्या बेटे सार्थक को लेकर कानपुर आ गई और अंकित के साथ प्रेम विवाह कर लिया। जब से दोनों साथ रह रहे थे। श्याम नगर स्थित एक फ्लैट बेचकर दूसरा फ्लैट कल्याणपुर में लिया था जिसमें इसी महीने शिफ्ट होना था। दामाद अंकित अग्रवाल की माता की तीन माह पूर्व कैंसर से मौत हो चुकी है वही पिता पहले ही गुजर चुके हैं अपने परिवार में अंकित अकेला ही बचा था।

### बच्चों के सामने आत्महत्या करने की करता था बात

पत्नी सौम्या ने बताया कि डिप्रेशन में चल रहे पति अंकित अग्रवाल अक्सर नशे की हालत में बच्चों के सामने पिस्तौल निकाल लेते थे और जान देने की बात करते थे। वह उसे बहुत समझाती थी। पिस्टल लाइसेंसी नहीं है उसने कई बार पिस्टल रखने का विरोध किया लेकिन वह नहीं माना। हाउसिंग लोन कार लोन , छोटी छोटी कुल पचास से साठ हजार रुपए की ईएमआई चल रही थीं। तीन महीने से वह किस्त भर रही थी |इस महीने उसे भरना था।

### सौम्य और सीमित था मृतक का व्यवहार

मकान मालिक डॉक्टर पी एन निगम और पड़ोसियों ने बताया कि अंकित अग्रवाल सीमित व्यवहार का था। पत्नी के दुकान जाने के बाद बच्चे और वही घर पर रहता था। दिनभर अपने कमरे में रहता था। घर में काम करने वाली, दूध देने वाले के आने पर ही दरवाजा खोलना था, उसका बाहर कभी कभार ही निकलना होता था पैरों में दिक्कत होने के चलते वह गाड़ी में बैठकर ही कहीं जाता था। वही आस-पास के लोगों को गोली की आवाज सुनाई नही दी। पड़ोसियों को पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या करने की बात पता चली तो लोग यकीन नहीं कर पा रहे थे वहीं पुलिस बरामद पिस्टल कहां से आई इस पर जांच कर रही है। अंकित ने बांए सीने पर सटा कर गोली मारी है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त शिक्षा प्रणाली कैम्ब्रिज पाठ्यकम का उदघाटन समारोह संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, कानपुर में कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम के शुभ उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया। कैम्ब्रिज पाठ्यकम एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त शिक्षा प्रणाली है जो आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान और रचनात्मकता पर जोर देती है। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती ध्वनि जैपुरिया निदेशक एस. आर. जे एडू सर्विसेज प्रा. लिमिटेड एवं द लिटिल वन जैपुरिया प्री स्कूल, ने पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस शुभ अवसर पर समारोह के सम्मानित विशिष्ट अतिथि महेश श्रीवास्तव दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय निदेशक कैम्ब्रिज इंटरनेशनल, इंद्रपाल सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर भारत, कैम्ब्रिज इंटरनेशनल, डॉ. नीता बाली निदेशक सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, और हरीश संदुजा निदेशक आईटी अनुसंधान और मानव संसाधन की गौरवमयी सौम्य उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को द्विगुणित किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, तत्पश्चात अतिथियों का अभिनंदन किया गया एवं नृत्य और संगीत का मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मानित अतिथि महेश श्रीवास्तव और इंद्रपाल सिंह ने अभिभावकों को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी। श्रीमती ध्वनि जैपुरिया द्वारा अभिभावकों को प्रस्तुत संबोधन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा जिसमें एक कहानी के माध्यम से चुनाव के महत्त्व और उसके परिणामों पर प्रकाश डाला गया। इस समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिखा बनर्जी, उप प्रधानाचार्य गणेश तिवारी, उप प्रधानाचार्या श्रीमती मधुश्री भौमिक, कैम्ब्रिज-समन्वयक श्रीमती ममता गोविल, हेड मास्टर महेश कुमार मिश्रा, विद्यालय के जी. एम. शैलेन्द्र अग्निहोत्री, विद्यालय प्रबंध तंत्र के समस्त सदस्य एवं समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिखा बनर्जी ने सभी गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुख्य सचिव के आने से पहले नगर निगम ने चमाचम कर दी सड़कें

**जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा**



कानपुर नगर। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र बुधवार को शहर के कई कार्यक्रमों में शामिल हुये। मुख्य सचिव लखनऊ से बाई रोड होते हुये सबसे पहले बृहस्पति महिला महाविद्यालय, किदवई नगर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इसके बाद वे पनकी स्थित नारायणा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में नई मेग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग मशीन और ऑपरेशन ब्लॉक का लोकार्पण करने पहुंचे।

उनके दौरे से पहले नगर निगम ने उनके रूट की सड़कों को चमका दिया। पनकी-गंगागंज रोड, पनकी धाम स्टेशन रोड की महीनों से खराब सड़क के गड्ढे को नगर निगम ने रातों-रात भर दिये। इसके साथ ही गंदगी और झुग्गी झोपड़ियों को हरे पर्दों से कवर कर दिया गया। किदवई नगर से लेकर पनकी तक सड़कों को साफ-सुथरा किया गया। नगर निगम ने रातों-रात सभी सड़कों को बनाकर पूरा कर दिया। सड़क के दोनों तरफ हर प्रकार के अवैध निर्माण को हटा दिया गया है। होर्डिंग, बैनर तक हटा दिये। सड़क किनारे पड़े कूड़े को भी पूरी तरह साफ कर दिया गया। हर 200 मीटर पर सफाई कर्मी की तैनाती की गई। वहीं रातों-रात सड़कें बनने, सफाई होने से स्थानीय लोग बेहद खुश नजर आये। पनकी स्थित नारायणा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में नई मेग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग मशीन और ऑपरेशन ब्लॉक का लोकार्पण करने के बाद वे करीब दो बजे लखनऊ के लिए रवाना हो गये।

# पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ शातिर को दबोचा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीते दिन बुधवार को किदवई नगर कूड़ा घर के पीछे से थाना किदवई नगर पुलिस ने एक 25 वर्षीय युवक को दबोचा है। युवक के पास से पुलिस ने छह चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा पूछताछ मे युवक ने अपना परिचय नया पुरूवा टीपी नगर निवासी राहुल कनौजिया बताया है। पुलिस को संदेह तब हुआ जब राहुल छह मे से तीन मोबाइल का लॉक नही खोल पाया। पुलिस ने बताया कि सारे मोबाइल फोन्स एंड्रॉयड और महंगे थे। राहुल इससे पहले भी कई बार चोरी के मामलों मे जेल जा चुका है और इसके ऊपर थाना किदवई नगर, नौबस्ता और हनुमंत बिहार मे दर्जन भर मुकदमें दर्ज हैं। हालाकि कल किदवई नगर पुलिस ने राहुल को न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेज दिया है।

राहुल को गिरफ्तार करने मे लाल कॉलोनी चौकी प्रभारी शैलेंद्र सिंह राघव और कांस्टेबल अजीत सिंह शामिल रहे।

# नाबालिक के साथ गैंगरेप करने वाले आरोपियों पर मुकदमा दर्ज




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना बिठूर क्षेत्र में एक किशोरी के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया है, पुलिस ने गैंग रेप पीड़िता के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

गैंग रेप का शिकार हुई किशोरी के भाई ने बिठूर पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बीती 9 अप्रैल को को समय करीब 7 बजे को उसकी नाबालिक बहन शन्नो काल्पनिक नाम घर से सौच क्रिया के लिए खेतो मे गयी थी, जब वह काफी देर तक वापस नहीं आयी तो उसे भाई तलासने गया। जब वह गांव के बाहर खेतों की तरफ गया तो उसकी बहन ने चिल्लाकर कहा भइया बचा लो, पीड़ीत की मानें तो दौड़कर वह अपनी बहन को बचाने के लिए दौड़ा तो उसने देखा कि उसकी बहन को अभिषेक प्रजापति उर्फ चउबा लाल पुत्र कल्लू प्रजापति व कल्लू अवस्थी पुत्र संतोष अवस्थी निवासी ग्राम कुरसौली दबाये हुए थे,

उसकी बहन के कपड़े अस्त - व्यस्त थे भाई को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए हैं।

इस मामले में पीड़ित के भाई की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध गैंगरेप की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कानपुर महानगर प्रभारी पंकज सिंह आज रहेंगे शहर में

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक एवं कानपुर महानगर प्रभारी पंकज सिंह गुरुवार को शहर में रहेंगे। यह जानकारी देते हुए मनीष त्रिपाठी ने बताया कि वह 12 बजे प्रमिला सभागार,नगर निगम मोतीझील में पार्षद एवं पूर्व पार्षदों के साथ बैठक कर पार्षदों को लोकसभा चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। इसके बाद प्रदेश उपाध्यक्ष दोपहर 2.30 बजे सांसद, पूर्व सांसद ,विधायक ,पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष ,पूर्व जिलाध्यक्ष ,महापौर ,पूर्व महापौर के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि दोपहर तीन बजे भाजपा कानपुर लोकसभा क्षेत्र के केंद्रीय कार्यालय, शास्त्री नगर में मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी, मंडल समन्वयक, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं मोर्चा प्रभारी एवं 4 बजे लोकसभा चुनाव संचालन समिति, कोर कमेटी, विधानसभा चुनाव संचालन समिति के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी संगठन की तैयारियों, प्रत्याशी रमेश अवस्थी के नामांकन , संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारी के अलावा चुनाव संबंधी निर्देश देंगे। इसके साथ वह शाम पांच बजे आर्यनगर में गैंजेस क्लब में शहर के प्रमुख उद्योगपति, व्यापारी, चिकित्सक, इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील, शिक्षक आदि प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद करेंगे। शहर के प्रबुद्ध जनों से लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ रवाना हो जाएंगे।

# दिव्यांशी गार्डन को के.डी.ए. ने फिर किया सील



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन तीन में स्थित दिव्यांशी गार्डन के प्रबंध तंत्र की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को प्राधिकरण की जोन तीन की प्रवर्तन टीम ने पहुंचकर एक बार पुनः इस गेस्ट हाउस को सील कर दिया। कानपुर विकास प्राधिकरण के जनसंपर्क अधिकारी शशि भूषण राय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया गया है कि प्राधिकरण के जोन तीन स्थित दिव्यांशी गार्डन गेस्ट हाउस को विशेष कार्य अधिकारी प्रवर्तन जोन तीन के निर्देश पर पुनः सील कर दिया गया है पूर्व में भी इसे सील किया गया था।

# लखनऊ आगरा एक्सप्रेस हाईवे पर भीषण एक्सिडेंट



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र से होकर गुजरे लखनऊ आगरा एक्सप्रेस हाईवे के अरौल कस्बे के समीप 218 किलोमीटर पर 10.4.2024 को शाम समय करीब 20:30 बजे Alcazar हुंडई नंबर WB 40 AY 8999 पर चालक गुरलीन सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी कम्युनिटी सेंटर पना गढ़ बाजार पनागर जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल उनकी पत्नी राजपाल कौर व उनके एक लड़का जिसकी उम्र 3 वर्ष तथा लड़की जिसकी उम्र 5 वर्ष है अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया है अरौल थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल ने बताया घायलों को सीएचसी बिल्हौर एंबुलेंस से भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत होने पर कानपुर रिफर कर दिया है जहां पर गुरलीन सिंह तथा एक बच्ची की मृत्यु हो गई है जिस संबंध में पंचायत नामा की विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा की कार्रवाई की जाएगी

# जामा मस्जिद अशरफाबाद में ईद-उल-फित्र की नमाज़ 08 :00 बजे



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जामा मस्जिद अशरफाबाद जाजमऊ कानपुर में ईद-उल-फित्र की नमाज ठीक आठ (08:00) बजे होगी। इमामत के फरायज़ जमीअत उलमा के प्रदेश उपाध्यक्ष कानपुर मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी इमाम व खतीब जामा मस्जिद अशरफाबाद अंजाम देंगे। इससे पूर्व 7:30 बजे से मौलाना का बयान होगा।

यह जानकारी मस्जिद की इंतिज़ामिया कमेटी के सदस्यों ने देते हुए लोगो से जगह पाने के लिए जल्दी पहुंचने की अपील की है।

# 7 दिवसीय कर्मकांड एवं ज्योतिष में व्याकरण शास्त्र की उपादेयता का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्याल के दीनदयाल शोध केंद्र में बुधवार को 7 दिवसीय कर्मकांड एवं ज्योतिष में व्याकरण शास्त्र की उपादेयता का शुभारंभ प्रति कुलपति एवं निदेशक दीनदयाल शोध केंद्र प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि किसी भी भाषा का समुचित ज्ञान बिना उस भाषा के व्याकरण बोध के सम्भव नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद राजस्थान के प्रो. उमेश कुमार शुक्ल ने कहा कि बिना व्याकरण ज्ञान के कर्मकाण्ड एवं ज्योतिष विषयों को अच्छी प्रकार से नहीं समझा जा सकता। वीएसएसडी कॉलेज के संस्कृति विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.प्रदीप कुमार दीक्षित ने कहा कि जिस प्रकार से मुख के अभाव में शरीर का पोषण सम्भव नहीं है। उसी प्रकार व्याकरण के अभाव में भाषा एवं कर्मकाण्ड ज्योतिष को जानना कठिन है। कार्यक्रम का सफल संचालन कर्मकाण्ड विभाग के आचार्य डॉ. श्रवण द्विवेदी ने तथा समापन एवं आभार ज्योतिष विभाग के प्रमुख आचार्य स्वयंप्रकाश अवस्थी ने किया। इस अवसर पर सभी छात्र एवं विभाग के सहायक निदेशक डॉ.दुर्गेश सिंह चौहान मौजूद रहे।

# माता तपेश्वरी के मंदिर में मन्नतें पूरी होने के बाद जल रहे अखंड ज्योति के 551 दीपक







**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मंगलवार से चैत्र के नवरात्र का आरंभ हो गया। बुधवार को माता ब्रह्मचारिणी का पूजन घर घर में हुआ। श्रद्धालुओं ने शहर के विभिन्न मंदिरों में जाकर दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। ज्ञातव्य हो कि चैत्र नवरात्रों की शुरुआत 9 अप्रैल से हो गई है, जो 17 अप्रैल को श्रीरामनवमी के साथ सम्पन्न होगी। नवरात्र के आरंभ होते ही भोर पहर से माता के द्वार पर भक्तों की भीड़ का रेला लगना शुरू हो जाता है।

कानपुर नगर के बिरहाना रोड स्थित प्राचीन माता तपेश्वरी के मंदिर,शास्त्री नगर स्थित प्राचीन काली मठिया मंदिर,, बारह देवी मंदिर, बंगाली मोहाल के काली मन्दिर, बर्रा के वैष्णो देवी मंदिर, वैभव लक्ष्मी मन्दिर, कुष्मांडा देवी, जंगली देवी, बुद्धा देवी में लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर दर्शन किए। साथ ही साथ शहर के हर एक गली मोहल्ले में माता रानी के भक्तों ने जो मूर्तिया स्थापित की हैं वहां पर सुबह और शाम भजन कीर्तन भी आरंभ हो चुका है माता के जयकारे सुनते ही मन आनंदित हो उठता है।

### माता तपेश्वरी हर मुरादें करती हैं पूरी

बुधवार को बिरहाना रोड स्थित माता तपेश्वरी के मंदिर में भक्तों का रेला लगा रहा। मंदिर के प्रबंध तंत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मर्तबा 551 लोगों की मन्नतें पूरी हुई है और उन्होंने मन्नते पूरी होने के बाद मंदिर परिसर में अपने नाम की अखंड ज्योति जलवाई है। आगे जानकारी देते हुए बताया कि अखंड ज्योति लगातार 9 दिन तक जलती रहती है जिसके लिए कई लोग उसकी देखरेख में लगे हैं समय-समय पर शुद्ध देसी घी अखंड ज्योति में डाला जाता है। साथ ही साथ यह भी जानकारी देते हुए बताया कि माता सीता इसी जगह पर आकर अपना तप करती जिस जिस कारण इस जगह का नाम तपेश्वरी देवी पड़ा है। माता सीता ने अपने दोनों पुत्र लव कुश का मुंडन संस्कार भी यहीं पर करवाया था जिस कारण संपूर्ण भारत ही नहीं समूचे विश्व के लोग यहां पर आकर अपने बच्चों का मुंडन संस्कार करवाते हैं।

### आज माता चंद्रघंटा की करें पूजा

आज माता चंद्रघंटा का दिन है। चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा होती है। कोई जरूरी नहीं है की माता रानी की पूजा विधि विधान से ही की जाए सच्चे मन से पूजन अर्चन करने वालों पर मां प्रसन्न होकर उनकी हर मुरादे पूरी करती हैं मान्यता है कि मां अपने भक्तों से प्रसन्न होकर उन्हें शांति और समृद्धि प्रदान करती हैं। हिंदू मान्यता के अनुसार, मां चंद्रघंटा संसार में न्याय व अनुशासन स्थापित करती हैं। मां चंद्रघंटा देवी पार्वती का विवाहित रूप हैं। शिव जी से विवाह करने के बाद मां ने अपने मस्तक पर अर्धचंद्र सजाना शुरू कर दिया था, इसीलिए मां पार्वती को मां चंद्रघंटा के नाम से जाना जाता है। मां चंद्रघंटा शेर पर सवार हैं। वो धर्म का प्रतीक हैं। उनका शरीर चमकीला सुनहरा है। मां चंद्रघंटा अपने भक्तों की सभी इच्छाओं को पूरा करती हैं

# स्वीप कार्यक्रम के तहत खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।इसी क्रम में बुधवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में किया गया।जिसमें जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी आनंद बिहारी श्रीवास्तव द्वारा खिलाड़ियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाकर सौ मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाई गई।बालक दौड़ में पहला स्थान अभिषेक विकासखंड तिलोई, दूसरा स्थान सौरभ विकासखंड तिलोई, तीसरा स्थान प्रणव राज विकासखंड भेंटुआ ने प्राप्त किया। तथा सौ मीटर बालिका दौड़ में प्रथम स्थान खुशी वर्मा विकासखंड शाहगढ़,द्वितीय स्थान खुशबू गुप्ता विकासखंड भादर व तृतीय स्थान सोनाली विकासखंड भादर ने प्राप्त किया।कबड्डी पुरुष वर्ग में विजेता शाहगढ़ व उपविजेता तिलोई एवम कबड्डी महिला वर्ग में विजेता शाहगढ़ व उपविजेता भादर रही।वॉलीबॉल पुरुष में विजेता गौरीगंज व उपविजेता अमेठी रही।इस अवसर पर निर्णायक की भूमिका में कीर्तिपाल सिंह, मोहम्मद आरिफ,लवली तिवारी तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रितेश कुमार, रीना वर्मा, रागिनी, निधि श्रीवास्तव तथा अपूर्वा यादव उपस्थित रहे।

# सरकारी अस्पताल में मेडिकल सुविधाएं हैं, तो फिर क्यों जाएं निजी अस्पताल

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में दंत चिकित्सक मिलाकर छः डॉक्टर, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी और इमरजेंसी की सुविधा के बाद भी आखिर क्यों सरकारी अस्पताल में इलाज कराने की अपेक्षा प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर लगाने को मरीज मजबूर हो रहे हैं? अमेठी कस्बा स्थित फर्स्ट रेफरल यूनिट अस्पताल में शामिल अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा के सभी आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हैं। वर्तमान में अमेठी सीएचसी में डेंटिस्ट को लेकर कुल छः चिकित्सक तैनात हैं।

जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक तिवारी योग्यता एमबीबीएस के साथ सोनोलॉजिस्ट, डॉ सौरभ सिंह योग्यता एमबीबीएस, डॉ संतोष मिश्रा एमबीबीएस, डॉ देवेश तिवारी योग्यता एमबीबीएस, एमएस और डॉ श्रेया मिश्रा एमबीबीएस, ईएमओसी कार्यरत हैं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में डॉ श्रेया मिश्रा चाइल्ड केयर लीव पर हैं। पाँच चिकित्सक नियमित रूप से ओपीडी में मरीज देखने के लिए उपलब्ध हैं। जिसमे डॉ आलोक तिवारी स्वयं अल्ट्रा साउंड के साथ-साथ कमरा संख्या चौदह में ओपीडी करते हैं।

तथा डॉ सौरभ सिंह कक्ष संख्या तैंतीस, डॉ संतोष मिश्र कक्ष संख्या बत्तीस और डॉ देवेश तिवारी कक्ष संख्या तीस में ओपीडी के मरीज देखते हैं।सीसीएल पर चल रही डॉ श्रेया मिश्रा के ओपीडी के लिए कमरा संख्या बीस निर्धारित है।तथा डेंटिस्ट डॉ अंजली यादव डेंटिस्ट कक्ष में ओपीडी देखती हैं। अस्पताल में चौबीस घंटे इमरजेंसी चलती है। और एक चिकित्सक की ड्यूटी भी रहती है। नियमानुसार इमरजेंसी में कार्य करने वाले चिकित्सक को अगले दिन का ड्यूटी आफ दिया जाता है। इसके अलावा सभी चिकित्सकों को अपने ओपीडी कक्ष में वर्तमान समय अप्रैल में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीज देखने का नियम है। अमेठी सीएचसी में बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलाजी और दवा हेतु फार्मेसी भी उपलब्ध है। फार्मेसी में एआरवी कुत्ते काटने पर रैबीज से बचाव का टीका और एएसवी सांप काटने पर बचाव का टीका भी उपलब्ध रहता है। सभी इलाज निःशुल्क है।

देखा जाए तो मरीजों के इलाज के लिए शासन ने सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रखे हैं।यहाँ तक कि जर्नल सर्जरी की भी सुविधा है।फिर भी देखा जाता है की मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

क्षेत्र की जनता का कहना है कि अगर सीएचसी के सभी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी ईमानदारी से करें तो क्षेत्र के मरीजों को बेहतर व निःशुल्क इलाज मिल सकता है। और मरीजों को निजी अस्पतालों में अपनी गाढ़ी कमाई को अनावश्यक खर्च करने की जरूरत नहीं होगी। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया की अमेठी सीएचसी में सभी मूल-भूत चिकित्सीय सुविधाएँ उपलब्ध हैं। सभी चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है की सभी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाएं। एवम ओपीडी अवधि में पूरे समय मरीजों को देखें। और अस्पताल की सभी प्रकार की सुविधाएँ मरीजों को उपलब्ध कराएं। जिससे मरीजों को बेहतर इलाज का लाभ मिल सके।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एनएसपीएस त्रिपुला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया खुशियों का त्योहार ईद उल-फ़ित्र

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला रायबरेली में खुशियों का त्योहार ईद उल-फ़ित्र बड़े ही हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया।सवर्प्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कमर्चारियों को भाई-चारे व आपसी मेल एवं सौहार्द के त्योहार ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर कक्षा 6 के बच्चों द्वारा ईद मुबारक गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस पर्व से पहले शुरू हुए रमजान के पाक महीने में इस्लाम मजहब को मानने वाले लोग पूरे एक माह (30 दिनों) तक रोजा (ब्रत) रखते हैं। उन्होंने बताया कि ईद उल-फ़ित्र मुख्यतः एक इस्लामिक पर्व है लेकिन विद्यालय में हम सभी एक परिवार है, यहाँ हम सभी धर्मों का सम्मान करते है और एक साथ मिलकर पारिवारिक माहौल के बीच सभी पर्व मनाते है। ईद त्याग और अपने मजहब के प्रति समर्पण को दर्शाता है और बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए, जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। इस दिन लोग एक दूसरे के दिल में प्यार बढ़ाने और नफरत को मिटाने के लिए एक दूसरे से गले मिलते है। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं , विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल सलोन में धूमधाम से मनाया प्रेम और सद्भाव का पर्व ईद-उल-फित्र

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल सलोन में ईद उत्सव बहुत ही हर्ष के साथ मनाया गया। प्रिंसिपल डा. निशी श्रीवास्तव ने बताया कि प्रेम और सद्भाव का पर्व है ईद उल फितर, इस दिन हमे दूसरों की मदद करने का संकल्प, लेना चाहिए। प्रबंधक शिवेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि स्कूल ईद उत्सव मना कर छात्रों के चेहरों पर खुशी की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का आरंभ प्रार्थना सभा से किया गया। विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों द्वारा ईद के उपलक्ष्य में कविताएं, भाषण एवं गीत भी प्रस्तुत किए गए। छात्रों को ईद मनाने के कारणों एवं इतिहास से परिचित करवाया गया, जिससे उनमें सभी धर्मों के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा की भावना पैदा हो सके व उन्हें मुस्लिम इतिहास के बारे में पूरी जानकारी मिल सके। उक्त कार्यक्रम में जुहैना खान मिस्बा खान हसन खां शहर बानो अब्दुल अहद आदि बच्चो की सहभागिता उत्कर्ष रही।

### लोकसभा चुनाव 2024 भारत के संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने का चुनाव हैः सुरेश चंद्र पटेल

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** लोकसभा चुनाव 2024 भारत के संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, आपका एक-एक मत आपके भविष्य को तथा आपके अधिकारों को सुरक्षित कर सकता है, यह बात समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र पटेल ने समाजवादी पार्टी कार्यालय में युवजन सभा की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि मौजूदा भाजपा की सरकार पिछड़ों तथा दलितों की विरोधी है, हाल ही में भाजपा के एक मनुवादी नेता ने पटेल समाज को लेकर अभद्र टिप्पणी की है, जो कि निन्दनीय है। बैठक में अतिथि के रूप में आये समाजवादी पार्टी के महासचिव अरशद खान तथा उपाध्यक्ष राजेश मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनमानस को असल मुद्दों से भटकाना चाहती है और 'फूट डालो राज करो' की नीति पर कार्य करती है और देश में तानाशाही राज लाना चाहती है। इस अवसर पर युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र पटेल ने आज जनपद की सभी विधान सभाओं के अध्यक्षों की घोषणा की। ऊँचाहार विधान सभा से जीतेन्द्र यादव, सदर विधान सभा से दीपक श्रीवास्तव, बछरावां से ओम प्रकाश रावत, हरचन्दपुर से आदित्य यादव, सरेनी से वृन्दावन प्रधान तथा सलोन से जीतेन्द्र पटेल को विधान सभा अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री पटेल ने सभी विधान सभा अध्यक्षों से एक सप्ताह में विधान सभा की कार्यकारिणी घोषित करने तथा इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से जिताने की अपील की। बैठक को मुख्य रूप से जीतेन्द्र सलोन, नीलेश यादव, जय सिंह, दीपांकर यादव, रामकरन रावत, राजेश कुमार, शिवम अटरा, आलोक यादव, सचिन, अमित सिंह, हर्ष शुक्ला, देवेन्द्र यादव, कृष्ण कुमार, रंजीत पाल, अंजनी श्रीवास्तव, आशाराम पटेल, गुड्डन चौधरी, अजीत पटेल आदि ने सम्बोधित किया।

### पीठासीन/प्रथम मतदान अधिकारी के नियुक्ति आदेश 11 अप्रैल को किए जाएंगे वितरित

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिन विभाग के कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा पीठासीन/प्रथम मतदान अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, के नियुक्ति आदेश 11 अप्रैल 2024 को प्रातः 10:30 बजे से विकास भवन स्थित जिला विकास कार्यालय से वितरित किए जायेगें। उन्होंने सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष से कहा है कि अपने कार्यालय के जिम्मेदार कर्मचारी को 11 अप्रैल 2024 को प्रातः 10:30 बजे जिला विकास कार्यालय भेजकर नियुक्ति आदेश प्राप्त कर सम्बन्धित कार्मिक को उसी दिन सायं प्राप्त कराते हुए प्राप्ति रसीद जिला विकास अधिकारी, रायबरेली कार्यालय को 12 अप्रैल 2024 की सायं 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते हुए 15 से 18 अप्रैल 2024 तक की अवधि में आयोजित प्रशिक्षण में निर्धारित तिथियों पर सम्बन्धित कार्मिक की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करावें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाये, जिससे समय से नियुक्ति आदेश सम्बन्धित कार्मिक को प्राप्त हो सके और वह प्रशिक्षण में समय से उपस्थित हो सके।

### रोवर्स रेन्जर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रार्थना सभा एवं ध्वज शिष्टाचार का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** फीरोज गाँधी महाविद्यालय की रोवर्स रेन्जर्स के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन प्रार्थना सभा एवं ध्वज शिष्टाचार के साथ शिविर की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में रेन्जर्स प्रभारी डॉ. किरन श्रीवास्तव ने रोवर्स- रेन्जर्स को स्काउटिगं के जन्मदाता बेडने पावेल एवं गाइडिगं की जन्मदाता एगनेस बेडने पावेल के बारे में एवं बी0पी0 - 6 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उसके उपरान्त रोवर्स प्रभारी डॉ. अजय सिंह चौहान ने चिकित्सा सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मनुष्य के दैनिक जीवन में मूलभूत ज्ञान का होना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अभी तक हुए विभिन्न कार्यक्रमों में रोवर्स-रेन्जर्स ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# गेहूं की पैदावार जानने के लिए डीएम ने कराई क्रॉप कटिंग

## किसानों से सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने की अपील की

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को विकास खंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहटा में गेहूं की फसल का उत्पादन जानने के लिए क्रॉप कटिंग कराई।इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत बेहटा में राजस्व व कृषि विभाग की टीम के साथ किसान मीरा पत्नी हरिबक्श सिंह, प्रगति सिंह पुत्र हरिबक्श सिंह व श्यामली पत्नी सुरेश चंद्र मिश्र के खेत पर पहुंचकर अपने सामने 43.03 स्क्वायर मीटर गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग कराई। और तौल भी कराया। जोकि क्रमशः 14.200 किलो व 13.300किलो निकला। बताते चलें कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्रॉप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया।और अपने नजदीक के क्रय केन्द्र पर गेहूं बेचने हेतु किसानों से अपील भी की। उन्होने कहा कि सरकारी गेहूं क्रय केन्द्र पर गेहूं बेचे। ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने बताया कि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित है। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से अपने खेतों में फसल अवशेषों को ना जलाने की भी अपील किया। साथ ही जिलाधिकारी ने किसानों से लोकसभा चुनाव में अपने व आस पास के लोगों को मतदान करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि जो लोग बाहर रह रहे हैं। उनको फोन के माध्यम से वार्ता कर मतदान करने के लिए कहें। इस मौके पर तहसीलदार गौरीगंज अभयराज, राजस्व निरीक्षक लेखपाल सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के तोरो माफी दराबगंज निवासी 52 वर्षीय शोभाराम पांडेय उर्फ नंगा पांडे कि अचानक तबीयत खराब होने पर दिन में लगभग साढ़े तीन बजे घर में रखी ब्लड प्रेशर आदि की दवा को खाने के थोड़ी देर बाद सीने में दर्द होने पर ऊपर छत से नीचे आते समय गलियारे में गिर गए इसकी जानकारी घर में रह रही उनकी पत्नी को होने पर तुरंत पहुंच कर किसी तरह उठाया और सी एच सी बीकापुर लाया जहां जांचोंप्रांत डॉक्टर धर्मेंद्र रंजन ने मृत घोषित करके मेमो थाने भेज दिया। मौके पर आई स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक नंगा पांडे के पास एक पुत्र और एक पुत्री है। जो अपनी पढ़ाई की तैयारी में लगी है। अभी पढ़ाई का कार्य पूरा न होने और बीच में ही नंगा पांडे का साथ छूटने पर स्थानीय लोगों ने काफी दुख व्यक्त किया है। परिजनों में कोहराम मचा है। लोगों को पाण्डे की मौत की जानकारी होने पर दुख व्यक्त कर रहे हैं।

# डेढ़ दर्जन बसपा कार्यकताओं ने थामा भाजपा का दामन




**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

बसपा के पूर्व सेक्टर अध्यक्ष व पार्षद की प्रत्याशी सहित डेढ़ दर्जन बसपा कार्यकताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। दर्शन नगर क्षेत्र से पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को सांसद लल्लू सिंह व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पार्टी का ध्वज देकर व माल्यार्पणा कर पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा मोदी सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनके सफल क्रियान्वयन से जनता के मन में उत्साह का माहौल है। 4 जून 400 पार का नारा अब जनता स्वंय लगा रही है। विगत दो कार्यकाल में सरकार की योजनाओं तथा विकास को भारत के हर नागरिक ने महसूस किया है। भ्रष्ट्राचार पर कड़े प्रहार से विपक्षी दलों में बौखलाहट का माहौल है। जिससे वे जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी में आए सभी लोगों का पार्टी में स्वागत है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है यहां कोई भी कार्यकर्ता शीर्ष पदों तक पहुंच सकता है। करोड़ो कार्यकताओं के दम आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

पार्टी में शामिल बसपा के पूर्व सेक्टर अध्यक्ष अमरजीत कोरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर हम सभी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

# भाजपा व बसपा को लगा तगड़ा झटका दो बड़े नेता सपा में हुए शामिल





**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**

बिधान सभा क्षेत्र जलालपुर की राजनीति में एका एक बड़ा उलट फेर होने से सियासत गरम हो गयी है लोस चुनाव के ऐंन मौके पर भाजपा नेता और पूर्व विधायक सपा सुभाष राय तथा दो बार भाजपा से एक बार बसपा से चुनाव लड़ चुके डाक्टर राजेश सिंह के बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय स्थित कार्यालय पर एक साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया हैं सुभाष राय पूर्व बिधान सभा उपचुनाव में समाज वादी पार्टी के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए थे 2022 के सामान्य बिधान सभा के चुनाव में सपा से टिकट नही मिला तो पाला बदल कर भाजपा में शामिल हो गये तो भाजपा ने जलालपुर विधानसभा से टिकट दिया चुनाव में सुभाष राय को सम्मान जनक वोट मिला परन्तु चुनाव हार गये सुभाष राय ने एक बार फिर सपा का दामन थामा है डाक्टर राजेश सिह दो बार भाजपा से एक बार बसपा से चुनाव लड़ चुके है जो जीत के करीब जाते जाते फिसल गये डां0 राजेश सिंह को सियासत बिरासत में मिली है डॉक्टर राजेश सिंह उस राजनिति के धुरन्धर खिलाड़ी स्वर्गीय शेर बहादुर सिंह के पुत्र है जो अपनी लोक प्रियता के बलबूते जलालपुर बिधान सभा से पांच बार बिधायक बन चुके है डां0 हाल ही में अंगद सिंह स्मारक महाविद्यालय में सैकडों समर्थकों के साथ बैठक कर रणनीति बनायी थी। इस तरह दोनो नेता जलालपुर बिधान सभा क्षेत्र जलालपुर के बड़े चेहरे है और आमने सामने चुनाव भी लड़ चुके हैं एक साथ एक पार्टी में जाने से सियासत गरम है लोगो द्वारा तरह तरह का कयास लगाया जा रहा है।

# भाजपा की बैठक में बूथ अध्यक्षों को दी गई जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज - अयोध्या।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमसिन शक्ति बूथ केंद्र प्रभारी अयोध्या सिंह के आवास पर बूथ अध्यक्षों का बैठक हुआ। भाजपा लोकसभा चुनाव समिति के सहसंयोजक राम मोहन भारती गोसाईगंज मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पंकज सिंह रामपुर शेखपुरा ग्राम सभा में सेक्टर के पार्टी पदाधिकारी के साथ बैठक की जिसमें बूथ समिति अध्यक्षों और पन्ना प्रमुख को 60 वोटरों से संपर्क करने को कहां गया। इस बैकठ में प्रदीप जायसवाल रामपुर शक्ति केंद्र प्रभारी प्रदीप जायसवाल, चुनाव समिति मंडल संयोजक सत्येंद्र सिंह कालू, गुड्डु पंडित, बृजेश गोस्वामी, शैलेंद्र तिवारी, आलोक सिंह, अनिल वर्मा, शिवाकांत यादव, लालू पाल समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उज्ज्वला योजनाः अयोध्या में 2,27,256 महिलाओं को मिली रसोई के धुएं से निजात

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

महिलाओं को रसोई के धुएं से निजात दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने **स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन** के नारे के साथ एक मई 2016 को महत्वपूर्ण उज्ज्वला योजना का शुभारंभ किया था। देश की 10 करोड़ महिलाओं की रसोई को धुएं से मुक्ति मिल चुकी है। वहीं अयोध्या में भी आधा आबादी को उज्ज्वला योजना पसंद आ रही है। गृहणियों को आंख में होने वाली परेशानियों से अब छुटकारा मिल गया है। जिन लोगों तक अबतक रसोई गैस की सुविधा नहीं पहुंची है, वहां भी सरकार निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन पहुंचा रही है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत अब तक अयोध्या जनपद में 2 लाख, 27 हजार, 256 लोगों को इसका लाभ मिला है। केन्द्र सरकार व प्रदेश की योगी सरकार की इस योजना का सीधा लाभ गरीब महिलाओं को मिल रहा है। उज्ज्वला गैस के कनेक्शन बीपीएल व गरीब महिलाओं को दिए जा रहे हैं। होली व दीपावली पर फ्री रसोई गैस की आपूर्ति भी की जा रही है। वैसे भी उज्ज्वला योजना का सिलिंडर कम कीमत में दिया जाता है।

### किन लोगों को मिल सकता है उज्ज्वला योजना का लाभ




उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क रसोई गैस सिलिंडर प्राप्त करने वाले आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक व महिला होना चाहिए। घर में पहले से अन्य कोई रसोई गैस कनेक्शन नही होना चाहिए। अनुसूचित जाति,जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग का हो। अन्त्योदय योजना का लाभार्थी हो।

**योजना का लाभ पाने के लिए आवश्यक प्रमाण-पत्र**

ईकेवाईसी होना चाहिए, आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार के सभी व्यस्कों का आधार, बैंक पास बुक नम्बर व आईएफएससी नम्बर होना चाहिए।

# अग्नि सुरक्षा जागरूकता के तहत ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर**

जनपद के अकबरपुर थानाक्षेत्र के अग्निशमन प्रभारी सचिन शर्मा द्वारा बुधवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहोरिकपुर के पंचायत भवन में अग्नि सुरक्षा जागरूकता के तहत गांव के ग्रामीणों के बीच अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। उन्होने गेहूं के खेत में आग लगने के कारण तथा आग पर काबू पाने/सुरक्षा के लिए लोगों को जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि खेत में जहां पर बिजली के खम्भे या ट्रांसफार्मर लगा हो तो उसके आस पास झाड़ या फिर गेहूं की फसल को काट लेना चाहिए। अन्यथा तारों में शार्ट सर्किट कारण निकली चिंगारी से आग लगने की पूरी सम्भावना रहती है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र में निरीक्षण व प्रशिक्षण देते हुए उन्होंने अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही साथ सचिन शर्मा द्वारा ग्रामीणों को घरेलू गैस से घर में खाना बनाने के दौरान आग लगने पर सावधानी पूर्वक आग पर काबू पाए जाने तथा स्कूल, पेट्रोल पंप आदि जगहों पर अग्निकांडों को रोकने और आग से बचाव संबंधित उपायों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। उन्होने ग्रामीणों को यह भी बताया कि खाना बनाते समय या किसी कारण से सिलेंडर में आग लग जाये तो ऑक्सीजन के संपर्क से सिलेंडर को तुरंत दूर कर देना चाहिए।

आग की लपटें निकलते समय जूट या सूती कपड़े को पानी में भिगोकर सिलेन्डर के ऊपर डाल कर लपटों को बंद कर देना चाहिए।

# जनपद कारागार में कैदियों ने बनाया योग को साधना

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरन नगर**



नियति के क्रूर हाथों विवश हो जाने-अनजाने में किए गए अपराध की सजा भुगतने जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे कैदियों ने अकेलेपन एवं तनाव से मुक्ति पाने के लिए योग को साधना बनाया है। मौजूदा समय में जिला कारागार में रोजाना सुबह लगने वाली योग कक्षाओं में सवा सौ के करीब कैदी शामिल हो रहे हैं। कैदियों के योग प्रशिक्षक संजय सिंह भी कैदी ही है, जिन्हें अब गुरुजी के नाम से जाना जाता है। योगा सिर्फ शरीर को फिट रखने के लिए नहीं बल्कि मन और मस्तिष्क को शांत और स्वच्छ रखने के लिए भी जरूरी है। योग और आध्यात्म किसी भी व्यक्ति के जीवन को परिवर्तित कर सही राह पर ला सकती है।इसी को ध्यान में रखते हुए जिला जेल प्रशासन द्वारा विचाराधीन बंदियों के लिए रोजाना घंटेभर का योग सेशन आयोजित कर रहा है। इसमें बंदी भी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं और रोजाना नियमतः योगाभ्यास कर रहे हैं। इसकी शुरुआत जेल अधीक्षक अंशुमान गर्ग के आने के पश्चात शुरू हुई।जेल प्रशासन की मानें तो जिन बंदियों ने योग करना शुरू कर दिया है, वह अब कम ही जेल के अस्पताल में चिकित्सक के पास जाते हैं। थकान, बेचैनी, तनाव और पेट संबंधी कई बीमारियां योगासनों के नियमित अभ्यास से ठीक होने लगी हैं। यही वजह है कि अन्य बंदी भी अब योग की ओर आकर्षित हो रहे हैं।जेल अधीक्षक अंशुमान गर्ग द्वारा बताया गया आगामी समय में भी रोजाना योग की कक्षा निरंतर संचालित हो सके, जिससे नए आने वाले बंदियों को भी योग की कक्षा में शामिल करके उनके भविष्य की अच्छी राह के लिए मौके मिल पाएं। इस संबंध में जिला जेल के जेल अधीक्षक अंशुमान गर्ग ने बताया कि जेल के निरुद्ध बंदियों को अपराध से विमुख करने के लिए योगाभ्यास की पहल की गई है। इससे पहले भी बंदियों को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

योग और ध्यान बंदीयों के लिए लाभदायक होगा। योग अभ्यास के इस क्लास में जेल पुलिस अधीक्षक अंशुमान गर्ग,जेलर गिरजा शंकर यादव, डिप्टी जेलर छोटेलाल सूर्यभान तेजवीर सिंह तथा विपिन, रघुनाथ,अनूप सहित जेलकर्मी भी योगा में हिस्सा लिये।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 08.05.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 02602024 दिनांक 08.04.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 04Sr.DEN-III/LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर/वाराणसी एवं जौनपुर के अधीन रेलवे ट्रैक के पास पेड़ों के तने और टहनियों की छंटाई और कटाई। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 30,26,253.71 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 60,500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 24.04.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 08.05.2024 समय 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1055/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 38°C | 22°C |
| कानपुर | 38°C | 23°C |
| देहरादून | 33°C | 18°C |
| नई दिल्ली | 38°C | 23°C |

# सपा का घोषणा पत्र : मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 करेंगे, लड़कियों को केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा ने बुधवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए घोषणा पत्र जारी किया। जिसमें 2025 तक जनगणना, 2029 तक सबको न्याय, फ्री शिक्षा और महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण वादा किया है। साथ ही सभी रिक्त पड़ी सरकारी नौकरियों को भरने की बात की कही। अखिलेश यादव ने किसानों का कर्ज माफ करने का भी वादा किया। वहीं, मनरेगा के तहत मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपए करने और साल में 150 दिन काम देने का ऐलान किया।

### रक्षा एवं विदेश नीति

- अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा।
- सशस्त्र बलों में नियमित भर्ती फिर से शुरू करेंगे।
- भारत में रक्षा उपकरणों के निर्माण पर जोर दिया जाएगा, रक्षा क्षेत्र का स्वदेशीकरण होगा।
- रक्षा क्षेत्र को पर्याप्त बजट दिया जाएगा और इस क्षेत्र का आधुनिकीकरण किया जाएगा।
- राष्ट्र की सेफ्टी और Sovereignty की हर स्थिति में रक्षा की जाएगी।
- विशेष रूप से चीन और पाकिस्तान के संदर्भ में हम अपनी सीमाओं की रक्षा करेंगे।
- घुसपैठ या आतंकवाद को बढ़ावा देना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### श्रम कल्याण

- न्यूनतम दैनिक मजदूरी को बढ़ाकर 450 रुपए किया जाएगा।
- केंद्रीय व राज्य सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के निजीकरण को बंद किया जाएगा। छंटनी रोकी जाएगी।
- सभी अनऑर्गेनाइज क्षेत्र के श्रमिकों के लिए 10 लाख का बीमा और 5000 प्रति माह पेंशन।
- पुरानी पेंशन योजना को पैरा-मिलिट्री सहित सभी के लिए फिर से बहाल किया जाएगा।
- अनऑर्गेनाइज क्षेत्र के स्किल-अनस्किल श्रमिकों को 500 रुपये प्रति माह श्रमिक सम्मान निधि प्रदान किया जाएगा।

### जंगल और पर्यावरण

- जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण नियंत्रण पर राष्ट्रीय चार्टर और नीति बनाई जाएगी।
- 2029 तक निर्माण उद्योग के लिए प्राकृतिक संसाधनों के सभी खनन को चरणबद्ध तरीके से खत्म कर दिया जाएगा।
- पर्यावरण के अनुकूल टेक्नोलॉजी को प्रोत्साहित किया जाएगा।
- गंगा एवं यमुना नदियों को प्रदुषण मुक्त करते हुए अविरल करने के प्रयास किए जाएंगे।

**सपा ने घोषणा पत्र को 'विजन डॉक्यूमेंट' नाम दिया है। जिसमें सामाजिक न्याय, लोकतंत्र को बचाने का अधिकार और मीडिया की आजादी के अधिकार की बात की गई। वहीं घोषणा पत्र को कई कैटेगरी में बांट कर चुनावी वादा किया है।**

### किसान कल्याण

- दुग्ध सहित सभी फसलों के लिए एमएसपी की गणना स्वामीनाथन फॉर्मूले (सी 2+50 प्रतिशत) के आधार पर की जाएगी।
- कानूनी गारंटी के रूप में सभी किसानों को एमएसपी।
- भूमिहीन किसानों समेत सभी कृषि/किसान ऋण 2024 में माफ किए जाएंगे।
- किसानों के लिए मुफ्त सिचाई।
- कृषि ऋण की निगरानी करने और किसानों को नियमित आधार पर राहत प्रदान करने के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा।
- भूमिहीन/किरायेदार किसानों सहित सभी छोटे और सीमांत किसानों (2.5 एकड़ से कम भूमि) के लिए 5000 रुपये प्रति माह की पेंशन दी जाएगी।
- सभी कृषि प्रधान राज्यों में हर 10 किलोमीटर पर एक मंडी की स्थापना।
- यूपी में गन्ना किसानों के लिए समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए 10000 करोड़ रुपये के रोलिंग फंड।
- मनरेगा द्वारा निजी कृषि मजदूरों को उनकी मजदूरी का 40 प्रतिशत भुगतान किया जाएगा।

### जंगल और पर्यावरण

- जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण नियंत्रण पर राष्ट्रीय चार्टर और नीति बनाई जाएगी।
- 2029 तक निर्माण उद्योग के लिए प्राकृतिक संसाधनों के सभी खनन को चरणबद्ध तरीके से खत्म कर दिया जाएगा।
- पर्यावरण के अनुकूल टेक्नोलॉजी को प्रोत्साहित किया जाएगा।
- गंगा एवं यमुना नदियों को प्रदुषण मुक्त करते हुए अविरल करने के प्रयास किए जाएंगे।

### उद्योग और वाणिज्य

- एमएसएमई के सूक्ष्म क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- बुनकर समुदाय के लिए विशेष योजनायें बनाई जाएगी।
- अनुसंधान एवं विकास पर बजट दोगुना किया जाएगा।
- भारत को एआई में अग्रणी बनाएंगे।
- निर्यात में वृद्धि कर वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी को दोगुना करने का लक्ष्य।
- कुटीर उद्योगों को पुनर्जीवित किया जाएगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नवरात्र में डाकघर में बेटियों का खुलेगा सुकन्या समृद्धि खाता

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। नवरात्र का पर्व नारी-शक्ति की आराधना को समर्पित है। बेटियाँ, महिलाये सशक्त होंगी तो समाज सशक्त होगा। डाक विभाग ने समृद्ध सुकन्या-समृद्ध समाज एवं समृद्ध नारी-समृद्ध समाज अभियान चलाया है। इसके तहत डाक विभाग अब हर घर में नारी शक्ति तक पहुंचेगा। पीएमजी वाराणसी एवं प्रयागराज कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के 13 जिलों चंदौली, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अमेठी ,मीरजापुर, सोनभद्र में अभियान चलाया जायेगा। वाराणसी और प्रयागराज परिक्षेत्र के डाकघरों में अब तक 6.58 लाख बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं, वहीं 1,100 गाँवों को संपूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम के रूप में आच्छादित किया जा चुका है। श्री यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में महिला सम्मान बचत पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनायें अहम् भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में नवरात्र के दौरान बेटियों का सुकन्या समृद्धि खाता और महिलाओं का महिला सम्मान बचत पत्र खुलवाकर एक नई पहल की जा सकती है। यह उन्हें आर्थिक व सामाजिक दोनों रूप में सशक्त बनाएगा। आज़ादी के अमृत काल में महिलाओं के लिए आरम्भ महिला सम्मान बचत पत्र को भी महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया है। श्री यादव ने कहा कि 1 अप्रैल, 2023 से आरंभ इस योजना में वाराणसी और प्रयागराज परिक्षेत्र में 26,460 महिलाओं ने 1.51 अरब रूपये का निवेश किया है।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1837 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 09 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3947 शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 21,48,229 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 14,35,162 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 5268 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 5466 कारतूस, 2144.5 किलोग्राम विस्फोटक व 268 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 1806 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 91 केन्द्रों को सीज किया गया। 09 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 03 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 73698 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। साथ ही 246 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 217 कारतूस, 78 किलोग्राम विस्फोटक व 8 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 172 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 03 केन्द्रों को सीज किया गया।

# उत्तर प्रदेश योगी सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सरदार भगत सिंह कॉलेज ऑफ़ हायर एजुकेशन (अ यूनिट ऑफ़ अवध कॉलिजिएट )में उत्तर प्रदेश योगी सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्ति करण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बीए, बीकॉम और बीबीए अंतिम वर्ष के छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए गए।इसके साथ ही स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य एवं गायन की मनमोहक प्रस्तुतियों द्वारा कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान किया। अध्यक्ष सर्वजीत सिंह वालिया निदेशिका जतिंदर वालिया सह निदेशिका डॉ ब्रह्मजोत कौर ने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन प्राप्त करने के लिए बधाई दी साथ ही उन्हे निरन्तर सीखते रहने और अपने व्यक्तित्व में उत्तम गुणों का विकास करते हुए आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया एवं भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी।

# प्रवर्तन एजेन्सियां व उड़नदस्ते मुस्तैद जब्त हो रही अवैध शराब, नकदी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**13455.90 लाख की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त**

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। सीईओ ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 09 अप्रैल त 13455.90 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2244.44 लाख रुपये नकद धनराशि, 3211.01 लाख रुपये कीमत की शराब, 5059.39 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 1806.08 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1134.98 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 09 अप्रैल को 140.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 21.38 लाख रुपये नकद धनराशि, 58.07 लाख रुपये कीमत की 21141.06 लीटर शराब, 60.56 लाख रुपये कीमत की 230986.10 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।09 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में आजमगढ़ की अतरौलिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 33.75 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 134900 ग्राम ड्रग तथा बांदा की नरैनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 15.65 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 61625 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

# बैंक के खातों पर लगी रोक के कारण लेट हुई किस्तें, इलाज के लिये रूपये ब्याज पर लेने को मजबूर खातेदार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के कानूनों की दुहाई देकर जब बैंक शाखाओ मे ख़ाताधारको का शोषण किया जाने लगे तब समझना मुश्किल हो जाता है। आखिर क़ानून की किताबें केवल गरीब और कम जानकर लोगों पर ही क्यों अपने क़ानून का रौब दिखाती है। मामला तब और गंभीर हो जाता है। ज़ब किसी बैंक के खातेदार के खाते मे रुपये तो हो मगर बिना किसी कारण बताये उसके खाते पर एक, दो, पांच दिन नहीं बल्कि कई सप्ताह के लिये रोक लगा दी जाती है। जिसके कारण उन खातेदारों के बैंक खाते पर प्राइवेट फाइनेंस मोटर साईकिल, मोबाईल आदि अन्य प्रकार की किस्तें जहाँ विलम्ब हुई वही दूसरी तरफ़ गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को ईलाज के लिए अपने ही खाते से पैसा निकालने के लिये मिन्नते करनी पड़े। तब समझना मुश्किल हो जाता है आखिर उन ख़ाताधारको की खता क्या है। जिनकी जमा निकासी की वजह से बैंक शाखाओं का वजूद है।
बैंक ऑफ़ इंडिया की गहदो शाखा अपने नित नये कारनामो के लिये मशहूर है। जानकारी के मुताबिक बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा गहदो ने बिना किसी पूर्व सूचना के लगभग अपने आठ हजार ख़ाताधारको के खातों पर रोक लगा दी थी । जिसे के वाई सी जमा होने के बाद खोलने की बात कहकर फोटो सहित आधार कार्ड की फोटो बैंक शाखा ने जमा कराया मगर महीनो तक कई बार जरूरी दस्तावेज जमा होने के बावजूद भी खातों से लेनदेन न होने से जहाँ कल्लू की प्राइवेट कम्पनी से फाइनेंस मोटरसाइकिल की किस्त लेट होने से प्राइवेट कम्पनी के कर्मचारी कल्लू पर किस्त जमा करने का दबाव बनाने लगे वही दूसरी तरफ़ गरीब कल्लू की पत्नी जो कैंसर नामक गंभीर बीमारी से जूझ रही है। कल्लू बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा के कर्मचारियों से अपना खाता खोल क़र पत्नी के ईलाज के लिये पैसे देने की मिन्नते करता रहा, अपनी मोटरसाईकिल की किस्त न जमा होने से समाज मे होती बेज्जती की दुहाई देता रहा, मगर शाखा के कर्मचारी पंद्रह दिन तक मजबूर कल्लू को मजबूत कानूनों की दुहाई देकर खाता खोलने मे असमर्थता दिखाते रहे। मरता क्या न करता मजबूरीवश कल्लू अपनी पत्नी की जान बचाने के लिये ईलाज और किस्त देकर इज्जत बचाने के लिये ब्याज पर पैसे लेकर बैंक की कार्यशैली को कोसते हुये अपनी जिंदगी की जंग लड़ने निकल पड़ा। बैंक के इन हालातों को देखकर समझना मुश्किल हो जाता है आखिर बैंक मे खुद के खाते मे जमा धन खुद की जरूरतों के समय मिलेगा या नहीं इस बात की गारंटी कौन देगा। वही सूत्रों की माने तो बैंक शाखा गहदो मे सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ज़ब से बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा गहदो के कार्यशैली की खबरें फैली है। तब से लोग बैंक मे व्याप्त भर्ष्टाचार और कमीशन का खेल होने की बात करने लगे है।

# ईदगाह और मस्जिद परिसर के बाहर न अदा करें नमाज, ईदगाह के इमाम ने जारी की एडवायजरी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ में ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने ईद-उल-फित्र की एडवाइजरी जारी कर कहा कि ईदगाह और मस्जिद परिसर के बाहर नमाज अदा न करें। मौलाना ने बताया कि बृहस्पतिवार को ऐशबाग ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 10 बजे होगी। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि अगर मस्जिद नमाजियों से भर जाए तो बाकी के नमाजी दूसरी मस्जिद में नमाज अदा करें। उन्होंने कहा कि मस्जिद की छत पर भी नमाज अदा कर सकते हैं। बताया कि मुसलमानों को ईद के दिन गुस्ल करना, अच्छे कपड़े पहनना, खुशबू , तेल, सुरमा लगाना और खजूर खाना सुन्नत है। मौलाना ने कहा कि इस साल एक आदमी का सदका-ए-फित्र कम से कम 65 रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने लाउडस्पीकर की आवाज तय मानक के अनुसार रखने और गाड़ियों को पार्किंग की जगह ही पार्क करने की भी अपील की।

### ईद की नमाज का समय

| मस्जिद | समय | मस्जिद | समय |
|---|---|---|---|
| ऐशबाग ईदगाह | 10 बजे | मस्जिद चार मीनार खदरा | 08.30 बजे |
| आसिफी मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा | 11 बजे | मस्जिद अमीर खां, हसनगंज डालीगंज | 08 बजे |
| टीले वाली मस्जिद | 09 बजे | मस्जिद दरगाह शाहमीना शाह | 07 बजे |
| ईदगाह खदरा | 9.30 बजे | मस्जिद तक्रियतुल ईमान, नादान महल रोड | 8.30 बजे |
| ईदगाह मलेसेमऊ गोमतीनगर | 8.30 बजे | मस्जिद एक मीनारा अकबरी गेट | 07 बजे |
| ईदगाह उजरियांव गोमतीनगर | 8.30 बजे | मस्जिद तकिया तारन शाह खदरा | 07.30 बजे |
| ईदगाह चिनहट | 7.30 बजे और 8.30 बजे | नानपारा गोखले मार्ग हजरतगंज | 09 बजे |
| शाही ईदगाह नादान महल रोड | 11 बजे | मस्जिद अनस कच्चा पुल | 08 बजे |
| मस्जिद यूसुफ झबझाली मोहल्ला | 08 बजे | मस्जिद उमर तम्बाकू मंडी | 8.30 बजे |
| मस्जिद नदवतुल उलमा | 08 बजे | मस्जिद अली कटरा विजनबेग | 6.30 बजे |
| मदार बख्श इरादतनगर डालीगंज | 06.30 बजे | मस्जिद बिस्मिल्लाह शाह चौपटिया | 8.15 बजे |
| मस्जिद शाही लाहौरगंज डालीगंज | 09 बजे | मस्जिद इब्राहिमी गली | 6 बजे |
| सैयदना बिलाल, मीठी खिचड़ी कदमरसूल | 7.30 बजे | अखाड़े वाली मस्जिद बिल्लौचपुरा | 6.20 बजे |
| मस्जिद मौलाना इश्तियाक खदरा | 10 बजे | मस्जिद वारसिया गोमतीनगर | 8 बजे |
| मस्जिद धन्ने खां, डालीगंज स्टेशन | 10 बजे | मस्जिद गंज शहीदा गोमतीनगर | 8.30 बजे |

# हटाई गई 83,58,602 प्रचार-प्रसार सामग्री

**फ्लैग के दुरुपयोग के 1198 और लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2188 मामलों में एक्शन**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक व निजी स्थानों से 83,58,602 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 50,46,268 तथा निजी स्थानों से 33,12,334 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग 5,38,622, पोस्टर के 23,71,247, बैनर के 14,43,324 एवं अन्य 6,93,075 मामलों में कार्यवाही की। निजी स्थानों में वालराइटिंग के 4,30,240, पोस्टर के 15,11,734, बैनर के 8,11,442 एवं अन्य 5,58,918 मामलों में कार्यवाही की। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1198 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2188 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 42 एफआईआर दर्ज, 05 एनसीआर सहित 47 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज हुई।

# सावधान! सुरक्षित नहीं है एसजीपीजीआई की पार्किंग

- **स्टाफ पार्किंग (पीएमएसएसवाई) से कैथ लैब में कार्यरत सफाई कर्मचारी मनीष की नई बाइक चोरी**
- **सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर बाइक ले उड़ा चोर, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ फोटो**
- **पीड़ित कर्मचारी ने ऑनलाइन दर्ज कराई एफआईआर**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बाइक चोर।

सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर एसजीपीजीआई की स्टाफ पार्किंग से संस्थान के ही सफाई कर्मचारी की नई बाइक चोरी हो गई। बाइक चुराने वाले शातिर चोर का फोटो परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पीड़ित कर्मचारी ने मामले की ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है। शीर्ष चिकित्सा सुविधा के लिए प्रसिद्ध संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस (एसजीपीजीआईएमएस) की पार्किंग अब महफूज नहीं रही है। तमाम सुरक्षा बंदोबस्त के बीच संस्थान की स्टाफ पार्किंग से बुधवार को कैथ लैब में कार्यरत सफाई कर्मचारी मनीष की हाल ही में खरीदी गई नई बाइक जिसका नंबर (यूपी35एएच0794) चोर दिनदहाड़े ले उड़ा। मनीष जब ड्यूटी पूरी कर स्टाफ पार्किंग (पीएमएसएसवाई) पहुंचा तो वहां अपनी बाइक को न पाकर वह घबरा गया। उसने पार्किंग में मौजूद सभी लोगों से बाइक के बारे में जानकारी ली, लेकिन इस संबंध में कोई कुछ नहीं बता सका। बाइक चोरी होने की आशंका पर उसने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग दिखवाई। इससे पता चला कि मनीष की बाइक चोर ले उड़ा है। चोर का फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। मनीष ने मामले की ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है।

# ईद की पूर्व संध्या पर मुस्लिम समाज ने किया चेट्टी चंड जुलुस का स्वागत

**सामजिक सद्भाव का दिया अनुकरणीय सन्देश**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सामाजिक सद्भाव भाईचारे की अद्भुत मिशाल पेश करते हुए आज मुस्लिम समाज से जुड़े पत्रकारों एवं विशिष्ट नागरिकों द्वारा केसरबाग चौराहे पर झूले लाल जयंती पर आयोजित चेटी चंड जुलुस पर पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर अत्यंत जोरदारी से स्वागत किया।ज्ञात हो प्रति वर्ष भगवान झूले लाल जिनको वरुण देवता का अवतार माना जाता हैं के प्राकट्य दिवस पर सिंध समाज का नया वर्ष प्रारम्भ होता हैं।इसी के उपलक्ष्य में चेटी चंड शोभा यात्रा निकाली जाती हैं।उक्त जुलुस शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ कैसरबाग पंहुचा जहाँ वरिष्ठ पत्रकार अजीज सिद्दीकी,अब्दुल वहीद, जुबेर अहमद परवेज अख्तर,संजय गुप्ता,सैय्यद गुलाम हुसैन, एन आलम, सैय्यद इक़बाल,समाज सेवी अब्दुल रशीद सुरेंद्र सोनकर,आरिफ़ मुकीम,रामबाबू आदि मुख्य रूप से स्वागत कर्ताओ में रहे।इस अवसर पर सिंधी समाज के मुरलीधर आहूजा, संजय जेसवनी ने इस स्वागत पर मुस्लिम समाज एवं पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कल आने वाले ईद के त्यौहार की मुबारकबाद देते हुए देश में अमन भाई चारे की दुआ की।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

| निविदा सं. | खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | वेबसाइट |
|---|---|---|---|---|
| 96245378 | 29.04.2024 | बार गेज | 02 नं. | www.ireps.gov.in |
| 96235372 | 08.05.2024 | मिनीप्रूफ और ऑप्टिकल रेल प्रोफाइल मीजरिंग इक्विपमेंट विद पीडीए/टेबल | 01 नं. | www.ireps.gov.in |

पत्रांक Sr.DMM/NR/Tender/AT/LKO/2024-25 दिनांक : 10.04.2024 1087/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

**इस देश के अनेक चुनाव में यह देखा गया है कि विपक्षी दल महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में महंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। आज विपक्ष के पास सरकार के विरोध में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर सरकार को घेरा जा सके। इसके विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं।**

*लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौकीदार चोर है के जवाब में ÷मैं भी चौकीदार÷ का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा। मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूं, लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुंच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुंचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस की ओर से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोतरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आंख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए।*

### एक्सप्रेस आलेख

**हा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था।**



योगेश कुमार गोयल

नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

# नौ शक्तियों का मिलन पर्व है नवरात्रि

भारतीय समाज में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 9 अप्रैल से हो चुकी है, जिसका समापन रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-



**देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं।**

शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है। दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड्ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं।

### एक्सप्रेस कविता

*गर तजुर्बा मेरा ढेर न होता,*
*मुक़म्मल मेरा शेर न होता।*
*ताज हमारे ही सिर पर होता,*
*किस्मत का ऐसा फेर न होता ।*
*बनते तेरे मेरे दिल के रिश्ते,*
*बीच हमारे एर-गैर न होता ।*

*अब कहां हैं, हीर और रांझे,*
*प्यार तो ऐसा,खैर न होता,*
*मेरी तो बस एक ही ख्वाहिश थी,*
*तेरे लिए मैं इतना गैर न होता ।*
*जीत जाते इश्क की बाजी, संजीव,*
*तक़दीर से इस कदर बैर न होता।।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*अच्छे काम करते रहिये चाहे लोग तारीफ करें या न करें आधी से ज्यादा दुनिया सोती रहती है 'सूरज' फिर भी उगता हैं*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 15:03 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 25:37 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | प्रीति, 07:18 |
| सूर्योदयः | 06:01 |
| सूर्यास्तः | 18:43 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 13:57-15:33 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:46 |

## जन एक्सप्रेस

### खूब हो रही बैठक !

*चिंतन मंथन चल रहा ।*
*हो कैसे सुधार ?*
*रूठ गई है जनता ।*
*ना करती उपकार ।।*
*कायाकल्प हो पुनः ।*
*है ऐसा प्रयास ।।*
*जनता को नहीं आया पर ।*
*कार्यशैली रास ।।*
*खूब हो रही बैठक ।*
*नहीं निकलता हल ।।*
*ले रहे संकल्प ।*
*उत्तम करना कल ।।*
*कहां हो रही ग़लती ।*
*नहीं समझ ये आया ।।*
*है लेकिन ये सत्य ।*
*हो रहा सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पानी में नेचुरल तरीके से इलेक्ट्रोलाइट्स बढ़ाने के लिए अपनाएं 5 उपाय, दिनभर रहेगी एनर्जी

**गर्मियों** में डिहाइड्रेशन की समस्या होना आम बात है। वातावरण का तापमान बढ़ने से शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इसके कारण शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स लेवल भी कम होने लगता है। जिस कारण लोगों को उल्टी या चक्कर आने जैसी समस्याएं ज्यादा होने लगती हैं। इसलिए डॉक्टर्स गर्मियों में इलेक्ट्रोलाइट्स वाटर पीने की सलाह देते हैं। इलेक्ट्रोलाइट्स हमारे शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखने के लिए जरूरी होते हैं। यह शरीर में एनर्जी बनाए रखने और दिनभर एक्टिव रहने में मदद करते हैं। शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होने पर मसल्स क्रैम्प्स, चक्कर आना, थकावट और कमजोरी जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसलिए अपनी गर्मियों की डाइट में इलेक्ट्रोलाइट्स लेना बहुत जरूरी है। इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी पूरा करने के लिए कई लोग मार्केट में मिलने वाले इलेक्ट्रोलाइट्स पाउडर लेते हैं। लेकिन इनमें प्रिजर्वेटिव्स होने के कारण यह हर किसी को फायदा नहीं करते हैं। इसकी जगह आप कुछ नेचुरल तरीके अपनाकर पानी में इलेक्ट्रोलाइट्स एड कर सकते हैं।

**खट्टे फलः** खट्टे फलों जैसे कि संतरा, मौसमी और नींबू में वाटर कंटेंट



ज्यादा होता है। इनमें विटामिन-सी होता है, जिससे बॉडी में इम्यूनिटी बनी रहती है। आप खट्टे फलों का सेवन कर सकते हैं या इनका जूस बनाकर ले सकते हैं। साथ ही, इसमें पोटेशियम, सोडियम और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स भी पाए जाते हैं। ये मिनरल्स बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट्स एड करने और बॉडी में एनर्जी बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

**पानी में नींबू मिलाकर पिएंः** गर्मियों में नींबू पानी का सेवन करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। नींबू रिफ्रेश करने और बॉडी को एक्टिव रखने में मदद कर सकता है। इसमें विटामिन-सी होने के साथ एंटीऑक्सीडेंट्स और आवश्यक गुण भी पाए जाते हैं। नींबू पाने में इलेक्ट्रोलाइट्स भी मौजूद होते हैं, जो बॉडी में वाटर कंटेंट मेंटेंन रखने में मदद करते हैं।

**नारियल पानी पिएंः** कमजोरी महसूस होने पर आप नारियल पानी का सेवन भी कर सकते हैं। इसमें इलेक्ट्रोलाइट्स होने के साथ पोटेशियम, सोडियम और मैग्नीशियम जैसे गुण भी पाए जाते हैं। ये बॉडी को एक्टिव और हाइड्रेट रखने में भी मदद करते हैं।

**पानी में सेंधा नमक मिलाएंः** सेंधा नमक में सोडियम की मात्रा अधिक होती है। अगर आप पानी में सेंधा नमक मिलाकर पीते हैं, तो इससे बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट्स बढ़ते हैं। यह पानी को शरीर में रोककर रखता है, जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती है। इसलिए जब भी आपको कमजोरी महसूस हो, तो पानी में एक चुटकी सेंधा नमक मिलाकर जरूर पिएं।

**नेचुरल हर्ब्स एड करेंः** पानी में इलेक्ट्रोलाइट्स बढ़ाने के लिए आप नेचुरल हर्ब्स भी एड कर सकते हैं। इसके लिए आप पानी में तुलसी या पुदीने के पत्ते डालकर पी सकते है। हर्ब्स वाटर आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करेगा। साथ ही, इससे आपको कमजोरी या थकावट से भी राहत मिलेगी। अगर आप किसी प्रकार की दवा का सेवन करते हैं, तो इनका सेवन शुरू करने से पहले डॉक्टर से संपर्क जरूर करें।

### एक्सप्रेस विशेष



- प्रहलाद सबनानी

कैलेंडर रिफॉर्म कमेटी ने विक्रम संवत को राष्ट्रीय संवत बनाने की सिफ़ारिश की थी। विक्रम संवत, ईसा संवत से 57 साल पुराना था। परंतु, दुर्भाग्य से भारत में अंग्रेज़ी मानसिकता से ग्रसित लोगों के यह सुझाव पसंद नहीं आया और देश में यूरोप के कैलेंडर को लागू कर दिया गया।

# भारत में वर्ष प्रतिपदा हिंदू कालगणना के वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर मनाई जाती है

**भारत** में हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार नए वर्ष का प्रारम्भ वर्षप्रतिपदा के दिन होता है। वर्षप्रतिपदा की तिथि निर्धारित करने के पीछे कई वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ 'कथा कल्पतरु' में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और उसी दिन से सृष्टि संवत की गणना आरम्भ हुई। समस्त पापों को नष्ट करने वाली महाशांति उसी दिन सूर्योदय के साथ आती है। वर्ष प्रतिपदा का स्वागत किस प्रकार करना चाहिए इसका वर्णन भी हमारे शास्त्रों में मिलता है। सर्वप्रथम सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की पूजा '?' का सामूहिक उच्चारण, नए पुष्पों, फलों, मिष्ठानों से युग पूजा और सृष्टि की पूजा करनी चाहिए। सूर्य दर्शन, सुर्यर्ध्य प्रणाम, जयजयकार, देव आराधना आदि करना चाहिए। परस्पर मित्रों, सम्बन्धियों, सज्जनों का सम्मान, उपहार, गीत, वाध्य, नृत्य से सामूहिक आनंदोत्सव मनाना चाहिए तथा परस्पर साथ मिल बैठकर समस्त आपसी भेदों को समाप्त करना चाहिए। चूंकि यह ब्रह्मा द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ तिथि है अत इसको प्रथम पद मिला है, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। हमारा यह शास्त्रीय विधान पूर्णतः विज्ञान सम्मत है। जागरण के इस काल में हमें काल पुरुष जगा रहा है, ऐसी सनातन संस्कृति में मान्यता है। आइये, हम भी हिंदुत्व के उगते सूरज के सम्मान और अभ्यर्थना में उठ खड़े हों। अर्थात, महान यशस्वी इंद्र एश्वर्य प्रदान करें, पूषा नामक सूर्य तेजस्विता प्रदान करें। ताक्षर्य नामक सूर्य रसायन तथा बुद्धि द्वारा रोग-शोक का निवारण करें तथा बृहस्पति नामक गृह सभी प्रकार के मंगल तथा कल्याण प्रदान करते हुए उत्तम सुख समृधि से ओतप्रोत करें। उक्त मन्त्र में खगोल स्थित क्रान्तिव्रत के समान चार भाग के परिधि पर समान दूरी वाले चार बिन्दुओं पर पड़ने वाले नक्षत्रों क्रमशः इंद्र, पूषा ताक्षर्य एवं बृहस्पति अर्थात चित्रा, रेवती, श्रवण व् पुष्य नक्षत्रों द्वारा क्रान्ति व्रत पर 180 अंश का कोण बनता है। यह वैदिक पुरुष द्वारा की गई जन कल्याण की कामना है। वर्ष प्रतिपदा हिंदू काल गणना पर आधारित है और इसके साथ अन्य कई वैज्ञानिक तथ्य भी जुड़े हैं। इसी दिन वासंतिक नवरात्रि का भी प्रारम्भ होता है और वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व प्रारम्भ होता है तथा सनातनी हिंदू इसी दिन से शक्ति की भक्ति में लीन हो जाते हैं। सतयुग के खंडकाल में भारतीय (हिन्दू) नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन प्रारंभ हुआ था क्योंकि इसी दिन ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया गया था। आगे चलकर त्रेतायुग में वर्षप्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ था। भगवान श्रीराम ने वानरों का विशाल सशक्त संगठन बनाकर असुरी शक्तियों (आतंक) का विनाश किया था। इस प्रकार अधर्म पर धर्म की विजय हुई और रामराज्य की स्थापना हुई थी। अगले खंडकाल अर्थात द्वापर युग में युधिष्ठिर संवत का प्रारम्भ भी वर्षप्रतिपदा के दिन हुआ था। महाभारत के धर्मयुद्ध में धर्म की विजय हुई और राजसूय यज्ञ के साथ युधिष्ठिर संवत प्रारम्भ हुआ। आगे कलयुग के खंडकाल में विक्रम संवत प्रारम्भ हुआ। सम्राट विक्रमादित्य की नवरत्न सभा की चर्चा आज भी चहुंओर होती है। यह भारत के परम वैभवशाली इतिहास का एक अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। इस नवरत्न सभा में निम्नलिखित रत्न शामिल थे - (1) धन्वन्तरि-आर्युवेदाचार्य; (2) वररुचि-व्याकरणचार्य; (3) कालीदास-महाकवि; (4) वराहमिहिर-अंतरिक्षविज्ञानी; (5) शंकु-शिक्षा शास्त्री; (6) अमरसिंह-साहित्यकार; (7) क्षणपक-न्यायविद दर्शनशास्त्री; (8) घटकर्पर-कवि; (9) वेतालभट्ट-नीतिकार। भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। दरअसल भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही उन्हें महाकाल कहा गया। वहीं कलयुग में विक्रमादित्य द्वारा नए संवत का प्रारम्भ परकीय विदेशी आक्रमणकारियों से भारत को मुक्त कराने के महाअभियान की सफलता का प्रतीक माना गया है। इधर स्वतंत्र भारत की सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचांग निश्चित करने के उद्देश्य से प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक 'कलैंडर रिफार्म कमेटी' का गठन किया गया था। वर्ष 1952 में 'साइंस एंड कल्चर' पत्रिका में प्रकाशित एक प्रतिवेदन के अनुसार,

**यही दस महीने का साल वे तब तक चलाते रहे जब तक उनके नेता सेनापति जूलियस सीजर ने इसमें संशोधन नहीं कर लिया। ईसा के 530 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद, ईसाई बिशप ने पर्याप्त कल्पनाएं कर 25 दिसम्बर को ईसा का जन्म दिवस घोषित किया। वर्ष 1572 में तेरहवें पोप ग्रेगोरी ने कैलेंडर को दस दिन आगे बढ़ाकर 5 अक्टोबर (शुक्रवार) को 15 अक्टोबर माना, जिसे ब्रिटेन द्वारा 200 वर्ष उपरांत अर्थात वर्ष 1775 में स्वीकार किया गया।**

# एसपी खीरी ने महिला के संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खाने के प्रकरण की जांच सीओ गोला को दी

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैलानी की पुलिस चौकी बांकेगंज में महिला के संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खाने के मामले को लेकर सोशल मीडिया पर पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है।सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष सहित कई लोगों ने पीड़ित महिला के साथ गाली-गलौज कर रहे चौकी इंचार्ज का वायरल हुआ वीडियो एक्स पर ट्वीट किया है। सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष ने योगी पुलिस का कारनामा लिखकर उस पर तंज कसा है। उधर एसपी ने पूरे प्रकरण की जांच सीओ गोला को सौंपी





है।मंगलवार को पुलिस चौकी बांकेगंज के गांव गंगापुर निवासी निरंजन की पत्नी गोमती देवी ने पुलिस चौकी परिसर में संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि उसने गांव पसियापुर के एक युवक को 90 हजार रुपये दिए थे। रुपये वापस न करने पर उसने पुलिस को तहरीर दी थी, जिस पर दरोगा ने उधार दिए गए 90 हजार रुपये दूसरे पक्ष से ले लिए, लेकिन वह उसे अब वापस नहीं कर रहा है। रुपये मांगने पर गाली गलौज की और उसे जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया।बुधवार को सोशल मीडिया पर आरोपी दरोगा के दो वीडियो वायरल हुए हैं। दोनों वीडियो पुलिस चौकी परिसर के हैं। एक वीडियो में वह पीड़ित महिला गोमती को गाली देते और चौकी से भगाते हुए दिख रहा है। वहीं दूसरे वीडियो में एक युवक के साथ चौकी के अंदर अभद्रता कर रहा है। सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रख्याति खरे सहित कई लोगों ने इन दोनों वीडियो को एक्स पर ट्वीट किया है।

मुख्यमंत्री, आईजी, डीजीपी और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को टैग कर सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष ने तंज कसते हुए लिखा है कि खीरी पुलिस के जाबांज दरोगा कृष्ण पाल बांकेगंज चौकी में फरियादी महिला को अभ्रद भाषा से सम्मानित करते.. इन पर महिला ने जहर पिलाने का लगाया है आरोप, योगी पुलिस के कारनामे तो किसी ने नारी वंदन का जाबांज दरोगा लिखकर तंज कसा है।

उधर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अफसरों में भी हड़कंप मच गया।एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पूरे प्रकरण की जांच सीओ गोला को सौंपी है।

## बैरिया जंगल में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

थाना पडुआ पुलिस ने बैरिया जंगल में छापा मारकर अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक देशी बंदूक समेत कई बने व अधबने तमंचे,असलहे बनाने के उपकरण आदि बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक हरिकेश राय ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने बैरिया जंगल में छापा मारा। इस दौरान टीम ने सागर पुत्र बाबूराम निवासी राजपुर मजरा दरेरी को गिरफ्तार किया है। मौके से एक देशी बंदूक, पांच तमंचा, एक अर्धनिर्मित तमंचा, कारतूस, कारतूस खोखा, शस्त्र बनाने के उपकरण, एक पेट्रोमैक्स व 370 रुपये आदि बरामद किए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, चाचा की मौत भतीजा घायल

जन एक्सप्रेस । हरदोई। मल्लार्वा। मल्लावां संडीला मार्ग पर देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें चाचा भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें चाचा की मौत हो गई।और घायल भतीजे का उपचार चल रहा है। समाचार मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आपको बता दें कोतवाली क्षेत्र के गांव गोसवा निवासी राजीव तिवारी 28 पुत्र बालक राम अपने भतीजे वेद प्रकाश24 पुत्र विनोद कुमार तिवारी के साथ मंगलवार की शाम पुरबावा से दोनो बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। गोसवा पावर हाउस के निकट विपरीत दिशा में तेज रफ्तार जा रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल लेकर दिया। वहीं वेद प्रकाश का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। और राजीव को लखनऊ अस्पताल ले जा रहे थे। कि रास्ते में मौत हो गई । मौत का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। और अविवाहित था। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### ईद के दृष्टिगत 13 अप्रैल को प्रशिक्षण प्राप्त करें अल्पसंख्यक समुदाय के पीठासीन व मतदान अधिकारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 सौम्या गुरूरानी ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 अन्तर्गत महाराणा प्रताप राजकीय पी0जी0 कालेज हरदोई में आयोजित हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 11 अप्रैल 2024 को ईद-उल-फितर का त्यौहार/पर्व है जिसके दृष्टिगत अल्पसंख्यक समुदाय से सम्बन्धित पीठासीन अधिकारी एव मतदान अधिकारी द्वारा आगामी प्रशिक्षण तिथि में प्रशिक्षण प्राप्त किये जाने का अनुरोध किया जा रहा है। इस क्रम में अल्पसंख्यक समुदाय से सम्बन्धित जो पीठासीन अधिकारी एव मतदान अधिकारी द्वारा 11 अप्रैल 2024 के स्थान पर आगामी प्रशिक्षण तिथि में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक है, उनको 13 अप्रैल 2024 को प्रशिक्षण प्रदान किया जाये।

### प्रथम रैण्डमाइजेशन से माइक्रो आब्जर्वर के रूप में कार्मिकों की ड्यूटी लगी

जन एक्सप्रेस । हरदोई। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की निगरानी में माईक्रो ऑब्जेर्वर के प्रथम रैण्डमाइजेशन का कार्य संपन्न हुआ। इस प्रथम रैण्डमाइजेशन से माईक्रो ऑब्जेर्वर के रूप में कार्मिकों की ड्यूटी लगी तथा उन्हें कोड का आवंटन हुआ। सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया डीआईओ एनआईसी अमित मिश्रा द्वारा संपन्न करायी गयी। इन कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 13 अप्रैल को रसखान प्रेक्षागृह में दो पालियों में संपन्न होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण में सभी कार्मिक ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने वाले माईक्रो ऑब्जर्वरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। रैण्डमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी तथा सहायक नोडल प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह व मनोज कुमार मिश्रा सहित सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कन्ट्रोल रूम में कम्प्यूटर, कर्मचारियों आदि व्यवस्थाएं समय से कराना सुनिश्चित करें: डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी के साथ लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नगर पालिका परिषद सभागार हरदोई में बनाये गये कन्ट्रोल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पहले कन्ट्रोल रूम में कम्प्यूटर एवं कर्मचारियों सहित सभी व्यवस्थाये समय से कराना सुनिश्चित करें ताकि निर्वाचन की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इस अवसर पर डीडी कृषि, जिला सूचना अधिकारी तथा ईओ नगर पालिका आदि उपस्थित रहें।

### मौलागंज बस स्टैंड पर आड़ी तिरछी खड़ी रोडवेज बसों से लगता है जाम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। मौलागंज बस स्टैंड पर रोडवेज बसें बस स्टैंड न होने की वजह से आड़ी तिरछी खड़ी हो जाती है जिससे अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होने के साथ-साथ दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं, परंतु शाहाबाद को अब तक रोडवेज बस स्टैंड नहीं मिल सका। रोडवेज बस स्टैंड के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा भूमि का आवंटन हरदोई रोड पर किया गया। उस भूमि के लिए शासन से एक करोड़ की धनराशि रोडवेज बस स्टैंड के लिए अब मुक्त कराई जा चुकी है। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी द्वारा बस स्टैंड के लिए शिलान्यास भी किया गया लेकिन बस स्टैंड के निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। रोडवेज बसें हाईवे पर मौलागंज बस स्टैंड पर ही आड़ी तिरछी खड़ी हो जाती है जिससे जाम लग जाती है और दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं ।रोडवेज बस के चालक अक्सर बसों को बेतरतीब ढंग से खड़ी कर देते हैं जिससे पीछे से आने वाले वाहनों को गुजरने में दिक्कत होती है। मौलागंज बस स्टैंड पर पुलिस ड्यूटी पर रहती है परंतु सिपाही मुख्य दर्शक बने रहते हैं।

### गलियों से गुजर रही ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों से आए दिन होते हैं हादसे

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। ओवरलोड वाहनों का गोरख धंधा कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। पुलिस एआरटीओ और ट्रांसपोर्टरों की मिलीभगत के चलते ओवरलोडिंग का गोरख धंधा धड़ल्ले के साथ किया जाता है। लेकिन यह ओवरलोडिंग का गोरख धंधा अब गलियों में भी किया जाने लगा है।
वीडियो में हमारे दर्शक साथ देख सकते हैं की एक ओवरलोड भूसी लदी डॉक्टर ट्राली पावर हाउस के निकट बाजार संभा की गली से गुजर रही है।
यह गली पूरी तरह से ऊबड़-खाबड़ है।
डगमग करती हुई यह ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली गली से गुजरती हुई देखी जा सकती है।
छोटी गली है आसपास गलियों में घर हैं। बच्चे भी इस गली में अक्सर खेलते रहते हैं। लेकिन ओवरलोडिंग का कारोबार करने वाले अब गलियों से गुजरने लगे हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होने लगी हैं। लेकिन पुलिस ओवरलोडिंग के इन गोरख धंधे बाजों से पूरी तरह से अनजान बनी हुई है, और नागरिकों के लिए यह ओवरलोडिंग पूरी तरह से जंजाल बनी हुई है। किसी भी समय कोई भी हादसा हो सकता है। लेकिन ओवरलोडिंग के गोरख धंधेबाज गलियों से गुजर कर अपना गोरख धंधा जारी रखे हैं।

## विवाहिता की मौत, पति समेत 6 पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में एक विवाहिता का शव फंदे से लटकता हुआ पाया गया है। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सीतापुर जिले के थाना हरगांव क्षेत्र के ग्राम सेलूमऊ निवासी शिवराम पुत्र श्री कृष्ण का कहना है कि उन्होंने अपनी बेटी चारुल का विवाह 22 मई 2021 को गोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी मनोज शुक्ला के बेटे शुभम शुक्ला के साथ किया था। वह दहेज में चार पहिया वाहन नहीं दे पाए थे। जिसे लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। चार माह पूर्व इसकी शिकायत उन्होंने




गोला कोतवाली में की थी, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि 9 अप्रैल को उनकी बेटी ने फोन कर बताया कि उसके ससुरालीजन चार पहिया वाहन की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। यदि रुपयों की व्यवस्था कर न भेजा गया तो उसकी जान खतरे में है। शिवराम का कहना है कि वह परेशान हो गया और अपने छोटे बेटे नितिन से किसी तरह 10 हजार रुपए की व्यवस्था कर जलालपुर भेजें। उनका बेटा जलालपुर आया और अपने बहनोई को 10 हजार रुपए दिए तो वह लोग और गुस्सा हो गए। कहा पूरी रकम लेकर आओ नहीं तो अपनी बहन और भांजे का शव ले जाना। उनका बेटा घर पहुंचा तभी शाम को फोन गया कि उनकी बेटी चारुल की मौत हो गई है। जब वह जलालपुर पहुंचे तो उसे उनकी बेटी का शव आंगन में पड़ा था। शरीर पर चोट के जाहिरा निशान थे। पुलिस ने मृतका के पति शुभम शुक्ला, सास पम्मी, देवर वासू, ननद गडानी निवासी जलालपुर और मामा ऋषिकांत कांत अवस्थी निवासी बेहटा थाना गोला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### दूसरी शादी का विरोध करने पर पत्नी को पीटकर घर से निकाला,चार बच्चों की मां से की शादी

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। क्षेत्र के ग्राम मगियांवा में पति द्वारा दूसरा विवाह कर लेने का विरोध करने पर पति ने अपनी दूसरी पत्नी के साथ मिलकर पहली पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है ।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम मगियांवा निवासी मीना पुत्री अशोक कुमार ने बताया उसका विवाह राजाबाबू के साथ कई वर्ष पहले हुआ था उसके तीन बच्चे हैं ।दो मार्च को उसके पति ने गांव में ब्याही उसकी सगी बहन चार बच्चों की मां पारुल से दूसरा विवाह कर लिया और उसकी लिखा पढ़ी हरदोई कचहरी में करवा ली ।जानकारी मिलने पर उसने विरोध किया तो 7 मार्च को पति ने दूसरी पत्नी के साथ मिलकर उसके साथ मार पीट की ।विरोध करने पर उसे घर से निकाल दिया।

## तेज रफ्तार कार से बाइकों की भिड़ंत, दो की मौके पर मौत दो घायल




जन एक्सप्रेस । हरदोई

लोनार थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे में एक तेज रफ्तार कार ने दो बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया तथा मृतको के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बताते चलें कि शाहाबाद- जगदीशपुर मार्ग पर लोनार थाना क्षेत्र के गदाईपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित क्रेटा कार ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। और अचानक हुए इस हादसे से कार चालक अपना संतुलन खोते हुए दूसरी बाइक से जा टकराया। इस घटना में नरेश पुत्र रामबक्स निवासी गदाईपुर थाना लोनार व सर्वेश पुत्र पूसेलाल निवासी शाहपुर डिगामा थाना बेहटा गोकुल की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा। घटना से अवरुद्ध हुए यातायात को पुलिस द्वारा खुलवाया गया है। कार को पुलिस ने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तंड प्रकाश ने बताया कि दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।तथा गम्भीर रूप से घायलो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली सीज, लगाया गया जुर्माना

जन एक्सप्रेस । हरदोई

**पाली।** पाली कस्बा में ईंट से भरी एक ओवर लोड ट्रैक्टर ट्राली को आरटीओ ने पकड़ कर सीज किया है। साथ ही 75 हजार का जुर्माना भी लगाया है। आरटीओ की इस कार्यवाई से ओवर लोडिंग वाहनों को लेकर चलने वाले लोगों में हड़कंप मचा है। पाली कस्बा पहुंचे आरटीओ विवेक सिंह ने बुधवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे बरेली-शाहजहांपुर से ईंट भरकर पाली कस्बा आई एक ट्राली को पकड़ लिया।

जब चालक रिजवान से कागज़ात मागे गए तो चालक कोई भी दस्तावेज नही दिखा सजा।

उन्होंने बताया जांच के दौरान ट्राली में छह हजार ईंट भरी हुई मिली। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर आरटीओ ने ओवरलोडिंग में 75750 रुपये का जुर्माना काटा और ट्रैक्टर ट्राली को पाली थाने भेजकर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया आरटीओ द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर सीज और जुर्माना किया गया है।

## किन्नर पलक द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद। नगर के पाली रोड पर स्टार धर्मकांटा के निकट बनाए गए मां दुर्गा पूजा पंडाल में नौ दिनों तक प्रतिदिन रात्रि जागरण का आयोजन किया गया है। कस्बे के पाली रोड पर स्टार धर्मकांटे के निकट पंडाल में पलक किन्नर ने अपने गुरु हिरनी किन्नर और साथियों के साथ पहली बार मां के भक्तों के लिए मां दुर्गा पूजा पंडाल में मूर्ति स्थापना के साथ नौ दिन हवन पूजन और रात्रि जागरण का आयोजन किया है। जिसमें कस्बे के प्रमुख मार्गों पर कलश यात्रा निकालकर पंडाल में मूर्ति स्थापित की गई। पंडाल में हवन पूजन के बाद मां की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।पंडाल में नौ दिन तक रात्रि जागरण का आयोजन किया



गया है जिसमे मां के भजनों और सुंदर झाकियों का भक्तगण दर्शन कर सकेंगे। नवमी पर हवन और भंडारे के साथ दुर्गा उत्सव का समापन होगा।18 अप्रैल गुरुवार को कस्बे के मार्गों से शोभायात्रा के साथ पिपरिया घाट पर मूर्ति विसर्जन किया जायेगा। आयोजक मंडल में हिरनी किन्नर,पलक बुआ, सोनम बुआ, अमित विश्वकर्मा, सुनील, लल्लू, राजेश, विवेक सहित अन्य साथी पूरे नवरात्रि पंडाल की व्यवस्था संभालेंगे।

## कलश शोभा यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया

जन एक्सप्रेस । हरदोई

मल्लावां। मोहल्ला श्यामपुर स्थित बाबा गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में बासंतिक नवरात्रि में मां भगवती की उपासना एवं सनातन धर्म के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ कलश शोभायात्रा के साथ किया गया।

गौरी शंकर मंदिर के व्यवस्थापक 1008 कपिलाश्रम दंडी स्वामी के संरक्षण में नगर के युवा समाजसेवी विनीत त्रिपाठी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ में राधा माधव वैदिक सत्संग सेवा समिति के अध्यक्ष क्षेत्र के सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य जितेंद्र कृष्ण मिश्र के साथ पंडित दीपक शुक्ला , ऋषभ दीक्षित, गोपाल तिवारी एवं शिव शंकर तिवारी ने विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन करा के शोभा यात्रा की शुरुआत कराई। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि



डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के बड़े भाई भाजपा नेता राजेश पाठक एवं उनके सुपुत्र गौरव पाठक ने अपने आवास पर भागवत भगवान का पूजन अर्चन किया।

शोभायात्रा सर्वप्रथम कालिका देवी मंदिर, बाबा तुरंती नाथ मंदिर राय बाजार, शिव मंदिर बड़ी बाजार, हनुमान मंदिर बादा टोला, गायत्री मंदिर, बाबा बटेश्वर धाम हनुमान मंदिर एवं माता मान देवी मंदिर होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल गौरी शंकर मंदिर पहुंची।

जहां पर भागवत भगवान की आरती उतार कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान अशोक कुमार तिवारी ने सभी आगंतुकों एवं भक्तगणों के प्रति आभार व्यक्त किया। कलश शोभाया वोत्रा में आयोजक विनीत त्रिपाठी, प्रकाश चंद गुप्त, विपिन सोनी, रमन त्रिपाठी, रामकुमार गुप्ता, मुरारी मिश्रा, रामकिशन अर्कवंशी, सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## पन्तवारी मन्दिर पाली में ज्वाला ज्योति पहुंचने पर भक्तों ने किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । हरदोई

**पाली।** चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य पर 6 अप्रैल को माता रानी की ज्योति लेने हिमाचल गया भक्तो का जत्था बुधवार की सुबह ज्योति लेकर वापस शाहाबाद आंझी स्टेशन पहुचां। जहां से ज्योति लेकर जत्था जैसे ही नगर के गर्रा पुल पर बुधवार की दोपहर पहुंचा तो नगर व क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ पहुंचकर ज्योति का स्वागत किया और शोभा यात्रा निकालकर ज्योति को मां पंतवारी देवी मंदिर पहुचाया। जहां मंत्रोउच्चरण के बाद ज्योति को मंदिर में स्थापित किया गया।

पाली कस्बा से 41 सदस्यीय जत्था माता रानी की ज्योति लेने 6 अप्रैल को हिमाचल के लिए रवाना हुआ था। बुधवार को भक्तो का जत्था ज्योति लेकर आंझी स्टेशन पहुचा। कुछ भक्त ज्योति के दर्शन करने शाहाबाद पहुचें। उसके बाद शाहाबाद होकर पाली नगर के गर्रा पुल पर जैसे ही मां की ज्योति पहुचीं तो नगर व क्षेत्र के सैकड़ो भक्त गाजे बाजे के साथ दो पहिया व चार पहिया वाहनों से ज्योति की अगवानी करने गर्रा पुल पहुंच गए। माता रानी की पावन ज्योति को लेकर भक्त ढोल लंगाड़ो के साथ शोभा यात्रा निकाल कर नगर के मां पंतवारी देवी मंदिर पहुचें। जहां ज्योति के दर्शन को लेकर भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। आचार्यों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर ज्योति को मंदिर में स्थापित किया गया। सैकड़ों भक्तो ने मंदिर पहुंचकर मां ज्वाला देवी की ज्योति के दर्शन किये। मंदिर कमेटी सदस्य अजय गुप्ता ने बताया कि 14 अप्रैल को दुर्गा जागरण व 17 अप्रैल को ज्योति की विदाई कार्यक्रम होगा। 20 अप्रैल को मंदिर पर विशाल भंडारा होगा। इस मौके पर अनूप बाजपेई, शिवम तिवारी, आशुतोष मिश्रा, धीरू शुक्ला, कन्हैया गुप्ता, मुकेश गुप्ता, राहुल वाजपेयी आदि सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

### एसएसपी ऑफिस में डॉक्टर ने पी लिया कीटनाशक, हालत बिगड़ने पर पुलिस के फूले हाथ-पांव

जन एक्सप्रेस । बरेली। बरेली में एक डॉक्टर ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बरेली में फर्जी मुकदमे लिखाए जाने से परेशान डॉक्टर सोमपाल ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय में जहर खा लिया। इसकी जानकारी होने पर पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई। आनन-फानन डॉक्टर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है डॉक्टर पर छेड़खानी और जमीन संबंधित मुकदमे दर्ज हैं। डॉक्टर कई अधिकारियों के यहां न्याय की गुहार लगा चुके हैं। डॉक्टर के खिलाफ इज्जतनगर थाने में ही चार मुकदमे दर्ज हैं। इज्जतनगर थाने के एसएचओ जयशंकर ने बताया कि एक मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लग चुकी है। तीन केस अभी चल रहे हैं। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के आलोक नगर कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय डॉक्टर सोमपाल का मुंशी नगर में क्लीनिक है। आलोक नगर में उनका 100 वर्ग गज में घर बना हुआ है। बताया गया है कि यह घर उन्होंने 20 साल पहले रामलाल अरोड़ा से खरीदा था। डॉक्टर सोमपाल बुधवार को प्रार्थना पत्र लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचे। प्रार्थना पत्र देने के बाद उन्होंने कीटनाशक दवा पी ली, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। जानकारी होने पर पुलिस में खलबली मच गई।

## आग लगने से सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जमुनहा के रामपुर भागड़ व गनेशपुर भागड़ के खेतों में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग से 120 किसानों के करीब 625 बीघे खेत आग की चपेट में आ गए। इससे ठंडल समेत सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।?मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब पांच घंटे बाद आग पर काबू पाया। क्षति का आकलन किया जा रहा है। मल्हीपुर थाना क्षेत्र का रामपुर भागड़ व गणेशपुर भागड़ आपस में मिला हुआ है। जहां अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गई। जब तक ग्रामीणों को जानकारी होती और लोग मौके पर पहुंचते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया।

इसकी चपेट में आने से डिलवा निवासी राम चंद्र मौर्य के 30 बीघे, भवनियापुर निवासी तेजराम यादव व धनीराम यादव के 40 बीघे, दुर्गापुरवा निवासी परिक्रमा के 12 बीघे, मनीराम के नौ बीघे, गनेशपुर निवासी राम दुलारे के 27 बीघे, लालबोझा निवासी गोली के 10 बीघे, भुशैली



के 12 बीघे, गनेशपुर निवासी कृपाराम के पांच बीघे, जमुनहा बाजार निवासी मनोज गुप्ता के 14 बीघे, सुभाष के 14 बीघे, बरगदहा निवासी भगोले के 30 बीघे, रमेशर के पांच बीघे, राम उदित के दो बीघे सहित 120 किसानों के खेतों में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग को बेकाबू देख ग्रामीणों की सूचना पर दमकमलकर्मियों के साथ पहुंचे एसडीएम जमुनहा संजय कुमार राय, सीओ सतीश कुमार शर्मा व नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग को काबू किया। लाला मड़ई गांव के पास पांच बीघे फसल जली जमुनहा तहसील के ही हरदत्त नगर गिरंट के ग्राम रामपुर बस्ती निवासी खलील, अजीम व बहादुर के लाला मड़ई गांव के पास स्थित खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसकी चपेट में आने से तीनों किसानों की करीब पांच बीघे गेहूं की

## युवक ने हाईवे पर फूंक दिया अपना वाहन

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

शाहजहांपुर के खुटार में रिश्तेदार को फंसाने की नीयत से एक युवक ने हाईवे पर अपने वाहन में खुद ही आग लगा दी, जब तक फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई, तब तक वाहन पूरी तरह से जल चुका था। पुलिस ने साजिश रचने वाले युवक का शांतिभंग में चालान कर दिया। बुधवार सुबह गांव मलिका निवासी अमित उर्फ गोल्डन अपने टाटा मैजिक वाहन से जिला सीतापुर के थाना सिंधौली के गांव बेनीपुर निवासी अपनी सास सुमन मिश्रा को लेकर पुवायां के गांव बितौनी जा रहा था। नेशनल हाईवे-731 पर सुबह करीब 8:30 बजे खुटार क्षेत्र में गोमती पुल के पास सास को उसने उतार दिया। इसके बाद वाहन में आग लगा दी। आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। इधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोल्डन से पूछताछ की। उसने बताया कि उसके रिश्तेदार ने वाहन रुकवाकर उसमें आग लगा दी और फरार हो गया। शक होने पर पुलिस गोल्डन और उसकी सास को लेकर थाने पहुंची। सुमन ने पूछताछ में पुलिस को सच्चाई बता दी।

# ऐसा तो नही लोकल पर मंथन, बाहरी पर पूर्ण विराम, देवरिया से कौन होगा उम्मीदवार

जन एक्सप्रेस | गिरीश चन्द्र पाण्डेय

**कुशीनगर।** लोकल पर मंथन बाहरी पर पूर्ण विराम देवरिया लोकसभा 66 से भाजपा का कौन होगा उम्मीदवार की कयासबाजी आम जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है। टिकट की घोषणा न होने से चेहरे को लेकर भाजप कार्यकर्ताओं में अपने अपने टिकट मांगने वाले उम्मीदवारों के लिए होड़ सी मची हुई है। तो वहीं मतदाताओ में भी नामों को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। देवरिया संसदीय सीट चेहरे को लेकर काफी अहम माना जा रहा है। इस सीट पर अब तक भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने बाहरी या लोकल किसी के भी नाम की घोषणा नहीं किया है। जबकि गोरखपुर मंडल की देवरिया सीट को छोड़ सभी सीटों से भाजपा के उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं।

बुधवार को भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक सूची जारी कर यूपी के 7 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारो के नाम की घोषणा तो कर दिया है।इस सूची में भी देवरिया लोकसभा 66 से किसी लोकल या बाहरी उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं हो

### सूची में भी देवरिया संसदीय सीट से उम्मीदवार के नहीं आये नाम, भाजपा कार्यकर्ता परेशान

सकी है। भाजपा के प्रत्याशियों की ये सूची भी देवरिया लोकसभा के लोगों व कार्यकर्ताओं सभी को चौंका दिया है। भाजपा से देवरिया सीट पर लगातार पार्टी द्वारा नामों की घोषणा न किए जाने से यहां के मतदाताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकल उम्मीदवार के पक्ष में पार्टी द्वारा टिकट दिये जाने का कयास लगाया जा रहा है।

भाजपा कार्यकर्ताओं का मानना है कि कुशीनगर, सलेमपुर, बांसगांव, गोरखपुर, महराजगंज आदि सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा पार्टी द्वारा पहले ही की जा चूंकि है।यदि बाहरी व्यक्ति को देवरिया से टिकट देना होता तो पार्टी हाई कमान इन्हीं लोकसभा सीटों के उम्मीदवारो के नाम के साथ देवरिया सीट पर किसी के नाम की मुहर लगा कर आम चर्चाओं पर विराम लगा दिया होता। लोगों का मानना है कि लोकल उम्मीदवारी की आस के चलते सातवें व अंतिम चरण का चुनाव 1जून को होना है अंतिम चरण में देवरिया से पार्टी

### मंडल के देवरिया को छोड़ सभी सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशियों के नामों की कर दी है घोषणा

हाई कमान ने उम्मीदवारों के लिए जहां सर्वे कराया है वहीं पूर्व में चुने गए माननीयो के कार्यकाल में क्षेत्र के विकास कार्य के साथ ही साथ कार्यकर्ताओं व मतदाताओं के प्रति लोकप्रियता का भी सर्वे कराकर रिपोर्ट अपने पास मंगा कर स्थानीय व बाहरी की वास्तविकता समझ लिया है। जबकि इस सीट पर विशेष रूप से एक दशक से बाहरी लोग ही भाजपा के सिम्बल पर देवरिया संसदीय क्षेत्र से सांसद चूने जा रहे है।

पार्टी के इस बाहरी उम्मीदवारों की परम्पराओं पर स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं में भी अन्दर ही अन्दर काफी गुस्सा तो होता रहा है जिसका परिणाम नामों की घोषणा होने के बाद बाहरी उम्मीदवारों को क्षेत्र में आने बाद झेलना पड़ा है । विरोध के चलते कहीं पर टमाटर तो कहीं पर अण्डे व काले झण्डे दिखाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाहरी प्रत्याशीयो का जमकर विरोध भी किया है। जिसके चलते भाजपा संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने देवरिया लोकसभा के कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर विरोध समाप्त कराकर भाजपा के बाहरी उम्मीदवार को देवरिया से चुनाव जिताकर किला फतह करने में सफल रहे हैं।अब समय बदल गया पार्टी में लम्बे अरसे से संगठन के काम करने वाले नेता भी लोक सभा देवरिया के लिए ललाइत है और अपनी अपनी उम्मीदवारी के लिए दावेदारी भी किये हुए हैं।

यहां बताना मुनासिब होगा कि लोकसभा 66 सीट देवरिया से कांग्रेस,जनता दल, भाजपा, सपा व बसपा ने भी समय समय पर अपने अपने सांसद जिताने में सफल रहे हैं। इस सीट पर जातीय समीकरण ही किसी भी पार्टी के उम्मीदवार को सांसद में भेजने का मुख्य फार्मूला रहा है। राजनिति के जानकारों का मानना है कि कभी कांग्रेस, जनता दल, समाजवादी पार्टी, भाजपा, बहुजन समाज पार्टी के सांसद बनने वाले प्रत्याशियों ने चुनाव जितने के लिए हमेशा इस सीट पर जातीय समीकरण साधने के लिए अथक प्रयास करने में सफल होने वाले प्रत्याशी ही दिल्ली संसद में जाने में सफल हुए हैं। देवरिया सीट से भाजपा के उम्मीदवार के नाम की घोषणा अब तक न होने से टिकट मांगने वाले उम्मीदवारों की धड़कनें बढ़ गई है।

## प्रत्याशियों को ENCORE पोर्टल के माध्यम से दी जाएगी अनुमति

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत विभिन्न राजनैतिक दलों /प्रत्याशियों द्वारा सुविधा पोर्टल के माध्यम से विभिन्न प्रकार के सभा, रैली, मीटिंग, वाहन, अस्थायी चुनाव कार्यालय आदि की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवदेन किया जाता है जिन पर समय विचारोंपरान्त ENCORE पोर्टल के माध्यम से अनुमति प्रदान किये जाने हेतु कार्यवाही सम्पादित की जाती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निर्वाचन की घोषणा की तिथि से निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के तिथि के मध्य उक्त आवेदनों पर निर्णय जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के द्वारा लिया जाना होता है।जिलाधिकारी ने अनुमति से संबंधित प्रार्थना पत्रो के सम्यक निस्तारण के लिये समिति का गठन किया गया है। समिति में सुशील कुमार श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी (सम्बद्ध), कलेक्ट्रेट देवरिया, नर्वदेश्वर श्रीवास्तव, नाजिर / एल0बी0सी0, कलेक्ट्रेट देवरिया एवं राजीव कुमार, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, देवरिया को नामित किया है।

# जन एक्सप्रेस की खबरों का हुआ असर वन माफियाओं पर विभाग ने कसा शिकंजा

### अवैध लकड़ी कटान को लेकर रेंजर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव हुए सख्त

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP


कैम्पियरगंज वन रेंज में नहीं रुक रही हरे पेड़ों की कटान

कैम्पियरगंज वन रेंज में अवैध बेशकीमती हरे पेड़ों की कटान से संबंधित खबरें विगत दिनों राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस के लखनऊ संस्करण द्वारा पेज नंबर 8 पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जन एक्सप्रेस की खबरों का संज्ञान लेते हुए कैंपियरगंज वन रेंजर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने वन माफियाओं व संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। रेंजर ने जन एक्सप्रेस संवाददाता को बताया कि जंगल में अवैध लकड़ी कटान करने वाले 6 लोगों के ऊपर विभागीय कार्यवाही कि गयी है। बताते चलें कि रेंजर ने अवैध लकड़ी कटान को लेकर बोला कि आगे से अगर किसी बिट में अवैध लकड़ी कटान पाया जाता हैं तो उस बीट के फॉरेस्टर और फॉरेस्ट गार्ड की जिम्मेदारी होगी उन्हें काटने वालों के साथ विभागीय लोग के ऊपर भी कार्यवाही की जाएगी। रेंजर प्रमोद श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि अब अवैध लकड़ी कटान करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के साथ नजदीकी थानों पर नामजद एफआईआर करा कर उन्हें जेल भेजने का भी कार्य किया जाएगा।

# गेम चेंजर कार्यशाला का हुआ आयोजन

### विदेशी व देशी प्रशिक्षकों ने बताईं फुटबॉल की बारीकियां

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

सेकेंडरी एजुकेशन डिपार्टमेंट्स एंड सुपर कोच एकेडमी स्वीडन के तत्वावधान में सीएम सीटी के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गोरखपुर जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के फुटबॉल में रुचि रखने वाले छात्र खिलाड़ियों और शारीरिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

उक्त प्रशिक्षण स्वीडन से आए हुए विदेशी कोच जोनास एवं उनके साथी सहायक कोच जोनाथन और आसाम व लखनऊ से आए हुए प्रद्युम्न व विशाल के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में फुटबॉल थ्योरी के साथ ही प्रैक्टिकल की ट्रेनिंग देकर फुटबॉल में हम कैसे बेहतर कर सकते हैं और छोटे बच्चों को अच्छी तरह से कैसे प्रशिक्षित कर सकते हैं इसके बारे में प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया।

### ग्राउंड पर बताई कम संसाधन में फुटबॉल की बारीकियां

कार्यशाला में सैद्धांतिक रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से सुबह 8 बजे से 12? बजे तक पहला सत्र चलाया गया तत्पश्चात






दूसरा सत्र 2 बजे से छात्र- छात्राओं और शारीरिक शिक्षकों को खेल मैदान पर उन्हें फुटबॉल खेल के बेहतर बारीकियों में ड्रिबलिंग, रिसीविंग, कंट्रोलिंग ,पासिंग आदि के बारे में बेसिक स्तर पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। विदेशी व देशी प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि अगर संसाधन कम हो, खेल ग्राउंड छोटा हो, तो कैसे हम बेहतर से बेहतर करें की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद के कुल 80 छात्र, छात्राओं व 25 शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सह जिला विद्यालय निरीक्षक एनपी सिंह ने किया तथा कार्यशाला में आए हुए विदेशी एवं देशी प्रशिक्षकों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य ओपी सिंह ने किया। इस दौरान डॉक्टर अरुणेंद्र राय, किशोर कुमार जायसवाल, अभय प्रताप सिंह,राम हरि यादव, आलोक श्रीवास्तव, रविंद्र यादव, शैलेश सिंह, शक्ति पांडे, वर्णिता, प्रतायंजलि, अमीरुद्दीन अंसारी आदि शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद मिश्र ने किया।

## स्कूली बच्चों को ले जाते समय वाहन पलटा बच्चे बाल बाल बचे

**जन एक्सप्रेस/लार।** धनगड़ा चौराहा स्थित श्रृंगारी पब्लिक स्कूल का वाहन बच्चों को ले जाते समय लार थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव के पास गेहूं के खेत में पलट गया। संयोग ठीक था कि टेंपो धीरे पलटा, नहीं तो एक बड़ी घटना घटित हो जाती। टेंपो में मौजूद बच्चे बाल-बाल बच गए। टेंपो पलटते देखकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बच्चों को बाहर निकाला। इसके बाद टेंपो को गेहूं के खेत से सड़क पर लाए। इसके बाद दूसरे वाहन की व्यवस्था कर बच्चों को स्कूल भेजवाया।धनगड़ा चौराहे पर श्रृंगारी पब्लिक स्कूल संचालित होता है। मंगलवार की सुबह टेंपो बच्चों को लेने बरडीहा गांव गया था। टेंपो का चालक लगभग 10 बच्चों को बैठा कर स्कूल ले जा रहा था। वह टेंपो लेकर अभी गांव के बाहर पहुंचा ही था कि अचानक रोड के किनारे गेहूं के खेत में पलट गया। इस घटना में किसी बच्चे के हताहत नहीं हुआ।

# भाजपा ने बूथ के पन्ना प्रमुखों को किया सक्रिय

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए एक बार फिर पन्ना प्रमुख एवं बूथ अध्यक्षों को सक्रिय करने में जुट गयी है। शहर के मालवीय नगर संगठन मंडल में पन्ना प्रमुख की एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा महानगर मंत्री मनोज अग्रहरि की अगुवाई में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के बूथ चलो अभियान को गतिशील करने पर चर्चा हुई। बतौर वार्ड प्रभारी श्री अग्रहरि ने सभी पन्ना प्रमुखों से उनके 60 वोटरों के विषय में विस्तार से जानकारी लेते हुए चुनावी जीत का दिशा निर्देश दिया तथा जनसंपर्क करने के लिए प्रभावी तौर पर काम करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी देवतुल्य कार्यकर्ता मतदाता बंधुओं से संपर्क कर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करें।

भाजपा नेता इंजीनियर बृजमोहन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लिए पन्ना प्रमुख और बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ है जो चुनावों में बड़ी जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बूथ को मजबूत करने के लिए हमें बूथ चलो अभियान को गतिशील बनाने की जरूरत है। पार्टी पदाधिकारीयों को प्रत्येक बूथों पर गरीब कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों के घर-घर पहुंचकर उनसे संपर्क करना है, जब बूथ मजबूत होगा तभी 400 पार का हमारा संकल्प साकार होगा।

बैठक में मुख्य रूप से राजेश पासवान, शिवाजी गुप्ता, शैलेंद्र कुशवाहा, मुन्ना प्रसाद, राकेश पांडेय, अजय दुबे, सतीश चंद, अशोक शर्मा, भुआल मणि, जयप्रकाश, अजय शाह आदि मौजूद रहे।

# स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए बढ़ाएं मतदान प्रतिशत: प्राचार्य

जन एक्सप्रेस | भाटपार रानी



मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज भाटपार रानी में लोकसभा आम निर्वाचन ÷स्वीप÷ योजना के अंतर्गत ÷मतदाता जागरूकता अभियान -2024÷ के तहत प्राचार्य जी के निर्देशन में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने लोकसभा आम निर्वाचन -2024 में कैसे मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाए, पर अपना पक्ष रखा। प्राचार्य ने प्राध्यापकों, कर्मचारीयों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित कर शत- प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया, और कहा कि यदि हम स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र चाहते हैं तो हमें मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना होगा। इसमें युवा अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अहम योगदान दे सकते हैं। प्रोफेसर कमलेश नारायण मिश्र ने कहा कि लोकसभा का चुनाव एक राष्ट्रीय पर्व है और अपने सपनों को जमीन पर उतारने के लिए मतदाताओं को स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है, मतदाता इसके महत्व को समझकर खुद जागरूक हो और लोगों को जागरूक करें। प्रोफेसर सुधीर शुक्ला ने संबोधित करते हुए मतदाता, मतदान और लोकतंत्र की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य जी ने छात्र-छात्राओं से (स्लोगन) नारा बोलवाया, और शत -प्रतिशत मतदान हेतु, शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ रणजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ मनोज कुमार, डॉ महेंद्र मिश्रा, डॉ अभिमन्यू पांडेय, डॉ ज्ञान प्रकाश डॉ कीर्ति जयसवाल, डॉ श्रीनिवास मिश्रा, स्टेनो बाबू प्रवीण शाही, कार्यालय अध्यक्ष शिवप्रसाद आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# ईंट भट्ठे के म्यान की गिरी दीवार दो मजदूर हुए घायल



जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली रगड़गंज मार्ग पर स्थित एक ईट भठ्ठा के म्यान का दीवाल मंगलवार को अचानक भरभराकर गिर पड़ा, जहां काम कर रहे दो मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गए। अचानक हुई इस घटना से मौके पर कुछ देर के अफरा तफरी मच गई। दोनों मजदूरों को घायलावस्था में भठ्ठे के कर्मचारियों ने सी एच सी मथौली पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली रगडगंज मार्ग पर स्थित केबीसी मार्का ईट भठ्ठा पर रोजाना की भांति मजदूर काम कर रहे थे कि अचानक भठ्ठे में पककर तैयार ईंट जो दिवाल नुमा सजाया गया था गिर पड़ा। इसमें कप्तानगंज थाना क्षेत्र के खभराभार करनहा टोला निवासी राम सुमेर साहनी पुत्र स्व. राजा साहनी उम्र 50 वर्ष व रांची, झारखंड निवासी बलिराम पुत्र रप्पा भगत उम्र 40 वर्ष घायल हो गए। आनन फानन में मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली लाए जहां दोनो की हालत देख जिला अस्पताल पडरौना रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक घायल मजदूरों की हालत चिंताजनक जनक बनी हुई है।इस घटना के बाद ईंट भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों ने कुछ देर के लिए काम बन्द कर डरे सहमे रहे बाद में अपने अपने काम पर वापस लग गये।

## डीएम के आदेश पर हटा अतिक्रमण

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** नगर पालिका परिषद देवरिया के मुंशफ कालोनी में रास्ता अवरूद्ध करने के विरूद्ध दाखिल वाद में जिलाधिकारी ने तत्काल अतिक्रमण हटा कर रास्ता चालू कराने का आदेश दिया। जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पालिका, राजस्व विभाग व पुलिस ने मिलकर जेसीबी से अतिक्रमण हटाकर रास्ता चालू कराया।शहर के मुंसफ कालोनी में एक महिला ने अपने घर के सामने मिट्टी व दिवाल चलाकर मुहल्ले के लोगों का आवाहन अवरूद्ध कर दिया था। मुहल्ले के लोगों ने सामूहिक वाद दाखिल कर जिलाधिकारी से अतिक्रमण हटाने की मांग की। मंगलवार को जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने प्रशासन को तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। नगर पालिका के जेई, आरबीओ के जेई, सदर तहसील के नायब तहसीलदार मय फोर्स मैके पर जेसीबी से पंहुच कर दीवाल तोड़ा व मिट्टी हटाकर रास्ते पर आवागम शुरू कराया।

## डा हैनिमैन जयन्ती पर वरिष्ठ चिकित्सक और वरिष्ठ पत्रकार हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर।** नगर स्थित डा ओमशंकर नाथ तिवारी के क्लीनिक पर डा हैनिमैन की 269 वीं जयन्ती डा एस बी यादव की अध्यक्षता में विश्व होमियोपैथिक दिवस के रूप में चिकित्सकों ने मनायी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सरदार दिलावर सिंह एवम एक वरिष्ठ चिकित्सक पीएमपीए के संस्थापक डा केके तिवारी को अंग-वस्त्रम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ होमियोपैथी चिकित्सक डा ओम शंकर ने कहा कि आज से करीब 269 वर्ष पहले 10 अप्रैल 1755 में जन्मे डा सैमुअल फैड्रिक हैनिमैन ने होमियोपैथिक नाम से एक सरल सुगम सुरक्षित चिकित्सा पद्धति का आविष्कार किया। जो मानव जाति को सभी पीड़ाओं के समूल नष्ट करने का जरिया बना।

## तमन्चा, कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** क्षेत्राधिकारी बरहज श्री आदित्य कुमार गौतम के कुशल निर्देशन में थाना सुरौली पुलिस टीम उसरा बाजार में मौजूद थे कि मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र छांगुर प्रसाद ग्राम तिवई थाना सुरौली जनपद देवरिया को एक अदद तमन्चा व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ कुर्ना नाला उसरा पुल थाना सुरौली जनपद देवरिया से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ब्लडमैन राणा प्रताप सिंह ने एम्स में पैंतीसवां रक्तदान किया

जन एक्सप्रेस | बनकटा

रक्तदानी राणा प्रताप सिंह पूर्वांचल वासियों के लिए ब्लडबैंक बने हुए हैं इनके द्वारा समय-समय पर जरुरतमंदों को नि÷ शुल्क एवं नि÷ स्वार्थ भाव से मानवता को जीवंत बनाए रखने के लिए हमेशा रक्तदान किया जाता है। बुधवार को एम्स गोरखपुर में अपने एक बहन जिसको आपरेशन के लिए ब्लड की आवश्यकता थी उसके लिए जरूरी रक्तदान किया गया। एम्स के चिकित्सकों द्वारा ब्लडमैन राणा प्रताप सिंह का विशेष रूप से सम्मान किया गया। बताते चलें कि राणा प्रताप सिंह का पिछले वर्ष दुर्घटना हो गया था जिसके कारण वह काफी विकट परिस्थितियों से मुकाबला करते हुए बाहर निकले हैं, ऐसे



विकट परिस्थितियों में भी इन्होंने रक्तदान कर एक बार फिर मानवता का मिशाल कायम किया है।

क्षेत्र के सैकड़ों युवा इनसे प्रेरणा लेकर अनेकानेक जरुरतमंदों को समय-समय पर खुशीपूर्वक रक्तदान कर गौरवान्वित हो रहे हैं।

# संत कबीर नगर में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों की भरमार

जन एक्सप्रेस | संत कबीर नगर

जनपद में संचालित सैकड़ों अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर अनपढ़ कर्मचारियों द्वारा जांच कर मरीजों को उलजलूल रिपोर्ट दी जा रही है और भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे मुख्य चिकित्सा अधिकारी व उनके कार्यालय कर्मचारी इन अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों से मोटी रकम वसूल कर शासनादेश का खुला उल्लंघन करते हुए संचालन की अनुमति दे रहे हैं।

बताते चलें कि अल्ट्रासाउंड मशीन पर काम करने के लिए एक एमबीबीएस डॉक्टर को भी उसका अलग कोर्स करना पड़ता है जबकि एमडी डाक्टर के लिए छूट दी गई है। अल्ट्रासाउंड सेंटर पर स्थापित यूएसीजी अथवा सोनोलॉजिस्ट डॉक्टर को अपना नाम पीएनडीटी प्रमाण पत्र में या एक

### अनपढ़ बना रहे हैं जांच रिपोर्ट, पीसी पीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन कर रहा स्वास्थ्य विभाग

अलग सीट पर दर्ज करना अनिवार्य होता है जिसे पंजीकरण प्रमाण पत्र के साथ केंद्र पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए तथा एक्ट में यह अभी प्रावधान है कि केंद्र पर पंजीकृत डॉक्टर के अतिरिक्त कोई भी अन्य डॉक्टर मशीन का उपयोग नहीं करेगा यदि सेंटर पर स्थापित मशीन का उपयोग दूसरा डॉक्टर करना चाहता है तो उसे अनुमति लेनी होगी सेंटर पर सभी रोगियों के सभी रिकॉर्ड कम से कम 2 साल तक सुरक्षित रखना चाहिए यथा सेंटर पर एक बार बोर्ड प्रमुखता से प्रदर्शित होना चाहिए जिसमें अंग्रेजी के साथ स्थानीय भाषा



में लिखा हो कि यहां लिंग चयन और जांच नहीं की जाती है यदि ऐसा सेंटर पर नहीं है तो पीसी पीएनडीटी एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है।

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खुले अधिकांश अल्ट्रासाउंड सेंटरो पर पीसी पीएनडीटी एक्ट का खुलेआम जरिया उड़ाई जा रहे हैं इन सेंटरों से हर महीने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को चढ़ावा चढ़ाया जाता है जिसके बदले उन्हें एक सेंटरों पर अनपढ़ों से रिपोर्ट देने की छूट दी गई है वैसे तो पीसी पीएनडीटी एक्ट के तहत कपीटेंसी बेस्ड इवेलुएशन टेस्ट से गुजरने वाले को ही परीक्षा पास करने के बाद सेंटर चलाने की अनुमति दी जाती है इसके अलावा नया सेंटर खोलने से पूर्व विशेष कोर्स करना पड़ता है

लेकिन जिले भर में चल रहे कुछ अल्ट्रासाउंड सेंटरो को छोड़कर कहीं भी नियमों के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है अधिकांश सेंटरो पर अनपढ़ जांच रिपोर्ट दे रहे हैं ऐसा ही एक मामला संत कबीर नगर के साथा ब्लाक अंतर्गत धोबहा में खुले अल्ट्रासाउंड सेंटर से मिला है ग्राम डबरा निवासी राजेश ने पेट की दर्द की शिकायत पर अल्ट्रासाउंड कराया तो उसे जो रिपोर्ट दी गई उसमें 5 एमएम की पथरी और फैटी लिवर बताया गया लेकिन वह मरीज जब गोरखपुर के नामचीन डॉक्टर के यहां गया और उसकी जांच करने के बाद न तो पथरी मिली और न ही फैटी लीवर यह तो एक बानगी है इसी तरह के रिपोर्ट नियम विरुद्ध चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरो में मरीजों को हर रोज दी जाती है खास बातें है कि जो भी अल्ट्रासाउंड सेंटर खोले गए हैं वह सरकारी अस्पताल के इर्द-गिर्द ही हैं क्योंकि सरकारी डॉक्टर मरीज को अल्ट्रासाउंड करने की सलाह देते हैं और अस्पताल में घूमने वाले दलाल उसे लेकर केंद्र पर पहुंचते हैं यदि सूत्रों की माने तो डॉक्टर और दलाल भी कमीशन खाते हैं

इस खेल से दवा की दुकानों पर भी मोटी कमाई होती है मरीज को घटिया कंपनियों की दवा देकर मरीजों के जेब पर डाका डाला जा रहा है

सीएचसी मेहदावल के प्रभारी चिकित्साधिकारी ने तो स्थानीय थाने पर अस्पताल में घूमने वाले दलालों की एक लंबी लिस्ट भी दी है जो प्रमाणित कर रहा है कि जिले के अस्पताल दलालों के चंगुल में है।

जिले संचालित किए जा रहे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संबंध जानकारी लेने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बार बार फोन करने पर फोन काल रिसीव नहीं किया गया जो शासन के निर्देशों का खुला उल्लंघन है।

# फीस वृद्धि: मनमानी के खिलाफ सेंट कॉनरेड्स पर हुआ प्रदर्शन

## किताबों-कॉपियों को लेकर भी अभिभावकों में गुस्सा, बीएसए की गाड़ी के सामने बैठे बच्चों को परिजन

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



स्कूलों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। स्कूल मनमानी का रवैयाअपनाए हुए हैं। अभिभावकों का खुलकर आर्थिक दोहन कर रहे हैं। फीस, किताब-कॉपियों, यूनिफॉर्म के नाम पर खुली ह्यलूटह्ल मचा रखी है। इसे लेकर आज बुधवार को सेंट कॉनरेड्स स्कूल पर बच्चों के परिजनों ने प्रदर्शन किया। प्रशासन से स्कूल की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की। अभिभावकों ने सेंट कॉनरेड स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। अभिभावक बीएसए की गाड़ी के आगे बैठ गए। जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप है कि स्कूल की मनमानी पर शिक्षा विभाग चुप्पी साधे हुए है। स्कूलों ने मनमाने तरीके से फीस बढ़ा दी है। विरोध की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। अभिभावक सड़क पर थे। सैकड़ों अभिभावक स्कूल पर पहुंच गए। प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को समझाया। इसके बाद स्कूल प्रबंधन से बात की, लेकिन अभिभावकों की किसी भी मांग को मानने के लिए स्कूल ने कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। इसके बाद जब बेसिक शिक्षा अधिकारी स्कूल से जाने लगे तो अभिभावक उनकी गाड़ी के आगे बैठ गए। अभिभावकों का कहना था कि स्कूल की ओर से 25 फीसद की फीस वृद्धि की गई है। इसके साथ ही किताबें की कीमत दोगुनी हो गई है। स्कूल विभिन्न मदों में मनमानी फीस ले रहा है। इसकी शिकायत लगातार प्रशासन और विभाग से की जा रही है। इसके बाद भी स्कूल पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी का परिणाम है कि स्कूल लगातार मैसेज भेज कर बढ़ी हुई फीस जमा करने के लिए दबाव डाल रहा है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गौड़ के अनुसार स्कूल को फीस के संबंध में मैसेज ना भेजने के निर्देश दिए गए हैं। शहर के पांच विद्यालयों को नोटिस भी दिए गए हैं इन सभी विद्यालयों को 12 अप्रैल को सुनवाई के लिए बुलाया गया है।

# कट्टीघरों से निकलने वाली चर्बी से अटा पड़ा है अलीगढ़ ड्रेन

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**



मामला अलीगढ़ जनपद के रोरावर क्षेत्र का है जहां जनपद के अधिकांश बूचड़खाने संचालित हो रहे हैं। करीब एक सप्ताह पहले गर्भवती भैंसों के काटने का मामला प्रकाश में आया था। जिसमे वर्तमान समय तक लेश मात्र भी कार्यवाही नहीं हुई है।सोमवार को जब सीवीओ दिनेश कुमार से इस मामले में बात की गई तो उनके द्वारा लगभग सभी मामलों में अनभिज्ञता दिखाई गई। कार्यवाही करने के नाम पर सिर्फ और सिर्फ जांच की दुहाई दी गई।बड़ा सवाल आखिर ये है कि जब प्रत्येक वधशाला में एक सरकारी चिकित्सक अवैध कार्यों की रोकथाम के लिए तैनात है तो फिर कैसे इस तरह के गैरकानूनी कार्यों को अंजाम दिया जाता है। ताजा मामला फेयर एक्सपोर्ट लिमिटेड कंपनी से जुड़ा हुआ है जहां एक ठेकेदार और उसकी लेबर को कंपनी के जीएम और एचओडी ने कमीशन की नाजायज मांग पूरी न करने के चलते काम से हटा दिया। जिसके बाद पीड़ित ठेकेदार ने कंपनी के अंदर काटी जा रही गर्भवती महिषवंशीय के वीडियो लीक कर दिए , और मामला समाचार पत्रों में उजागर होने लगा। जिस कारण से कंपनी के दिल्ली कार्यालय में पीड़ित को बात करने के लिए बुलाया गया है।

# गाजियाबाद में फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाने के मामले में रिटायर्ड नायब सूबेदार गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

क्राइम ब्रांच की टीम ने सेना के सेवानिवृत्त नायब सूबेदार को फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाने के जुर्म में गिरफ्तार किया है। वह 80 हजार में पिस्टल और 90 हजार रुपये में रायफल का फर्जी लाइसेंस बनाकर देता था।

क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को सेना के सेवानिवृत्त नायब सूबेदार प्रवेंद्र कुमार तेवतिया (52) को फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाने के जुर्म में गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार पिस्टल, एक रिवाल्वर, दो रायफल, एक बंदूक, एक फर्जी शस्त्र लाइसेंस, सेना का फर्जी पहचान पत्र और छह रबर स्टांप बरामद किए गए हैं।

एडीसीपी अपराध सच्चिदानंद ने बताया कि उसने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और कुपवाड़ा के डीएम दफ्तर के कर्मचारियों को रिश्वत लेकर शस्त्र लाइसेंस की किताब हासिल कर ली थीं। डीएम की फर्जी मुहर लगाकर और फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी लाइसेंस बना देता था। वह 80 हजार में पिस्टल और 90 हजार रुपये में रायफल का फर्जी लाइसेंस बनाकर देता था। फर्जी लाइसेंस बनाकर अब तक 40 लोगों को बेच चुका था। पांच हजार रुपये लेकर वह लाइसेंस के नवीनीकरण की फर्जी रिपोर्ट बनाकर दे देता था।

प्रवेंद्र बुलंदशहर के गांव गन्नौरा शेख का रहने वाला है। हाल में वह गौतमबुद्धनगर के बिसरख के गांव चिपियाना में रह रहा था। 2018 में वह सेवानिवृत्त हो गया था। पूछताछ में उसने बताया कि 2012-13 में हिमाचल प्रदेश में तैनात था। वहां उसकी मुलाकात अमित मुतरेजा और कृष्ण से हुई। दोनों लाइसेंस बनवाने का काम करते थे। उन्होंने 15 हजार रुपये लेकर उसका लाइसेंस बनवा दिया। इसके बाद बताया कि वह जम्मू-कश्मीर से किसी का भी लाइसेंस बनवा सकते हैं। अगर वह और लोगों के लाइसेंस बनवाएगा तो उसे कमीशन भी देंगे। वह लालच में आकर लोगों से संपर्क करने लगा। बाद में उसने उनसे सब सीखकर खुद ही फर्जी लाइसेंस बनाना शुरू कर दिया। इसका पता चलने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

**सेना की वर्दी पहनकर जाता था शस्त्र दिलाने**

प्रवेंद्र जिन लोगों के फर्जी लाइसेंस बनवाता था, उन्हें शस्त्र खरीदवाने के लिए उनके साथ जाता था। दुकानदार उस पर शक या किसी तरह की आनाकानी न करे, इसलिए सेना की अपनी वर्दी पहनकर जाता था। लाइसेंस नवीनीकरण के लिए वह शस्त्र मंगवाता था। कुछ दिन अपने पास रखता था। इसके बाद नवीनीकरण की फर्जी रिपोर्ट सहित शस्त्र लौटा देता था। उसके पास से बरामद हथियार भी उसने लाइसेंस नवीनीकरण के लिए ही लोगों से ले रखे थे।

**जम्मू-कश्मीर पुलिस को भेजी जाएगी रिपोर्ट**

इस मामले में किश्तवाड़ और कुपवाड़ा के डीएम दफ्तर के कर्मचारियों की साठगांठ सामने आई है। एडीसीपी का कहना है कि इसे देखते हुए पूरे मामले की रिपोर्ट बनाकर जम्मू-कश्मीर पुलिस को भेजी जाएगी। प्रवेंद्र ने बताया कि अमित धोखाधड़ी के मामले में फिरोजाबाद जेल में बंद है। उसके जेल जाने से पहले उससे उसका रुपयों के लेन-देन पर विवाद हो गया था। उसने गौतमबुद्धनगर में केस दर्ज कराया था। प्रवेंद्र का कहना है कि उस केस में वह जेल गया। जेल से आकर फिर से फर्जी लाइसेंस बनाने का काम शुरू किया ही था कि पकड़ लिया गया।

# जगदीशपुरा कांड: 'माननीय जी, अब क्यों हो खामोश ?'

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



जगदीशपुरा में जमीन घोटाला कांड पूरी तरह बेनकाब हो गया है। इस मामले में जिन लोगों को बेकसूर और पीड़ित होने का दावा माननीय कर रहे थे, वे ही असली गुनहगार निकले हैं। इस पूरे प्रकरण में अब देहात के माननीय ने आश्चर्यजनक रूप से चुप्पी साध ली है, जबकि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बड़ी-बड़ी बातें की थीं। अब उनकी खामोशी से हर कोई हैरान है। यह मामला ठीक लोकसभा चुनाव से पहले खुला है। इस वजह से यह प्रकरण माननीय के साथ-साथ पार्टी पर भारी पड़ सकता है।

जगदीशपुरा थाना क्षेत्र में जमीन कब्जाने का मामला एकबार फिर सुर्खियों में हैं। इस मामले में कई खुलासे हुए हैं। सबसे बड़ा खुलासा यह है कि जिन लोगों को पीड़ित बताकर 'माननीयश् खुले तौर पर पैरवी कर रहे थे, वे ही जेल भेजे गए हैं। इनमें धर्मेंद्र भी शामिल हैं, जिसे मुख्य कर्ता-धर्ता बताया जा रहा है। वह कथित रूप से देहात के माननीय का रिश्तेदार खुद को बताता है। उसी की वजह से 'माननीयश् ने पैरवी की थी। इतना ही नहीं, पूरे प्रकरण में दबाव बनाने के लिए माननीय के नाम का इस्तेमाल खुलकर किया गया था।

बता दें कि जामीन कब्जाने की साजिश रचने के आरोप में जेल भेजे गए उमा देवी, धर्मेन्द्र, रवि कुशवाह से सघन पूछताछ में पुलिस को अहम जानकारियां मिलीं। मास्टर माइंड माननीय का कथित रिश्तेदार ही पाया गया। वह माननीय के नाम का इस्तेमाल करके इस प्रकरण में पैरवी कररहा था। सूत्रों का कहना है कि माननीय का नाम लेकर इस मामले में डीजीपी से मुलाकात करके भी दबाव बनाया गया था। चूंकि इस मामले में डीजीपी को हस्तक्षेप करना पड़ा था, इस कारण मामला हाई-प्रोफाइल बन गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार यमाननीयश् के नाम पर पुलिस के कई बड़े अधिकारियों को प्रभाव में लिया गया था। रवि कुशवाहा के परिवार को जेल भेजने के मामले में भी उसने श्माननीयश् के नाम पर पैरवी की थी।

धर्मेंद्र के खिलाफ थाना एत्माद्दौला में हत्या का मुकदमा भी विचाराधीन है। इसमें आदिल नामक युवक की हत्या हुई थी। आदिल धर्मेन्द्र का दोस्त था। उसने ही अपने दोस्त को गोली मार दी थी। वह ऑन लाइन सट्टे में भी गिरफ्तार हुआ था। जांच करने वाली एसआईटी का कहना है कि धर्मेन्द्र की नजर कई सालों से जमीन पर थी। पूर्व में वह संबंधित बाड़े में किराए पर रहता था। ज्ञात हो कि इस पूरे मामले में आधा दर्जन लोग जेल भेजे गए हैं। ये सभी वहीं हैं, जिन्हें बेकसूर और पीड़ित बताते हुए देहात के 'माननीयश् ने पैरवी की थी। यह मामला लोकसभा चुनाव में माननीय के लिए मुसीबत का बड़ा सबब बन सकता है। कहा जा रहा है कि जिस तरह माननीय जोरदार तरीके से इसमें पैरवी कर रहे थे, मामला खुलने के बाद उन्हें कम से कम सार्वजनिक तौर पर माफी तो मांगनी ही चाहिए।

# कॉग्रेस पार्टी निभा रही है गठबंधन धर्म: ठा. सोमवीर सिंह



**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

कॉग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता गठबंधन का धर्म निभा रहा है, और गठबंधन से सपा प्रत्याशी बिजेन्द्र सिंह को चुनाव जितायेगा। यह विचार जिला कॉग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष ठा. सोमवीर सिंह और महानगर कॉगेस कमेटी के अध्यक्ष नवेद खान ने व्यक्त किये।

बुधवार को मैरिस रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित एक संयुक्त प्रेसवार्ता ठा. सोमवीर सिंह और नदीम खान ने कहा कि कॉग्रेस पार्टी के उच्च नेतृच में हम जैसे जमीनी कार्यकर्ताओं पर भरोसा किया है। हमें जो जिम्मदारी सौंपह हैं, उसके लिए उच्च नेतृव के हम अभारी हैं। हम लोग पार्टी के फैसले का भरोसा बनाये रखे जाने के लिए पूर्ण रूप से समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होने कहा कि पूरे जनपद व अलीगढ़ शहर में बूथ कमेटी, ब्लाक कमेटी, वार्ड अध्यक्ष व वार्ड कमेटियां का गठन करके कॉग्रेस पार्टी संगठन को मजबूत बनायेंगे। इसके साथ-साथ पुराने कॉग्रेसजनों को सम्मान देकर और उनकी पहचान करके उन्हे पुनः कॉग्रेस पार्टी की मुख्यधारा में वापस लाकर उनके अनुभवों का लाभ उठायेंगे। पात्रकार वार्ता में हरियाणा के प्रभारी एवं कॉग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक विवेक बंसल, पूर्व महानगर अध्यक्ष नौशाद कुरैशी, रूही जुबैरी, सेवादल के जिला संगठक आलोक गौड, वरिष्ठ कॉग्रेस नेता जी.पी. गिर्राज, तारिक गॉधी, नदीम गफूर आदि मौजूद थे।

# ताजमहल: उर्स के मामले में 22 मई को होगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा ताजमहल में शाहजहां के उर्स पर रोक लगाने से संबंधित वाद पर बुधवार को सिविल जज जूनियर डिवीजन-4 गरिमा सक्सेना की अदालत में सुनवाई हुई। प्रतिवादी उर्स कमेटी ने अपना जवाब दाखिल कर कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) उर्स से पूर्व बैठक आयोजित कर जिम्मेदारी बांटता है। मामले में अगली सुनवाई 22 मई को होगी।

अखिल भारत हिंदू महासभा ने याचिका दायर कर ताजमहल में शाहजहां के उर्स पर रोक लगाए जाने की मांग की थी। इस वाद में एंपरर शाहजहां उर्स कमेटी के अध्यक्ष सैयद इब्राहिम जैदी को प्रतिवादी बनाया गया था। दो अप्रैल को हुई थी पिछली सुनवाई दो अप्रैल को हुई पिछली सुनवाई में उर्स कमेटी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था। उर्स कमेटी ने बुधवार को न्यायालय में जवाब दाखिल करते हुए कहा कि एएसआई शाहजहां के उर्स से पूर्व ताजमहल में बैठक बुलाता है। बैठक में उर्स कमेटी के प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति दर्ज कर उनके हस्ताक्षर कराए जाते हैं और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाती है।

कमेटी ने वर्ष 2022, 2023 और 2024 में एएसआई द्वारा बुलाई गई बैठक में उर्स कमेटी के सदस्यों की एएसआई द्वारा दर्ज उपस्थिति दर्ज करने के पत्र की छाया प्रति भी न्यायालय में जमा कराई है। महासभा के अधिवक्ता अनिल तिवारी ने बताया कि एएसआई ने पूर्व में सूचना का अधिकार (आरटीआई) में बताया था कि महानिदेशक की अनुमति से विभाग ताजमहल में शाहजहां के उर्स का आयोजन करता है।

## अवैध तमंचा समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** थाना महुआखेड़ा पुलिस टीम ने दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से अवैध शस्त्र-कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस टीम ने कपिल कुमार पुत्र अनिल सारस्वत निवासी पानखानी थाना महुआखेडा और भूरा उर्फ हुकुम चन्द पुत्र पातीराम निवासी नगला डालचन्द को अवैध शस्त्र कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वहं दूसरी ओर थाना लोधा पुलिस द्वारा अभियुक्त सौरभ कुमार पुत्र पूरन सिंह निवासी ग्राम दतावली थाना बरला जिला अलीगढ़ को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

# फिल्म ''मतदान मेरा अधिकार'' हुई रिलीज



**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश भारत में आगामी 18 वीं लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाता जागरूकता पर डीएमजी फिल्म प्रोडक्शन द्वारा बनाई गई एक लघु फिल्म ''मतदान मेरा अधिकार'' के पोस्टर का लोकार्पण करने के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी और डीएम विशाख जी0, सीडीओ आकांक्षा राणा और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट साहिल कुमार ने फिल्म को डीएम कार्यालय में मंगलवार को रिलीज भी किया। फिल्म को देश-विदेश सहित सुसेन फिल्म एंटरटेनमेंट के यू-ट्यूब चैनल पर देखा जा सकेगा।

लोकतंत्र के पर्व को समर्पित इस फिल्म का निर्माण डीएमजी फिल्म प्रोडक्शन द्वारा किया गया है। निर्वाचन विभाग और सुसेन फिल्म एंटरटेनमेंट के सहयोग से निर्मित इस फिल्म को विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रदर्शित किया जायेगा। फिल्म में अलग-अलग स्तर के लोगों द्वारा मतदान के दिन वोट डालने की अपेक्षा, उन्हें शहर से बाहर जाने से रोक, उनके प्रथम अधिकार के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण संदेश देने वाली इस फिल्म के निर्माता पंकज धीरज, निर्देशक भूपेंद्र सिंह, डीओपी सुशील पंडित हैं।

# किचन स्टोर के दुकानदार के गले पर उस्तरा से हमला, घायल

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

लोधा थाना रोरावर क्षेत्र के इंदिरा नगर में बुधवार दोपहर में उस समय अफरा तफरी मच गयी जब आरोपी दो सगे भाईयों ने एक किचिन स्टोर के दुकानदार के गले पर उस्तरा से वार कर दिया।

इंदिरा नगर सांवरिया लौज के सामने समद पुत्र महराज की किचिन स्टोर की दुकान है एवं दुकान पर समद ही बैठा था वहीं पास के ही रहने वाले आरोपी गुलशेर व जान पुत्रगण अलीशेर वहां से गुजर रहे। थे तभी दुकानदार ने टोकते हुए कहा कि दो दिन पूर्व चोरी हुआ कुकर कहां है। इसी बात को लेकर दोनों में हाथापाई हुई तभी गुलशेर ने जेब से उस्तरा निकालकर समद के गले पर चला दिया और समद लहू लुहान हो गया। आरोपी भागते तब तक उन्हें दबोचकर बांध दिया और पुलिस को सूचित कर दिया। घायल को जिला अस्पताल से लौटाया पुलिस पहुंचने से पूर्व घायल को जिला अस्पताल भेज दिया मगर पुलिस साथ ना होने के कारण घायल को वापस कर दिया थोड़ी देर बाद पहुंची पुलिस ने घायल को भर्ती कराया एवं आरोपियों को हिरासत में लिया। मेरा बेटा इन्हीं दुकानदारों को बेचता है। चोरी का माल आरोपियों की मां पुलिस और भीड़ के सामने चीख चीखकर बोल रही थी कि मेरे बेटों से कई दुकानदार चोरी करवाते हैं और चोरी का माल खरीदते हैं तलाशी ली जाय तो चोरी का माल निकलेगा।

# किसान द्वारा बोई गई गेहूं की फसल को उठाने पर दबंगों ने दिखाई दबंगई

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

थाना गोंडा अंतर्गत गांव भैंमती में जगबीर सिंह पुत्र स्व श्री नवल सिंह निवासी भैंमती ने गेहूं की फसल को बोया था जिसे पकने के बाद कटवाने पर गेहूं को दबंगों ने उठाने नहीं दिया

सुरेंद्र प्रकाश पुत्र अयोध्या नाथ निवासी दतावली अलीगढ़ ने 2 जनवरी 1970 को एक वसीयत जगबीर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री नवल सिंह निवासी भैमती थाना गोंडा परगना वह तहसील कोल जिला अलीगढ़ के नाम कर दी थी जिस वसीयत के आधार पर जगवीर सिंह 1970 से उस खेत पर खेती करते आ रहे हैं और जोत वो रहे हैं मामला तब विवादित हुआ जब उस खेत की 5 वीघा गेहूं की फसल को काटने के बाद राजबहादुर, अजय बहादुर व तेजबहादुर पुत्रगण श्रीपाल निवासीगण नगला हुकमसिंह करौली बांगर गौतमबुद्धनगर व कालीचरन पुत्र कुमरपाल उर्फ निरंजनसिंह छोटू पुत्र कालीचरन नि. भौरा गौरवा थाना इगलास अलीगढ़ व पिन्की उर्फ प्रेमवीर पुत्र बांकेलाल निवासी बादवामनी थाना गौडा जिला अलीगढ़ एकराय होकर खेत पर आये और किसान जगबीर व उसके परिजनों को गैंहू भरकर ले जाने से रोक दिया और किसान के ऊपर कट्टा रखकर कहने लगे कि साले यहाँ से चला जा और इस खेत की ओर मत देखना नहीं तो परिवार सहित लाशों का भी पता नहीं चलने दिया जायेगा।

किसान जगबीर ने कहा कि मैं तो इस खेत पर सुरेन्द्रप्रकाश की बसियत द्वारा सुरेन्द्रप्रकाश के जीवनकाल से ही खेती करता चला आ रहा हूँ तुम मुझसे खेत कैसे छीन सकते हो तो इसी बात पर गाली गलौज की तथा किसान को गेहूँ उठाने नहीं दिया। गेहूं खेत में ही पड़े हैं इस सम्बंध में मामला सिविल न्यायालय अलीगढ में भी विचाराधीन है जिसमें 15.04.2024 तारीख नियत है, उपरोक्त लोग कानून को अपने हाथ में लेकर गुण्डई के बल पर किसान जगबीर से खेत छीनना चाहते हैं इसलिए किसान ने एक प्रार्थना पत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया है जिसमें किसान ने पुलिस सहायता की मांग की है जिससे किसान की 12 बीघा गेहूं की फसल भी काटी जा सके।

# सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने डॉ. एम. ए. गौरी

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार मौलाना इकबाल कादरी राष्ट्रीय अध्यक्ष ( समाजवादी पार्टी अ. स. ) ने आगरा के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. एम.ए. गौरी को समाजवादी वादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर पार्टी में उचित सम्मान देने का कार्य किया है।

डॉ. गौरी समाजवादी पार्टी के बहुत पुराने व स्व. मुलायम सिंह यादव नेता जी व अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं। पार्टी द्वारा आयोजित लगभग सभी कार्यक्रमों में डॉ. गौरी को अपने ऊर्जावान साथियों के साथ सपा अध्यक्ष के करीब ही देखा गया है। डॉ. गौरी ने हमेशा आम जनता के हित के लिए कार्य किया है। आज डॉ. गौरी पार्टी प्रमुख के चेहते व बफादार नेता के रूप में उभरे हैं। उनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनित होने पर रामजीलाल सुमन राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सासद, श्रीकृष्ण वर्मा, जिला अध्यक्ष वाजिद निसार, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान, ज्ञानेंद्र गौतम, विनय अग्रवाल, राम सहाय यादव, नितिन कोहली, राजपाल यादव, महाराज सिंह धनगर, कुँवर चंद एडवोकेट, आजाद सिंह जाटव, सलीम शाह, धर्मेंद्र यादव, दीन मौहम्मद व अन्य सभी वरिष्ठ नेता कार्यकताओं ने बधाई और शुभकमनाएं दी हैं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ, द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं० | 1132- वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 09.04.2024 |
| 2. | कार्य का नाम | IRITM लखनऊ में 11/0.4 के0वी0ए0 सबस्टेशन, डी0जी0 सेट, वॉटर कूलर, ए0सी0 यूनिट, यार्ड लाईटस, बिल्डिंग लाइटिंगस और पंखे आदि का व्यापक वार्षिक रखरखाव और संचालन अनुबंध (तीन साल के लिए) |
| 3. | अनुमानित लागत | रू0 24,18,497/- (चौबीस लाख अठ्ठारह हजार चार सौ सत्तानवें रूपये मात्र) |
| 4. | बयाना राशि | रू0 48,400/- (अड़तालिस हजार चार सौ रूपये मात्र) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 36 माह |
| 6. | ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 06.05.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैद्यता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0-1132-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 09.04.2024 1088/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अलीगढ़ के एक होटल में लगी भीषण आग, एक व्यक्ति की मौत

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**



सिविल लाइन अन्तर्गत रेलवे स्टेशन के मधुपुरा तिराहा स्थित बुधवार तडके एक होटल में भीषण आग लग जाने से प्रयागराज के एक व्यक्ति की जल जाने घायल होने पर अस्पताल में मौत हो गयी। आग लगने से आस-पास के दुकानदारों में अफरा तफरी मच गयी, आग इतनी भीषण थी, इसकी में जद में आकर आस-पास कइ दुकाने भी चपेट में आ गयीं।

इस दौरान प्रतापगढ़ निवासी संदीप गुप्ता होटल में ही फंस गए। भीषण आग के कारण वह बाहर नहीं निकल पाए और आग में बुरी तरह से झुलस गए। आग से झुलसने और धुएं से दम घुटने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रतापगढ़ निवासी युवक संदीप गुप्ता अपने निजी काम से अलीगढ़ आए थे। उन्होंने रेलवे स्टेशन रोड पर रोशनी होटल में कमरा लिया था और यहीं पर रुके हुए थे। आग लगने के बाद वह दूसरे लोगों के साथ बाहर आ गए थे। लेकिन उनका कुछ सामान होटल के कमरे में ही रह गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाहर आने के बाद युवक दुबारा से होटल के अंदर अपना सामान लेने के लिए गया था, जिसके बाद वह भीषण आग की जद में आ गया और धुएं के कारण बेहोश हो गया। जिसके कारण अंदर ही उसकी मौत हो गई। आग बुझाने के बाद उसे बाहर निकाला जा सका है।

सीओ थर्ड एएसपी अमृत जैन ने बताया कि होटल में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। जिसके कारण प्रतापगढ़ निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजन अलीगढ़ आने के लिए निकल पड़े हैं। वहीं आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच के लिए टीम भी गठित कर दी गई है।

# गृह कलेश से परेशान होकर युवक ने पिया जहरीला पदार्थ, मौत

* मृत्यु से पहले वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल, परिजनों में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी ईदगाह के निवासी सौरभ मिश्रा (25) पुत्र स्वर्गीय रामदेव मिश्रा की मृत्यु से पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली जब इसकी सूचना परिजनों को लगी तब उन्हें तत्काल जनपद के एसके अग्रवाल के भर्ती कराया गया लेकिन सौरभ मिश्रा नहीं बच सके और यह खबर आज की तरह फैल गई। बताते चले कि मृतक सौरभ मिश्रा प्राइवेट नौकरी करते थे। एक साल पहले उसकी शादी शाहजहांपुर जनपद के थाना बंडा क्षेत्र की रहने वाली एक युवती से हुई थी। वर्तमान में पत्नी गर्भवती है और कुछ ही दिनों में डिलीवरी भी होने वाली है ऐसे में इतना बड़ा दुख होना काफी दुखदाई है। मंगलवार दोपहर कॉलोनी में ही सूनसान स्थान पर जाकर उसने जहरीला पदार्थ पानी में मिलाकर पी लिया। इसकी वीडियो बनाई और अपना दुखड़ा बयां किया। जिसमें पत्नी व ससुरासलियों की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी करने की बात कही। उसने यह वीडियो कुछ परिचितों के मोबाइल पर भी भेज दिया। वीडियो देख हर कोई दंग रह गया। फिर परिवार वाले समेत अन्य लोग युवक की तलाश में जुट गए। देर शाम वह बेसुध हालत में कॉलोनी के नजदीक ही मिल गया। आनन-फानन में उसे गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी मौत हो गई। जिसके बाद रात को ही पुलिस अस्पताल पहुंची और जानकारी की। जिसमें परिजन ने पत्नी और उसके मायके वालों पर आए दिन प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। दोपहर बाद गमगीन माहौल में परिजन ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पीड़ित ने मोबाइल में बने वीडियो में कहा कि उसके पैसों में से कोई भी हिस्सा उसकी पत्नी को न दिया जाए और उसकी पत्नी को उसके घर में न रहने दिया जाए। उसके पैसे और मोबाइल उसकी मां के पास रहेंगे। सुसाइड करने से पहले बनाए गए वीडियो में युवक ने कहा कि वह सुसाइड करने को मजबूर है क्योंकि अब वह जीना नहीं चाहता। वह बाजार से लाया हुआ सल्फास का पैकेट दिखाते हुए कहता है कि मैं अपनी पत्नी से परेशान होकर सुसाइड करने के लिए मजबूर हूं। इतना कहने के बाद युवक ने वीडियो बनाते हुए ही जहरीला पदार्थ पी लिया वहीं जहरीला पदार्थ पीते समय वह कुरकुरे खाता भी दिखाई दिया।

# ई0वी0एम0/वी0वी0पैड के कमीशनिंग का कार्य मण्डी में हुआ प्रारम्भ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



प्रेक्षक सामान्य प्रसन्ना रामास्वामी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत मण्डी परिसर में ई0वी0एम0/ वी0वी0पैड के कमीशनिंग के कार्य प्रारम्भ हुआ। ईवीएम/वीवीपैड की कमीशनिंग कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं वैरिकेटिंग के साथ विधानसभा वार स्थापित स्ट्रांगरूम के सामने स्थापित की गई बेंचों पर इंजीनियरों की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्यों का निरीक्षण करते हुये विधानसभा उपस्थित टीम को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि कमीशनिंग के दौरान इंजीनियरों द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मशीनों की टैगिंग, सीलिंग का कार्य सावधानी से करें और किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें। उन्होंने कहा कि कमीशनिंग का कार्य जितना बेहतर होगा उससे पोलिंग के दिन कोई समस्या उत्पन्न नही होगी। निरीक्षण के दौरान निर्देशित करते हुये कहा कि वैरिकेटिंग के अन्दर कोई कर्मचारी मोवाइल आदि न ले जाये साथ ही कहा कि कर्मचारी टेबल के ऊपर तरल पदार्थ न रखे। उन्होंने कहा कि कमीशनिंग के लिए पूर्ण समय है बारीकी से कार्य करते हुये मशीनों की सीलिंग की जाये, साथ ही साथ स्ट्रांगरूम में रखने से पूर्व नम्बरिंग का विशेष ध्यान रखा जाये। कमीशनिंग के दौरान प्रेक्षक व राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वीवीपैट के रख रखाव पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गये इसके साथ ही साथ कमीशनिंग के सभी कार्य, समस्त पार्टियों निर्वाचन अभिकर्ता या नामित प्रतिनिधि के समकक्ष सम्पन्न किये जाये। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई लाापरवाही न बरती जाये। सभी मशीनों को बारीकी एवं सावधानी पूर्वक रख-रखाव किया जाये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया, उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गले मिलकर लोगों ने दी ईद की मुबारकबाद

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

मुस्लिम समुदाय के लोगों का देर शाम से ही छतों पर जमावड़ा होने लगा था। लोग बादलों में टकटकी लगाए हुए थे। चांद का दीदार होते ही आतिशबाजी की जाने लगी। लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी।

चांद का दीदार होते ही बनारस में जश्न का दौर शुरू हो गया। मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी। नमाज में अकीदतमंदों ने मुल्क की खुशहाली, तरक्की और भाईचारे की दुआएं मांगी। तमाम ईदगाहों पर प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त रही।

बनारस के मुस्लिम बहुल इलाकों में चहल-पहल बढ़ गई। ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास मेले जैसा दृश्य रहा। बच्चे खासे उत्साहित रहे। बुनकर बहुल इलाकों में लगे मेले में बच्चों ने चर्खी-झूले का खूब आनंद उठाया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ प्रारम्भ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देशन में बेनहर कालेज पीलीभीत में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान कार्मिको का प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालियों में प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक प्रारम्भ हुआ। आज प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यक्रम में पहुंचकर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लेते हुये प्रशिक्षण दे रहे मास्टर टेऊनर को निर्देशित करते हुये कहा कि वीडियो के माध्यम से जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उसमें महत्वपूर्ण विन्दुओं पर वीडियो को रोकते हुये अच्छी तरह जानकारी प्रदान करें। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कक्षों के निरीक्षण के दौरान कार्मिको को निर्देशित करते हुये कहा कि मास्टर टेऊनर द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैड के सम्बन्ध में दी जा रही जानकारी को अच्छी तरह सीख लें, जिससे मतदान के दिन कार्य करने में कोई समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने मास्टर टेऊनर को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी कार्मिकों को मशीनों का प्रशिक्षण मौके पर कराकर दिखाया जाये, जिससे मशीन के सभी पार्ट के बारे में अच्छी जानकारी प्राप्त हो सके, सभी प्रकार की सीलो के बारे में अच्छी जानकारी दी जाये। इस दौरान कार्मिक प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मशीनों के प्रशिक्षण के उपरान्त टेस्ट के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का आकलन किया जाये। उसके उपरान्त पुनः प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थल पर विधानसभा वार मतदान कर्मियों द्वारा पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु स्थापित फैसिलिटेशन केन्द्र का निरीक्षण किया।

कुल 1664 पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 04 अनुपस्थित पाये गये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया, उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विश्व हाम्योपैथी दिवस पर मरीजों को वितरित की गई दवाइयां

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

राजकीय होम्योपैथिक चकित्सालय में विश्व होम्योपैथी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मरीजों को होम्योपैथिक चिकित्सा की जानकारी दी गई व निशुल्क दावाओं का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरविंद गंगवार ने कहा कि होम्योपैथिक चकित्सा सबसे सरल, सस्ती व शरीर के लिए कल्याणकारी है। इस चिकित्सा से शरीर पर किसी भी तरह का दुष्प्रभाव नहीं होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि होम्योपैथिक दवाओं का सेवन करने से विभिन्न बीमारियों से मुक्ति पाई जा सकती है। शरीर की सुरक्षा प्रणाली को ट्रिगर करती है ये चिकित्सा होम्योपैथी के पीछे एक बुनियादी धारणा है शरीर की प्राकृतिक सुरक्षा प्रणाली को ट्रिगर करके बीमारियों का उपचार करना। उदाहरण के लिए प्याज के कारण आपकी आंखों में पानी आ जाता है, इसीलिए इसका उपयोग आंखों की एलर्जी के उपचार में किया जा सकता है। होम्योपैथी यह भी मानती है कि खुराक जितनी कम होगी, दवा उतनी ही अधिक शक्तिशाली होगी। कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज वर्षों से इस वैकल्पिक चिकित्सा के माध्यम से करके लाभ प्राप्त किया जाता रहा है। एलर्जी, माइग्रेन, अवसाद, क्रोनिक फेटीग सिंड्रोम, रूमेटाइड आर्थराइटिस, आंत की बीमारी और प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम जैसी समस्याओं में होम्योपैथी के उपयोग को फायदेमंद माना जाता है।

## विंध्याचल में लगा है 9 दिन का मेला

जन एक्सप्रेस । मीरजापुर

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन बुधवार को भी विंध्याचल में सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी रही। पूरा मेला क्षेत्र जोनल व मजिस्ट्रेट की निगरानी में रहा। इसके अलावा मेला क्षेत्र में 29 स्थानों पर बैरियर लगाए गए थे। घाट किनारे से 30 फीट के अंदर ही नाव चलाने की अनुमति दी गई। यही नहीं, सुरक्षा की दृष्टि से एटीएस के साथ ही दो सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहे।

इसके अलावा मेला कंट्रोल रूम भी पूरी तरह सक्रिय रहा। यही नहीं, दिव्यांगजन को भी दर्शन-पूजन करने में आसानी हो इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी। विंध्य दरबार में दर्शन-पूजन करने के बाद श्रद्धालुओं ने नाव पर सैर किया और मां गंगा का आचमन भी किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### हिन्दू महासभा ने मुन्ना त्रिपाठी को बनाया जौनपुर लोकसभा का उम्मीदवार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। अखिल भारतीय हिंदू महासभा, उत्तर प्रदेश द्वारा 73 जौनपुर लोकसभा सीट से वरिष्ठ पत्रकार मंगलेश्वर त्रिपाठी उर्फ मुन्ना त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित किया। 45 वर्षीय त्रिपाठी का 25 वर्ष का राजनैतिक अनुभव है शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस के संस्थापक सदस्य हैं एनसीपी में तालुका अध्यक्ष जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव युवक के रुप में कार्य कर चुके हैं। पार्टी के महाराष्ट्र में प्रदेश महासचिव भी रह चुके हैं और 2011 में कांग्रेस से जुड कर यूपी कांग्रेस में महासचिव जनांदोलन प्रभारी के साथ कांग्रेस ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। मुन्ना त्रिपाठी राजनेता के साथ साथ वरिष्ठ पत्रकार लेखक और स्तंभकार भी है।



### केराकत सीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, दिया दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। केराकत क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बुद्धवार की सुबह सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की शिकायत एवं स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का बोलबाला देखकर सीएमओ ने केंद्र अधीक्षक को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान महिला विंग, प्रसव कक्ष की कई कमियां नजर आई। प्रसूताओ की डिलीवरी स्टाफ नर्स से कराए जाने एवं प्रसूताओं एवं उनके परिजनों के द्वारा प्रसूताओं दिये जाने वाले भोजन को एवं डिलीवरी में पैसे की शिकायत बताए जाने पर उन्होंने अधीक्षक डा अरुण कुमार कनौजिया को जमकर फटकार लगाई। इस अवसर पर अस्पताल के तमाम लोग मौजूद रहे निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अफरा तफरी का माहौल रहा।



### पशुपालकों के बीच पहुंचे पशुपालन विभाग के लोग

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। सुइथाकला। बुधवार को पशुपालन विभाग के लोग संचारी रोग उसके रोकथाम को लेकर क्षेत्र के कोटिया गांव में पहुंचे। सुकरपालकों के बीच पहुंच कर उन लोगों ने उक्त रोग व रोकथाम के उपायों को साझा कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लोगों में कृमि नाशक दवाओं का भी वितरण किया गया। संचारी रोग अभियान के तहत बुधवार को राजकीय पशु चिकित्सालय सुइथाकला प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल के निर्देश पर विभाग के लोग कोटिया गांव पहुंचे। जहां सूकरपालकों को संचारी रोग व उसके रोकथाम के उपायों को साझा करते हुए लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। इस दौरान बाड़े और आस-पास के क्षेत्रों में जल जमाव की रोकथाम, साफ-सफाई व चूने के छिड़काव पर बल देने के साथ ही कृमि नाशक दवा का वितरण किया गया।इस दौरान फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, जितेंद्र चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



### सभासदों ने भाजपा प्रत्याशी को चुनाव न लड़ाने का किया ऐलान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। लोकसभा चुनाव के संग्राम के बीच भारतीय जनता पार्टी को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ रहा हैं वही बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी व निर्दलीय सभासदों ने अपनी ही पार्टी में सम्मान ना मिलने का आरोप लगाते हुए प्रत्याशी को चुनाव न लड़ानें का ऐलान किया है। भारतीय जनता पार्टी के सभासदों का कहना है कि चुनाव की जिम्मेदारी संभाल रहे लोग उनका नाम तक नहीं जानते हैं, इतना ही नहीं लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भी उन्हें नहीं पहचानते हैं। भारतीय जनता पार्टी की सभासद सुनीता सिंह के आवास पर नगर पालिका परिषद पीलीभीत के तमाम सभासद को एकत्रित हुए। जहां सभासदों ने संयुक्त रूप से रणनीति बनाते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में वह लोग दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन चुनाव की जिम्मेदारी संभाल रहे बाहर से आए लोग उन्हें कोई अहमियत नहीं देते, इतना ही नहीं ना तो यह लोग कार्यकर्ताओं का नाम जानते हैं और ना ही लोकसभा के प्रत्याशी जितिन प्रसाद सभासदों को पहचानते हैं। सभासदों का कहना है की हम चुनाव की तैयारी में कोई भाग नहीं लेंगे ऐसे में खुद की अपेक्षा होने का आरोप लगाते हुए तमाम सभासदों ने चुनाव तक किसी प्रकार की कोई बैठक न करने का निर्णय लिया है। सभासदों का कहना है कि वह ना तो कोई बैठक कराएंगे ना ही कोई नुक्कड़ सभा करेंगे।

## चोरों ने प्राचीन काली मन्दिर को बनाया निशाना

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

नगर पंचायत खेतासराय के मुख्य मार्ग पर स्थित बारां मोड़ के पास प्राचीन काली मंदिर को चोरों ने मंगलवार को निशाना बनाते हुए हजारों रुपए का सामान व नकदी पार का दिया। अगले दिन सुबह घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों ने घटना की लिखित सूचना पुलिस दिया जिसमें उल्लेख किया की इसके पूर्व में भी चोरों द्वारा इस मंदिर को दो बार निशाना बनाया जा चुका है। नगर के उक्त स्थल पर प्राचीन काली मंदिर स्थित है जहाँ बुधवार की रात्रि चोरों ने चोरी की घटना अंजाम दे दिया। घटना की जानकारी सुबह होने पर लोग अवाक हो गए। कस्बा निवासी कृष्ण मुरारी मौर्या ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दे दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। बताया जाता है कि उक्त मन्दिर का ताला तोड़कर चोर प्रवेश कर गए। मंदिर में रखा दानपेटी को तोड़कर पैसा उड़ा ले गए। इसके साथ-ही साथ काली माता मंदिर की मूर्ति में पहनाया हुआ पायल और एम्पलीफायर भी चोर उठा ले गए। इस मंदिर में यह कोई पहली बार नहीं बल्कि तीसरी बार चोरों ने अंजाम दिया है। सूचना के बाद मौके पर पहुँच पुलिस मामले की तहकीकात करने में जुटी हुई है।

# शिक्षा के नाम पर अभिभावकों से हो रही ठगी, जिम्मेदार भी मौन

* नए सत्र में निजी विद्यालयों द्वारा खुलेआम संसाधनों के बदले वसूला जा रहा है अधिक धन
* शिक्षा माफियाओं पर नकेल कसने में प्रशासन फेल,बच्चो की पढ़ाई भी हो रही प्रभावित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मछलीशहर क्षेत्र के विभिन्न निजी विद्यालय शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का जम कर शोषण कर रहे है।जहा एक ओर सरकार विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का दावा ठोक रही है,वही दूसरी ओर विकास की धुरी मानी जाने वाली शिक्षा व्यवस्था को ही शिक्षा माफिया ध्वस्त करने पर आमादा है।आश्चर्य तो तब और बढ़ जाता है जब प्रशासन भी इन माफियाओं पर नकेल कसने से कतराती है।

सूत्रों की माने तो मछली शहर के आस - पास ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा माफिया सक्रिय है,जहा बड़ी बड़ी इमारतें बनाकर अभिभावकों को अपने जाल में फसा रहे है। और जब अभिभावक वहा अपने बच्चों के भविष्य के लिए दाखिला करवाता है, तो उसके बाद वह अपने आप को ठगा महसूस करता है।विद्यालय के किताब के नाम पर तो कही टर्म फीस और एग्जाम फीस इत्यादि के नाम पर समय समय पर अभिभावकों से वसूली शुरू हो जाती है।

विस्वस्त सूत्रों की माने तो अभिभावक अपने बच्चे के भविष्य के खातिर इन विद्यालयों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई को मनमाने ढंग से खर्च करने पर मजबूर है। नाम ना छापने की शर्त पर कुछ अभिभावकों ने उपरोक्त बातों को स्वीकार करते हुए बताया कि निजी विद्यालयों के संचालक शिक्षा के नाम पर हमसे ठगी कर रहे है।

उनका यह भी कहना है कि भाजपा सरकार आने के बाद ऐसा लगा था कि इन शिक्षा माफियाओं पर नकेल कसेगी पर आज भी वही ढाख के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। वैसे समाज के लिए शिक्षा एक आवश्यक अंग है पर शिक्षा माफियाओं द्वारा खुले किताब की तरह अभिभावकों का शोषण जग जाहिर होने के बाद भी प्रशासन का आंखे मूंदे होना वाकई आश्चर्यचकित करने वाली बात है।

# श्रीमद्भगवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष आदि कथाओं का वर्णन किया

* श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया।

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



मछलीशहर के चुंगी चौराहे पर माता प्रसाद सिंह सरपंच के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास राजेश भारद्वाज जी महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया।

सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौडकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते है। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसी के साथ कथा का विराम हो गया।

## हफ्तों तैयारी के बाद भी ध्वस्त रही बिजली आपूर्ति व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । मीरजापुर

चैत्र नवरात्र मेला के पहले दिन मंगलवार को बिजली आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त रही। नवरात्र मेला शुरू होने से कुछ घंटे पहले बिजली गुल हो गई तो मंगलवार को दिन में भी कुछ घंटे बिजली गायब रही। इसके चलते दर्शनार्थियों के अलावा व्यवस्था में लगे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। नवरात्र मेला को लेकर महीने भर पहले से तैयारी शुरू हो गई थी। तैयारी के नाम पर विद्युत निगम ने दो से सात अप्रैल तक प्रतिदिन सात से आठ घंटे कटौती की। आठ अप्रैल को भी दिन भर बिजली गुल रही। शाम को बिजली आई जरूर, परंतु आना-जाना लगा रहा। देर रात एक बार फिर बिजली गायब हो गई। कई मार्ग अंधेरे में डूब रहे। इसके चलते मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए कतारबद्ध श्रद्धालुओं के अलावा व्यवस्था में लगे लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# प्रभु श्रीराम पर टिप्पणी करने वाला चिकित्सक गिरफ्तार

* सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर सप्ताह भर पूर्व किया था आपत्तिजनक टिप्पणी।

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




खेतासराय गोलाबाजार निवासी एक चिकित्सक को सोशल मीडिया अकाउंट से भगवान राम के ऊपर अभद्र टिप्पणी करना भारी पड़ गया। जिसको पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर आईटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार खेतासराय निवासी चिकित्सक डॉ. मोहम्मद साजिद पुत्र मोहम्मद राशिद निवासी वार्ड गोला बाजार द्वारा होली की पूर्व संध्या के दिन अपने इस्टाग्राम अकाउंट से भगवान श्रीराम के ऊपर अभद्र टिप्पणी की गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए थाना खेतासराय पुलिस द्वारा चिकित्सक पर आई.टी. एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया की खेतासराय निवासी सुदर्शन की तहरीर पर आरोपी चिकित्सक डॉ. मोहम्मद साजिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया गया।

# भाजपा ने सांसद वी पी सरोज पर दोबारा जताया भरोसा

* बीजेपी ने एक बार फिर से बीपी सरोज पर भरोसा करते हुए मैदान में उतार दिया है।

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



बरसठी भारतीय जनता पार्टी ने मछलीशहर सीट पर एक बार फिर सांसद बीपी सरोज पर भरोसा जताते हुए पुनः टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। बीजेपी का टिकट फाइनल होने के बाद जहां सांसद के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है वही इस सीट पर आधा दर्जन से अधिक दावेदारों और उनके समर्थकों में मायूसी छा गई हैं। बीपी सरोज मूल रूप से मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मादरडीह गांव के मूल निवासी है तथा मुंबई के उद्योगपति है वे अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत बसपा से शुरू किया था, बीपी सरोज 2014 में बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले लोकसभा का चुनाव लड़े थे, जनता ने उन्हें नकारते हुए बीजेपी प्रत्याशी रामचरित निषाद को अपना सांसद चुनी थी । बीपी सरोज 2019 लोकसभा चुनाव के ठीक पहले 22 मार्च 2019 को हाथी की सवारी छोड़कर कमल दल में शामिल हो गए थे। बीजेपी में शामिल होने के मात्र 12 दिन बाद ही रामचरित निषाद का टिकट काटकर बीपी सरोज को पार्टी हाई कमान ने टिकट दे दिया था। काटे की टक्कर में सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी टी राम को मात्र 181 मतों के अंतर से बीपी सरोज जीत दर्ज किया था। बीजेपी ने एक बार फिर से बीपी सरोज पर भरोसा करते हुए मैदान में उतार दिया है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्पाद/ब्रांड्स को सूचीबद्ध करने के लिए सूचना

आवेदन सूचना सं. 01/2024/Shortlisting दिनांक : 09/04/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा लखनऊ मण्डल के खानपान इकाइयों पर बिक्री हेतु प्रसिद्ध/लोकप्रिय खाद्य वस्तुयों के ब्रांडो को सूचीबद्ध करने के लिए प्रसिद्ध उत्पाद/ब्रांड्स PAD आइटम्स, फ्रूट ड्रिंक/जूस इत्यादि के निर्माताओं से निर्धारित प्रपत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

इच्छुक भागीदार विस्तृत जानकारी एवं खाद्य वस्तुओं की सूची तथा आवेदन पत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

सील बंद आवेदन मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के मेन गेट के बगल में सुरक्षा नियंत्रक कक्ष के निकट लगे निविदा बाक्स सं. 05 में दिनांक 10.05.2024 को विलम्बतम 14:00 बजे तक डाले जायेंगे जो उसी दिन 15:00 बजे खोले जायेंगे। निर्धारित बाक्स में आवेदन डालने की जिम्मेदारी आवेदन दाताओं की होगी। 14:00 बजे के बाद प्राप्त आवेदन "विलंभ से" कहे जायेंगे जिस पर आगे विचार नहीं किया जायेगा।

परिवर्तन, संशोधन एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए कृपया उपरोक्त वेबसाइट को देखते रहें।

कृते वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक
उत्तर रेलवे, लखनऊ

1050/24 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बिल्हौर जीटी रोड पर टैक्सी चालक को सवारियां बैठाना पड़ा भारी

- अवैध स्टैंड चालक व टेंपो चालकों ने जमकर की धुनाई
- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो एक को दो गुंडे पीट रहे हैं

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के हर कस्बे में दो तीन दबंग टैक्सी स्टैंड गुंडे जेब में पेन और डायरी लेकर घूमते हैं जो नहीं पैसा देता है उसको गिरा गिरा कर पीटते हैं सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल बुधवार को बिल्हौर कस्बे में डग्गामार वाहन चालकों और अवैध स्टैंड चालकों की दबंगई एक बार फिर सामने आई। जब वाहन चालकों और स्टैंड चालक ने एक बाहरी टैक्सी चालक की सवारी बैठाने पर उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। टेंपो चालकों ने इसी तरह दो माह पूर्व कुछ स्कूली छात्रों के भी डंडों से पिटाई कर दी गई थी बिल्हौर कस्बे में अवैध वाहन स्टैंड चालकों और डग्गामार वाहन चालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। कस्बे में ककवन रोड से लेकर बीआरडी कालेज तक काकन रोड तिराहे से जीजी रोड से लेकर रेलवे फाटक और ऋषिकांत मास्टर साहब के मकान तक लखनऊ इटावा राजमार्ग पर दिन भर जाम की स्थिति पैदा करने वाले डग्गामार वाहन चालकों के अवैध स्टैंड चालकों की सरपरस्ती में हौंसले इतने बुलंद हैं। वह आय दिन किसी न किसी के साथ मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं और स्टैंड चालकों की प्रशासन से सांठगांठ के चलते आसानी से छूट जाते हैं। हमेशा की तरफ आज एक बार फिर टैक्सी लेकर मरम्मत के लिए कानपुर जा रहे गुरसहायगंज के एक चालक को कन्नौज से बिल्हौर के बीच एक दो सवारी बैठालना यहां के टेंपो चालकों को नागवार गुजरा और स्टैंड चालक को फोन कर दिया। टैक्सी के बिल्हौर पहुंचते ही कन्नौज बिल्हौर स्टैंड चालक के भाई ने टेंपो चालकों के साथ मिलकर उसे रोक लिया और लात घुसो उसकी पिटाई शुरू कर दी। जिसे वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पिटाई के दौरान बाहरी चालक बार-बार गलती हो जाने की दुहाई देता रहा और स्थानीय चालक उसे बेरहमी से पीटते रहे।

### दो माह पूर्व छात्रों के साथ की थी मारपीट

इसी टेंपो स्टैंड पर कुछ वाहन चालकों ने लगभग दो माह पूर्व बोर्ड परीक्षाएं देकर लौट रहे कुछ छात्रों द्वारा जाम लगाए टेंपो चालकों से रास्ते से टेंपो हटाने के लिए कहने पर उन लोगों ने डंडे से छात्रों की पिटाई कर दी थी। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आए तत्कालीन कस्बा इंचार्ज कमल सिंह ने कई टेंपो चालकों पकड़ा था और स्टैंड चालक सहित सभी को दोबारा कोई घटना न हो ऐसी हिदायत देते हुए छोड़ दिया था।

### दिन भर लगता है जाम

बस स्टॉप से लेकर बिजली घर तक दो सौ मीटर के दायरे में रोड किनारे फुटपाथ पर बिल्हौर से कन्नौज ,अरौल और बांगरमऊ के एक साथ तीन स्टैंड संचालित होने से दिन भर टेंपो चालकों की फुटपाथ से लेकर रोड तक धमा चौकड़ी मची रहती है जिस कारण लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ती और किसी वाहन चालक के द्वारा कुछ कहने पर सभी टेंपो चालक एकजुट होकर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। वहीं शासन की रोक के बावजूद प्रशासन की सरपरस्ती में धड़ल्ले से अवैध वाहन डिस्टेंस संचालित हो रहे हैं।

# आयकर कटौती अनियमितता पर लेखाधिकारी ने बीईओ को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

वेतन से अग्रिम आयकर की कटौती किए जाने से शिक्षक परेशान हैं। विभाग द्वारा की गई कटौती के विरोध में शिक्षक संगठन ने बीएसए रिद्धी पाण्डेय एवं वित्त एवंलेखाधिकारी आशुतोष त्रिपाठी से मुलाकात की। बीएसए ने उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। जैसे ही उक्त प्रकरण की जानकारी वित्त एवं लेखाधिकारी आशुतोष त्रिपाठी को हुई उन्होंने त्वरित गति से मामले को संज्ञान में लेते हुए सभी विकासखंडों के खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि कई शिक्षक संगठनों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों द्वारा लिखित तथा मौखिक रूप में मार्च माह के वेतन से अनियमित रूप से की गई आयकर की कटौती संबंधी शिकायत की गयी है। उक्त शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है की कुछ शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों का आयकर माह फरवरी 2024 के वेतन के अनुसार ही लगा दिया गया है। आयकर के दायरे में न आने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों का भी आयकर काट दिया गया है। होम लोन एवं अन्य आयकर अधिनियम के अंतर्गत बचत होने के उपरान्त भी आयकर कटौती कर दी गयी है। उक्त के क्रम में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के होमलोन, बचत, 80सी के अन्तर्गत एवं अन्य समस्त अभिलेखों के परीक्षणोपरांत वेतन बिल माह की 25 तारीख तक मानव सम्पदा पर लाक करें। अगर कोई शिक्षक होम लोन से संबंधित दस्तावेज प्रदान करता है और अग्रिम आयकर कटौती पर रोक लगाने हेतु प्रार्थना पत्र सौपता है तो उसकी अग्रिम आयकर कटौती किसी भी हाल में न की जाए। अपने ब्लॉक में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के इनकम टैक्स आयकर अधिनियम के अन्तर्गत अभिलेखों से बचतों इत्यादि का भलीभांति परीक्षण करने के उपरान्त ही माह अप्रैल 2024 का वेतन लाक करना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में किसी त्रुटिपूर्ण आयकर कटौती के लिये सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये वित्त एवं लेखा कार्यालय से सम्पर्क भी किया जा सकता है। वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि अग्रिम आयकर की कटौती कंप्यूटराइज्ड सिस्टम होने से हुई है हालांकि जिन शिक्षकों ने होम लोन या अन्य आयकर अधिनियम के अंतर्गत बचत होने की सूचना बीआरसी स्तर पर दी है फिर भी आयकर कटौती की गई है तो वह गलत है। आयकर के दायरे में न आने वाले शिक्षक एवं कर्मचारी अपने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को साक्ष्य सहित प्रत्यावेदन उपलब्ध करा दें ताकि वे मानव संपदा पोर्टल पर होने वाली अग्रिम आयकर कटौती को रोक सकें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मुख्य सचिव ने हनुमान मंदिर में टेका मत्था

जन एक्सप्रेस/पनकी कानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा बुधवार को कानपुर के पनकी हनुमान मंदिर पहुंचे और उन्होंने पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन कर चरणों में शीश नवाया। मौके पर उपस्थित पनकी मंदिर के महंत श्रीकृष्ण दास ने मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को भगवान श्री हनुमान जी के चित्र को स्मृति स्वरूप भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्य सचिव ने पनकी स्थित नारायण ग्रुप आफ मेडिकल कॉलेज में नए उपकरण मशीन की ओपनिंग की।

### बाबा साहेब की जयन्ती पर मादक पदार्थों की बिक्री रहेगी पूर्णत: बन्द

जन एक्सप्रेस/ कानपुर देहात। उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी, कानपुर देहात नीरेश पालिया ने बताया कि अनुज्ञापन की शर्तों के अन्तर्गत दिनांक 14 अप्रैल 2024 (डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ती) पर मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णत प्रतिबन्धित रहने का प्राविधान है। अत बाबा साहेब की जयंती पर जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर व भांग की फुटकर एवं थोक बिकी किये जाने वाले समस्त अनुज्ञापन पूर्णत बन्द रहेंगें। इस बन्दी के लिये अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। यदि किसी अनुज्ञापी की दुकान खुली एवं बिक्री होते हुये पायी जाती है तो उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व उस अनुज्ञापी का होगा।

### 16, 18 व 19 अप्रैल 2024 को अकबरपुर डिग्री कालेज में होगा कार्मिको का प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस/ कानपुर देहात। जिला निर्वाचन अधिकारी,जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) अमित कुमार द्वारा आगामी दिनांक 16, 18 व 19 अप्रैल 2024 को अकबरपुर डिग्री कालेज में प्रस्तावित कार्मिक प्रशिक्षण हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को लेआउट तैयार कर शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में स्वच्छ पेयजल स्थापित किए जाए एवं विद्युत व्यवस्था भी दुरुस्त की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि डिग्री कालेज में साफ सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला पंचायतराज अधिकारी विकास पटेल, जिला विद्यालय निरीक्षक राम अचल मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पाण्डेय, सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### उच्च श्रेणी का बीज बेचने से पूर्व संबंधित कंपनी से सुसंगत अभिलेख प्राप्त कर लें: जिला कृषि अधिकारी

जन एक्सप्रेस/ औरैया। जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने जनपद के समस्त बीज विक्रेताओं को सूचित किया है कि कृषि अनुभाग-2 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश में बिक्री की जा रही है, रिसर्चध्इंप्रूव्ड प्रजातियों के लिए संबंधित प्रजाति के विकसित ध् उत्पादक फर्मध्संस्था के द्वारा प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयोंध्कृषि बिज्ञान केंन्द्रध्उपकार ध् कृषि विभागध्अन्य भारत सरकार के शोध केन्द्रों के माध्यम से कम से कम 2 वर्ष का ट्रायल ध् डेमो करने के पश्चात संबंधित संस्था की संस्तुति के उपरांत ही प्रदेश में बिक्री हेतु आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने जनपद के समस्त बीज विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि उच्च श्रेणी का बीज बेचने से पूर्व संबंधित कम्पनी से सुसंगत अभिलेख प्राप्त कर लें अन्यथा की दशा में बिना आवश्यक सुसंगत अभिलेखों के रिसर्चध्इंप्रूव्ड प्रजातियों की बिक्री की जाती है तो, बीज (नियंत्रण) आदेश 1983, बीज अधिनियम 1966 के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए संबंधित बीज विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### सभी जनपदवासी मिलजुलकर मनाएं ईद-उल-फितर

जन एक्सप्रेस/ मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जनपदवासियों खासतौर पर मुस्लिम सम्प्रदाय को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद देते हुये सभी की खुशहाली,समृद्धि,अमन-चैन की कामना की है। उन्होने आव्हान करते हुये कहा कि अपने आस-पड़ोस के जरूरतमंद, बेसहारा लोगों की मद्द कर उन्हें भी अपनी खुशी में शामिल करें। उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि मिठास के इस त्यौहार को सभी जनपदवासी अपनी समझदारी का परिचय देते हुए खुशनुमा माहौल में मनाकर जनपद की गौरवमयी परम्परा को कायम रखेंगे।

### पुलिस ने हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

जन एक्सप्रेस/ मथुरा। बरसाना पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुये हाथिया के जंगल में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुये एक तस्कर को अवैध असलाह बने और अधबने तंमचा और कारतूस के अलावा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है ।बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी देहात त्रिगुण विसेन ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से ग्राम हाथिया के जंगल मे कुछ व्यक्ति अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चला रहे है ।इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार और एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर ग्राम हाथिया के जंगल में बम्बा की पटरी के पास खेत में बनी भूसे की बुर्जी में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए निसार पुत्र शेर मौहम्मद निवासी हाथिया थाना बरसाना को 10 अवैध तमन्चा देशी 315 बोर,1 पैनिया 12 बोर,एक तमंचा अर्धनिर्मित कुल 12 अवैध शस्त्र, 10 जिन्दा कारतूस व अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया।

### ऑगनवाडी कार्यत्रियों ने रैली निकाल दिया मतदान करने का संदेश

जन एक्सप्रेस/ मथुरा। बाल विकास पुष्टाहार विभाग गोवर्धन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यत्रियों ने गोवर्धन ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय गोवर्धन में सास बहू सम्मेलन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी को वार्षिकोत्सव एंव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया यहाँ प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया तो वही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जहां स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बना कर वोट का सिम्बल बनाया तथा साथ ही मतदान जागरूकता के पोस्टर भी बनाए।

# मसाला फैक्ट्री में किशोर की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

कस्बा स्थित एक मसाला बनाने वाली फैक्ट्री में काम कर रहे किशोर हेल्पर पर लोहे के पाइप गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव को फैक्ट्री के बाहर रख कर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। करीब तीन घंटे चले हंगामे के बाद मृतक के परिजनों व फैक्ट्री प्रबंधन के बीच आपसी समझौता हो गया। औद्योगिक क्षेत्र रनियां में संचालित मसाला बनाने वाली एक फैक्ट्री में चिटिकपुर रनियां निवासी करीब सत्रह वर्षीय उबैस कादरी बतौर हेल्पर काम करता था। बुधवार की सुबह फैक्ट्री गेट पर एंट्री कराकर वह काम करने के लिए गया था। उसे हाइड्रा से लोहे के पाइप लाकर फैक्ट्री प्लांट में पहुंचने का कार्य दिया गया था। जब वह पाइप लेकर जा रहा था। तभी हाइड्रा का अचानक नियंत्रण बिगड़ जाने से पाइप की रस्सी टूट गई। जिससे उबैस कादरी लोहे की पाइप के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने का आरोप लगाकर शव गेट पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। फैक्ट्री प्रबंधन की सूचना पर सीओ सदर तनु उपाध्याय, रनियां थाना प्रभारी महेंद्र कुमार पटेल कई थानों के फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक की टीम बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। किशोर की मौत पर मां सहाना बेगम, भाई अर्स, बहन सालिया बेगम आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। सूत्रों के अनुसार करीब तीन घंटे चले हंगाम के बाद आपसी बातचीत में फैक्ट्री प्रबंधन व परिजनों के बीच 17 लाख रुपये के मुआवजे को लेकर सहमति बनी। सीओ तनु उपाध्याय ने बताया कि आपसी सहमति के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम ने कॉलेजों में देखी मूलभूत व्यवस्थाए

जन एक्सप्रेस । औरैया

जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को शकुशल, शांतिपूर्ण एवं शुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए तिलक इंटर कालेज औरैया के तीन बूथ एवं गोपाल इंटर कालेज औरैया के पांच बूथों में सभी मूलभूत व्यवस्थाएं देखी और संबंधितों को पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, रैम्प ,फर्नीचर, आवागमन के रास्ते सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण कराने के निर्देश दिए।साथ ही बूथों पर नाम, संख्या, बीएलओ सहित अन्य लेखन कार्य पूर्ण करने के साथ-साथ आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान के समय किसी प्रकार की कोई समस्या मतदाताओं व मतदान कर्मियों को न हो।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । औरैया

जिला मजिस्ट्रेट,जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय मानीटरिंग कमेटी की आयोजित बैठक में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से जनपद के हर वर्ग की अर्हता पूर्ण करने वाले छूटे मतदाताओं को मतदाता बनवाने एवं उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के उद्देश्य से ट्रांसजेंडर की श्रेणी में आने वाले छूटे मतदाताओं को मतदाता के रूप में चिह्नित करते हुए उनको मतदाता बनवाने की कार्यवाही करने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया और कहा कि इसके लिए एन जी ओ आदि का भी सहयोग लें जिससे कोई भी मतदाता बनने से वंचित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि इस कार्य में विलंब न किया जाए ताकि समय से कार्यवाही पूर्ण हो सके और वह मतदाता बन सके। उन्होंने सभी संबंधितों को यह भी निर्देश दिए कि वह अपने-अपने स्तर से बनने वाले नये मतदाताओं को जागरूकध् प्रेरित करें कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग आगामी 13 मई को संपन्न होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को यह बताये कि मतदान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें प्रत्येक मतदाता कि मतदान प्रक्रिया में बराबर की अहमियत है इसमें कोई भेद भाव नहीं होता है। इसलिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0ध्रा0)ध् उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी अजीतमल, औरैया, बिधूना, डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी यादव, अधिशाषी अभियंता लो0 नि0 वि0 अभिषेक यादव, अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

जन एक्सप्रेस । औरैया

बुधवार को औद्योगिक नगरी के फफूद रोड पर एक रेडीमेड व्यापारी के घर में आग लग गई जिससे लाखों का सामान जलकर खाक हो गया सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाडियो़ं ने आकर मोर्चा संभाला तब कई घंटे बाद आज पर काबू पाया गया बताते चलें कि गृह स्वामी व उनके परिवार घर पर मौजूद नहीं था लोगों ने कयास लगाया कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगी जिससे पूरे घर का सामान जलकर राख हो गया वही समाचार लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड की गाडियां आग बुझाने में लगी थी।जानकारी के अनुसार फफूद रोड वैदिक इंटर कॉलेज के निकट लक्स कोजी का थोक व्यापार करने वाले पवन पोरवाल का मकान है जिसमें नीचे गोदाम और दूसरी मंजिल पर रिहायशी मकान है शाम करीब 5 बजे मौसम के करवट लेने पर और यकायक बिजली तडक़ने पर अचानक घर के अंदर से धूआ निकलने लगा तो राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने आकर देखा कि उक्त मकान व गोदाम पूरी तरह से बंद था जिस पर पुलिस ने मकान मालिक को सूचना दी जब तक मकान मालिक घटनास्थल पर पहुंचे तब तक मकान में भयानक आग ने रूप धारण कर लिया था और आग विकराल हो गई तभी एनटीपीसी फायर ब्रिगेड की करीब आधा दर्जन गाडि़यों ने आकर मोर्चा संभाला और छत पर चढक़र व चारों तरफ दीवार को तोडक़र पानी की बौछार की तब तक आग ने विकराल रूप धारण करते हुए पूरे घर में रखा सामान जलाकर राख कर दिया वही बताते चलें कि मकान के बगल से 33000 केवीए की हाई टेंशन लाइन का भी निकास है जिससे लोगों में भय का माहौल बना रहा वहीं समाचार लिखे जाने तक लाखों का सामान जलने का अनुमान है मौके पर मकान मालिक पवन पोरवाल ने बताया कि आग लगने की कोई जानकारी अभी नहीं हुई है पता किया जाएगा कि आज कैसे लगी उन्होंने बताया कि घर पर लाखों रुपए के उपकरण जलकर राख हो गए और वहां थोक व्यापारी होने के कारण अंडरवियर गारमेंट्स का भी सामान जल गया है नुकसान का अनुमान अभी नहीं लगाया गया है लेकिन लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है वही इस मौके पर थानाध्यक्ष मुकेश चौहान एवं अन्य पुलिसकर्मियों के साथ एनटीपीसी के फायर कर्मी मौजूद रहे।

# सुदिती ग्लोबल एकेडमी में वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी के प्रधानाचार्य एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद डा.राम मोहन लोकतंत्र के पर्व मतदान के बारे में नागरिकों में विशेष रूप से जागरूकता उत्पन्न कर रहे हैं। विद्यालय के छात्रों द्वारा भी विभिन्न-विभिन्न प्रकार की कार्ययोजनाएं उनके दिशा निर्देशन में नित्यप्रति कराई जा रही हैं।इसी कड़ी में शहर के विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी,के प्रधानाचार्य डा.राम मोहन के कुशल निर्देशानुसार विद्यालय के छात्र-छात्राओ में मतदान प्रक्रिया के बारे जागरुकता बढ़ाने के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय 'मतदान आवश्यक अनावश्यक रखा गया।वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढक़र प्रतिभाग किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मत की महत्ता के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कभी कभी हम यह सोच लेते हैं कि हमारे मतदान न करने से क्या प्रभाव पड़ेगा। जोकि सर्वथा गलत है। आपका एक मत चुनाव में एक अच्छे उम्मीदवार को विजयी बना सकता है अथवा हरा सकता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की छात्रा साहसी, अंशिका चौहान, अनन्या विमल शर्मा ने प्रतिभाग किया।वहीं पर देश के निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं के प्रतिभाग का महत्व उजागर करते हुये कक्षा 12वीं की छात्रा वैष्णव सक्सैना, विभा, निकुंज ठाकुर, मिलन कुमार ने अपने विचार जोरदार तरीके से व्यक्त करते हुये कहा कि मत के द्वारा ही एक अच्छे शासन, प्रशासन की स्थापना की जाती है और जब देश में सुशासन स्थापित हो जाता है, तो प्रत्येक व्यक्ति अपना जीवन सहज एवं निर्भयतापूर्वक व्यतीत कर सकता है। इस संदर्भ में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। उन्हे भी किसी से भयभीत न होकर निर्भयता पूर्वक अपने मत का प्रयोग करना चाहिये और यह सदैव स्मरण रखना चाहिए कि आधुनिक नारी ही देश के विकास में पूर्ण उत्साह के साथ कार्य कर सकती है।जागरुकता अभियान में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाचार्य डा. राम मोहन ने कहा कि वास्तव में मत की शक्ति एक ऐसा शस्त्र है जो हमें संविधान द्वारा प्रदत्त है जिसका प्रयोग करके हम एक अच्छे व्यक्ति को शासन सत्ता में पहुँचा सकते हैं और देश में शान्ति,खुशहाली का राज्य स्थापित करने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। विद्यालय की प्रशासनिक प्रधानाचार्य डा0 कुसुम मोहन के कुशल निर्देश में उपप्रधानाचार्य जयशंकर तिवारी ने शिक्षक राधारमण तिवारी,डा0 ओमेश जादौन,मंगेश यादव के सहयोग से जागरुकता अभियान की प्रतियोगितायें सम्पन्न करायीं जा रहीं हैं।

# फूड प्वाइजनिंग के बाद प्रशासन ने की ताबड़तोड़ छापेमारी, कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस । मथुरा

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में सहायक आयुक्त (खाद्य) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जनपद में की विभिन्न कार्यवाही। बुधवार को मथुरा में कुट्टू का आटा खाने से हुई फूड पोइजनिंग के दृष्टिगत जनपद में विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्यवाही की गयी, जिसके अन्तर्गत ग्राम बाटी से बन्टू अग्रवाल के यहाँ से कुट्टू का आटा का नमूना लिया गया तथा उसने बताया कि कुट्टू का आटा अजय प्रोवीजन स्टोर, सौंख रोड, मण्डी, मथुरा से खरीदा था। अत~ खाद्य कारोबारकर्ता बन्टू अग्रवाल तथा थोक विक्रेता अजय प्रोवीजन स्टोर, मण्डी समिति मथुरा के विरूद्ध थाना जैत में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।टीम द्वारा मण्डी समिति मथुरा से सोनू उस्फार वाले से पेक्ड कुट्टू का आटा का नमूना लिया गया जिस पर निर्माता कैला मसाले, वृन्दावन अंकित था।

### कुट्टू के आटे से फूड प्वाइजनिंग, इलाज से 15 लोगों की तबीयत हुई सामान्य

जन एक्सप्रेस/मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया तथा कुट्टू के आटे के सेवन से तबियत बिगडने़ वाले मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि फूड पॉइजन से 15 लोगो की तबियत खराब हुई है,सभी का इलाज चल रहा है और सभी की तबीयत में सुधार आया है ।उक्त मरीज सुखदेव नगर, विकास नगर एवं द्वारकेश नगर के निवासी है ।उन्होंने सी.एम.एस जिला अस्पताल मुकुन्द बंसल को निर्देश दिए कि सभी को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

### होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन कर रहा है मतदान के लिए लोगों को जागरूक

जन एक्सप्रेस/मथुरा। देश में चुनावी बिगुल बज चुका है ।18वीं लोकसभा के सदस्यों को चुनने के लिए आम चुनाव होने हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मथुरा जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान तीव्र गति से चल रहा है ।इसी क्रम में मथुरा वृंदावन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय होटल क्रिस्टल इन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद को लेकर की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । औरैया

जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में क्रय एजेन्सियों के जिला प्रबंधक तथा समस्त गेहूँ क्रय केन्द्र प्रभारियों के साथ रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूँ खरीद को सुचारू रूप से संपादित करने एवं क्रय केन्द्रों पर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में कार्यशालाध्समीक्षा बैठक की गयी । जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि गेहूँ खरीद हेतु कुल 64 क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया गया है, जिनमें खाद्य विभाग के 10 क्रय केन्द्र, पी0सी0एफ0 के 39 क्रय केन्द्र, पी0सी0यू0 के 08 क्रय केंद्र, यू0पी0एस0एस0 के 03 क्रय केन्द्र, भारतीय खाद्य निगम के 03 क्रय केन्द्र तथा मण्डी परिषद का 01 क्रय केन्द्र है। उन्होंने क्रय संस्थाओं के समस्त केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि सभी क्रय केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराते हुए गेहूँ खरीद कराना सुनिश्चित करें । गेहूँ खरीद हेतु जनपद का क्रय लक्ष्य 68000 मी.टन निर्धारित किया गया है तथा गेहूँ का समर्थन मूल्य 2275 रू0 प्रति कु0 किया गया है जो गत वर्ष से 150 रू0 प्रति कु0 अधिक है । क्रय केन्द्रों पर किसानों द्वारा उतराई, छनाई, सफाई के मद में दी जाने वाली धनराशि 20 रू0 प्रति कु0 को गेहूँ के मूल्य 2275 रू0 प्रति कु0 के साथ भुगतान किया जाएगा । गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय हेतु किसान खाद्य विभाग के पोर्टल ृबि.नच.हवअ.पद अथवा किसान मित्र ऐप पर पंजीकरण करा सकते हैं। दिनांक 09.04.2024 तक कुल 22 क्रय केन्द्रों पर 106.79 मी.टन गेहूँ क्रय किया गया है तथा कुल 2195 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है । जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा क्रय केन्द्रों पर बैनर, उपकरण, अभिलेखों के रख-रखाव, ऑनलाइन खरीद की प्रक्रिया, ई-पॉप मशीन के संचालन तथा गेहूँ खरीद के संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के मुख्य बिन्दुओं से केन्द्र प्रभारियों को अवगत कराया गया । जिला मजिस्ट्रेट ने सकारात्मक एप्रोच के साथ पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी से गेहूँ खरीद करने, अभिलेखों का रख-रखाव सही रखने तथा कृषकों का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने, क्रय केन्द्रों पर कृषकों के साथ मधुर व्यवहार करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश केन्द्र प्रभारियों को दिए। उन्होंने सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों एवं क्रय एजेन्सी प्रभारियों को सचेत किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कृषकों को परेशान करने एवं बिचौलियों की संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने निर्देशित किया कि गेहूं क्रय से संबंधित साप्ताहिक समीक्षा की जायेगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0ध्रा0)ध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह द्वारा सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को प्रतिदिन केन्द्र पर समय से उपस्थित रहने, कृषकों से संपर्क कर गेहूँ विक्रय हेतु पंजीकरण कराये जाने तथा बिना किसी विलंब के गेहूँ खरीद प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को कृषक पंजीकरण तथा पंजीकरण सत्यापन पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। किसानों की सहायता,शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जिला खाद्य विपणन अधिकारी के कार्यालय में कन्ट्रोल रूम संचालित है। जिसका नम्बरद्05683-249668, मोबाइल नं0 द् 8564098675, 7078640500 है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी अजीतमल रामअवतार, उप जिलाधिकारी बिधूना हरिश्चंद्र, डिप्टी कलेक्टर प्रथम अमित कुमार त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर द्वितीय गरिमा सोनाकिया, मण्डी सचिव, डिप्टी आरएमओ, समस्त क्रय एजेंसी प्रभारी सहित क्रय केंद्र प्रभारी उपस्थित रहें।

## डीएएमईपीएल को नहीं करना होगा 8000 करोड़ रुपये का भुगतान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने डीएमआरसी को बड़ी राहत दी है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को माना कि डीएमआरसी, दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 8000 करोड़ रुपये देने के लिए बाध्य नहीं है और डीएमआरसी की क्यूरेटिव याचिका मंजूर कर ली। दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म की कंपनी है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने अपने साल 2021 के फैसले के खिलाफ डीएमआरसी की क्यूरेटिव याचिका को मंजूरी दे दी है। पीठ ने कहा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का पूर्व का फैसला न्यायपूर्ण नहीं था।




## साई लीला फाउंडेशन द्वारा 170 युवाओं को स्वातंत्र्यवीर सावरकर फिल्म दिखाई गई

**जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा**



**मुंबई।** साई लीला फाउंडेशन की अध्यक्षा रश्मी उपाध्याय द्वारा गोरेगांव पूर्व स्थित मिराज अनुपम में स्वातंत्र्यवीर सावरकर फ़िल्म 170 युवाओं को दिखाई गई। सिनेमा घर मे 170 युवा स्वातंत्र्य वीर सावरकर का मास्क लगाए हुए थे। इस विशेष शो में सावरकर स्मारक के कार्याध्यक्ष रणजीत सावरकर, वरिष्ठ अधिकारी समीर वानखेड़े, पूर्व सहायक पुलिस आयुक्त अविनाश धर्माधिकारी, आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, फ़िल्म में लोकमान्य तिलक की भूमिका निभाने वाले संतोष ओझा उपस्थित थे। आयोजक रश्मी उपाध्याय ने बताया कि उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवाहन के बाद उनकी संस्था ने क्षेत्र के युवाओं को सही इतिहास बताने के लिए यह पहल की थी।




## सिर्फ कांग्रेस बचा सकती है देश में लोकतंत्र: जयराम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दीमापुर**



कांग्रेस ने एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा है। कांग्रेस का कहना है कि हम एकता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो वहीं भाजपा कृत्रिम एकरूपता चाहती है। नागालैंड के दीमापुर स्थित कांग्रेस भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 2024 का चुनाव देश के लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। यह एकता और एकरूपता के लिए बीच की लड़ाई है। कांग्रेस देश की विविधता का जश्न मनाकर एकता को मजबूत करना चाहती है। जयराम रमेश कांग्रेस प्रत्याशी एस सुपोंगमेरेन जमीर के समर्थन में प्रचार करने नागालैंड पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कि जब नागालैंड का गठन हुआ था तब अनुच्छेद 371 (ए) को 1963 में भारत के संविधान में शामिल किया गया था। लेकिन अब विशेष प्रावधान प्रदान करने वाला अनुच्छेद हमले के घेरे में आ सकता है क्योंकि भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा दिया है। राज्य के सभी 60 विधायकों के सरकार में शामिल होने पर रमेश ने आश्चर्य जताया कि क्या यही लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है, जो भाजपा के साथ कभी समझौता नहीं करेगी। कांग्रेस का मानना है कि नागालैंड के समग्र क्षेत्र का विकास होना चाहिए। नागालैंड के लोगों की राजनीतिक आकांक्षाएं पूरी होनी चाहिए। एक दिन पहले नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने मतदाताओं से अपील की थी कि वे सभी मुरी के पक्ष में मतदान करें।

## || नव संवत्सर ||

नव वर्ष की नवल छटा,
सबको मङ्गलमय हो।
सत्य सनातन सदा ही,
तेरी जय हो तेरी जय हो।।
मास चैत्र शुक्ल प्रतिपदा शुभ,
नव संवत्सर भान है।
मिल सब आज सुमङ्गल गावे,
भगवा ही पहचान है।
नव पल्लव गृह सजा,
सुवासित पुष्पों सा संसार है।
खेत-खलिहान सुन्दर लागे,
नदियों की कल-कल धार है।।
नवल धान्य आँगन आच्छादित,
पक्षी का कलरव गान है।
देवी पूजन की शुभ बेला,
देवी की सब संतान है।।
अवध के राजा राम लला को,
अद्भुत सूर्य तिलक होगा।
मन्दिर में प्रभु भक्तों को,
दिव्य-भव्य दर्शन होगा।।
ब्रह्मांड के शाश्वत तत्वों से,
जुड़ा हुआ यह वर्ष।
ग्रहों की चाल आधारित है,
विशिष्टता पर है हर्ष।।
संस्कृति सर्व पुरातन है,
सबका है सम्मान।
राष्ट्र सर्व प्रधान रहा है,
करते मिल सब गान।।
धन्य धरा पर विक्रम संवत,
दो हजार इक्यासी का श्रृंगार है।
एक दूजे को बधाई देते,
हिन्दू का यह प्यार है।।
जीवन से मिटे अंधियारा,
खुशियाँ अपरम्पार मिले।
कल्याण विश्व का करें महारानी,
सफलता का संसार मिले।
शुभ मनोकामना शीघ्र पूरे हो,
कहते बारम्बार है।
सदा बढ़े शुचि जीवनपथ पर,
राजीव की यही पुकार है।।



राजीव नन्दन मिश्र
( युवा कवि व लेखक )




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)